आज का मौसम
33.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.53
सूर्यास्त 06.39

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष दशमी 01:17 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2083

रविवार, 12 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 9, पृष्ठ 14+4 ▪ मूल्य 6 रुपये




भाजपा यूसीसी लागू करेगी, बंगाल में बंगालियों को अल्पसंख्यक नहीं बनने देगी : मोदी - 12



डीजल पर 55.5 और एटीएफ पर 42 रुपये प्रति लीटर निर्यात शुल्क - 12



भारत-अमेरिका परमाणु ऊर्जा और एलपीजी निर्यात में सहयोग बढ़ाएंगे - 13




आयुष शेट्टी बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के फाइनल में - 14

# वार्ता से शांति की तलाश

## इस्लामाबाद में दो घंटे तक चली पहले दौर की बैठक | दूसरे दौर की वार्ता आज, अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस
## ईरान ने कहा- लेबनान पर हमले तुरंत बंद किए जाएं | ईरानी संसद के अध्यक्ष गालिबफ हैं मुख्य वार्ताकार

- **अमेरिका-ईरान के अधिकारियों ने आमने-सामने बातचीत की व्हाउट हाउस ने पुष्टि की**
- **लेबनान और इजराइल के बीच मंगलवार से प्रत्यक्ष वार्ता शुरू होगी : लेबनानी राष्ट्रपति**

**इस्लामाबाद, एजेंसी**





**इस्लामाबाद :** शांति वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री शहबाज ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर गालिबफ से बात करते हुए। **दांए :** पाकिस्तान पहुंचे अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस।

इस्लामाबाद में ईरान-अमेरिका के बीच जारी संघर्षविराम वार्ता का पहला राउंड दो घंटे तक चला। इस दौरान ईरान ने लेबनान पर तुरंत इजराइली हमले रोकने की मांग की है। इस बैठक में एक्सपर्ट्स ने सुरक्षा, राजनीति, सेना, अर्थव्यवस्था और कानून से जुड़े मुद्दों पर बात की। अमेरिका की तरफ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, जबकि ईरान की तरफ से संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने नेतृत्व किया। दोनों देशों के बीच अब दूसरे दौर की वार्ता रविवार को होगी।

47 साल पहले यानी 1979 में ईरान की इस्लामिक क्रांति के बाद ये पहली बार था जब दोनों देश के नेताओं ने इतने बड़े स्तर पर आमने-सामने बातचीत की। इससे पहले ईरान ने कहा था कि अगर इस्लामाबाद में चल रही बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंची, तो सिर्फ इजराइल को दोष नहीं दिया जा सकता। इजराइल और अमेरिका के फैसले जुड़े हैं, इसलिए वार्ता फेल होने पर जिम्मेदारी अमेरिका पर भी होगी।

इस वार्ता का उद्देश्य पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए एक स्थायी शांति समझौते पर पहुंचना है। इस युद्ध ने वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति को पंगु बना दिया है और व्यापक पैमाने पर आर्थिक व्यवधान पैदा किए हैं। पाकिस्तान की मध्यस्थता में यह शांति वार्ता ईरान और अमेरिका द्वारा दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा किए जाने के चार दिन बाद हो रही है। हालांकि, लेबनान पर इजराइल के बड़े पैमाने पर हमलों में 300 से अधिक लोग मारे गये हैं। तेहरान ने दावा किया कि हमले ने युद्धविराम समझौते की शर्तों का उल्लंघन किया है, वहीं अमेरिका और इजराइल ने कहा कि लेबनान इस समझौते का हिस्सा नहीं था। शनिवार तड़के इस्लामाबाद पहुंचने के बाद, गालिबफ ने कहा, हमारे मन में सद्भावना तो है, लेकिन अमेरिकियों पर हमें भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिकी पक्ष वास्तविक समझौते के लिए तैयार है, तो वह तेहरान की तत्परता को देखेगा। ईरान ने वार्ता के लिए 10 सूत्री योजना रखी है। व्हाइट हाउस ने पुष्टि की है कि अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और अन्य अमेरिकी अधिकारियों ने इस्लामाबाद में ईरान के डेलिगेशन से आमने-सामने मुलाकात की है। वहीं, लेबनानी राष्ट्रपति जोसेफ औन ने कहा है कि उनके देश की इजराइल के साथ प्रत्यक्ष वार्ता मंगलवार से शुरू होगी।

### प्लेन में बच्चों की तस्वीरें रखकर पहुंचे गालिबाफ



**तेहरान।** गालिबाफ ने इस्लामाबाद पहुंचने के बाद एक्स पर एक फोटो शेयर की। इसमें विमान की सीटों पर चार बच्चों की तस्वीरें रखी हैं, जिनके साथ उनके खून से सने स्कूल बैग और जूते रखे हैं और फूल भी रखा है। ईरानी शहर मिनाब में जंग के पहले ही दिन 28 फरवरी को एक प्राइमरी स्कूल पर हमला हुआ था, जिसमें 168 लोगों की मौत हुई थी। इनमें बच्चे और स्कूल का स्टाफ भी शामिल था।

### अमेरिका ने होर्मुज को खोलना शुरू किया : ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि ईरान की सेना तबाह हो चुकी है और अमेरिका होर्मुज को खोलना शुरू कर रहा है। हम अब चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, फ्रांस, जर्मनी और कई अन्य देशों समेत दुनियाभर के देशों के हित में होर्मुज को खोलने की प्रक्रिया शुरू कर रहे हैं। हैरानी की बात है कि उनमें यह काम खुद करने का साहस नहीं है।

# थारू समाज के मुकदमे होंगे वापस मिट्टी में मिलेगा माफिया : योगी

- **मुख्यमंत्री ने लखीमपुर खीरी में दो बड़ी जनसभाओं में कई अहम घोषणाएं कीं**

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी**



पलिया के चंदनचौकी में परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करते मुख्यमंत्री योगी। साथ में मौजूद प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल, विधायक रोमी साहनी व अन्य जनप्रतिनिधिगण।

**अमृत विचार:** सीएम योगी ने शनिवार को लखीमपुर खीरी में राजनीतिक विरोधियों पर तीखा हमला बोलते हुए बड़ा एलान किया कि थारू समाज के लोगों पर दर्ज सभी मुकदमे वापस लिए जाएंगे। योगी ने फिर चेताया कि माफिया बनने का प्रयास करने वाले मिट्टी में मिलने की तैयारी भी कर लें। सरकार किसी माफिया को पनपने, गरीबों का हक छीनने व नौजवानों की नौकरी पर डकैती नहीं डालने देगी।

मुख्यमंत्री ने चंदन चौकी (पलिया) में आयोजित कार्यक्रम में नदियों द्वारा भूमि क्षरण से प्रभावित पूर्वी उप्र के 2350 परिवारों व थारू जनजाति के 4356 परिवारों को भौमिक अधिकार पट्टों का आवंटन व पलिया, श्रीनगर, निघासन व गोला गोकर्णनाथ विधानसभा क्षेत्रों की 817 करोड़ की 314 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद बोल रहे थे। योगी कहा कि हर जिले में माफिया पालने वाली पेशेवर अपराधियों की सरकार महाराणा प्रताप व महाराणा सांगा के वंशजों पर अत्याचार और झूठे मुकदमे दर्ज करती थी। संघर्ष करने वाले थारू समाज के जिन लोगों पर सपा सरकार ने मुकदमे दर्ज किए थे, हमारी सरकार उन सारे मुकदमों को वापस लेगी। अब कोई अत्याचार नहीं कर पाएगा, क्योंकि डबल इंजन सरकार साथ खड़ी है और आपके संघर्ष को सम्मान दे रही है।

### रविंद्र नाथ ठाकुर के नाम से जाना जाएगा मियांपुर

सीएम योगी ने कहा कि पापी पाकिस्तान ने पहले भारत का विभाजन किया, फिर पाकिस्तान भी टुकड़े हुए। पाकिस्तान अभी और टुकड़ों में बंटने वाला है। पाकिस्तान के पाप की सजा वहां रह रहे हिंदू, सिख, बौद्ध, पारसी लोगों को मिली है। क्योंकि वहां किसी और जाति के लिए कोई जगह नहीं है। कहा कि कांग्रेस का पाप देखा। आपका अधिकार लिया और वोट लेते रहे। आपकी पहचान छिपाने के लिए गांव का नाम भी मियांपुर रख दिया। एक भी मियां, नाम मियांपुर। अब ये मियांपुर नाम नहीं रहेगा। गांव का नाम रविंद्र नगर होगा। गुरुदेव रविंद्र नाथ ठाकुर के नाम पर यह गांव जाना जाएगा।

### लखीमपुर खीरी का वास्तविक नाम था लक्ष्मीपुर

सीएम ने कहा कि लखीमपुर खीरी का वास्तविक नाम लक्ष्मीपुर था। पिछली सरकारों ने हर जिले में माफिया-गुंडे पैदा किए, लेकिन नया उत्तर प्रदेश दंगा, माफिया, कर्फ्यू मुक्त है। यहां की पहचान अब दुधवा नेशनल पार्क, पलिया एयरपोर्ट, चंदन चौकी, बाबा गोला गोकर्णनाथ, श्रीनगर में स्थापित मेडिकल कॉलेज से है।


अमृत विचार
लोक दर्पण
दिल्ली की धरती पर उतरी अयोध्या

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, दिल्ली की धरती पर उतरी अयोध्या व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

**ब्रीफ न्यूज**

### राष्ट्रीय राजमार्गों पर अब केवल डिजिटल माध्यम से ही टोल संग्रह होगा

**नई दिल्ली।** देशभर के राष्ट्रीय राजमार्ग टोल प्लाजा पर शनिवार से सभी शुल्क भुगतान विशेष रूप से फास्टैग या यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) जैसे डिजिटल माध्यमों से ही लिए जा रहे हैं। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। यह कदम टोल संग्रह में दक्षता और पारदर्शिता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बयान में कहा गया कि तमिलनाडु, केरल, असम और पश्चिम बंगाल के साथ ही केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में यह बदलाव अभी लागू नहीं किया गया है।

# प्रौद्योगिकी अब सिर्फ प्रशासनिक सुविधा नहीं, संवैधानिक साधन है : सीजेआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **न्यायिक प्रक्रिया के पुनर्गठन और डिजिटल परिवर्तन विषय पर आयोजित सम्मेलन को सीजेआई ने किया संबोधित**

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि प्रौद्योगिकी अब केवल एक प्रशासनिक सुविधा नहीं रह गई है, बल्कि यह एक संवैधानिक साधन बन गई है। यह एक ऐसा उपकरण है जो कानून के समक्ष समानता को मजबूत करता है, न्याय तक पहुंच का विस्तार करता है और न्यायपालिका को प्रक्रियात्मक रूढ़ियों से ऊपर उठने की अनुमति देता है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने न्यायिक प्रक्रिया के पुनर्गठन और डिजिटल परिवर्तन विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी न्याय प्रणाली के मूल में एक सरल लेकिन स्थायी वादा निहित है कि प्रत्येक व्यक्ति, चाहे उसके पास कितने भी साधन या परिस्थितियां हों, निष्पक्ष, समय पर और प्रभावी तरीके से न्याय प्राप्त करने में सक्षम होना चाहिए।

सीजेआई ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और जितिन प्रसाद की उपस्थिति में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों, न्यायिक अधिकारियों, उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों और जिला न्यायाधीशों को संबोधित करते हुए कहा कि न्याय प्रणाली में सुधार का माप इस बात से किया जाता है कि नागरिक, वकील और अन्य हितधारक इससे कितना सार्थक रूप से लाभान्वित हो सकेंगे। उन्होंने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक न्यायालय एक एकीकृत डिजिटल न्यायालय के रूप में कार्य करे, जो न केवल 'हाइब्रिड' सुनवाई सुविधाओं से लैस हो, बल्कि पूरी तरह से कागजी कार्रवाई रहित न्यायालय के रूप में भी कार्य करने में सक्षम हो। प्रौद्योगिकी एक संवैधानिक साधन बन गई है।

सीजेआई ने कहा कि उनके पास स्वाभाविक रूप से डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण है, एक ऐसा भविष्य जहां न्याय केवल एक ऐसी जगह पर नहीं मिले जहां कोई जाता है, बल्कि एक ऐसी सेवा हो जो निर्बाध, पारदर्शी और प्रत्येक व्यक्ति के लिए उपलब्ध हो। उन्होंने कहा, मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि अब यह केवल दूर के भविष्य की आकांक्षा नहीं है बल्कि इस पर काम पहले से ही हो रहा है।

### केवल पूंजी या नीति से 10,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था नहीं बन सकता भारत

**नई दिल्ली।** सीजेआई सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि देश केवल पूंजी या नीति के जरिये से 10,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था नहीं बन सकता है, बल्कि इसमें कानूनी प्रणाली की गुणवत्ता एक महत्वपूर्ण कारक होगी। उन्होंने विकसित होती अर्थव्यवस्था की मांगों को पूरा करने के लिए कानूनी ढांचे में आमूलचूल बदलाव का आह्वान करते हुए यह बात कही। सीजेआई ने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए वाणिज्यिक कानून में पूर्वानुमान, विशेषज्ञता और सद्भावना की संस्कृति की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए ऐसी पूंजी की आवश्यकता होगी, जिसमें दीर्घकालिक प्रतिबद्धताएं शामिल हों और जिसके लिए निवेशक का विश्वास अनिवार्य है।

# संघर्ष विराम के बीच जग विक्रम ने पार किया होर्मुज

- **नार्वे के जहाज को शुक्रवार को लौटाया था वापस, यहां से निकलने वाला यह नौवां भारतीय जहाज**

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के अस्थायी संघर्ष विराम के बाद 'जग विक्रम' नामक भारतीय ध्वज वाले एलपीजी जहाज ने होर्मुज पार कर लिया है।

अस्थायी संघर्ष विराम की घोषणा के बाद इस मार्ग से गुजरने वाला यह पहला भारतीय जहाज है। जहाज शुक्रवार रात से शनिवार सुबह के बीच इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से गुजरा और शनिवार दोपहर को पूर्व की ओर बढ़ते हुए, जलडमरूमध्य के पूर्व में ओमान की खाड़ी में स्थित था। मार्च की शुरुआत से अब तक यह फारस की खाड़ी से बाहर निकलने वाला नौवां भारतीय जहाज है, जबकि लगभग 15 भारतीय ध्वज वाले जहाज अभी भी क्षेत्र में रुके हुए हैं और आगे बढ़ने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

यह मध्यम आकार का गैस वाहक जहाज 26,000 टन से अधिक वहन क्षमता रखता है और इसमें करीब 20,000 टन एलपीजी होने का अनुमान है। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के समय होर्मुज क्षेत्र में कम से कम 28 भारतीय जहाज मौजूद थे, जिनमें 24 पश्चिमी हिस्से में और चार पूर्वी हिस्से में थे।

# चलती कार में लगी आग से जिंदा जलीं कम्युनिटी हेल्थ अफसर की पत्नी

**संवाददाता, उसहैत (बदायूं)**

- **लखीमपुर से लौटते समय उसहैत क्षेत्र के गांव रौते में कार में लगी आग से पति भी झुलसा**



**अमृत विचार :** चलती कार अचानक आग का गोला बनने से उसमें सवार कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर की पत्नी जिंदा जल गईं जबकि वह भी गंभीर रूप से झुलस गये। महिला का तीन दिन पहले लखीमपुर में पित्ताशय में पथरी का ऑपरेशन हुआ था। पत्नी को अस्पताल से छुट्टी कराकर वह दोनों कार से घर लौट रहे थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पति को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं।

थाना उसहैत क्षेत्र के वार्ड छह निवासी अर्पित भारद्वाज विकास क्षेत्र कादरचौक में कम्युनिटी हेल्थ अफसर हैं। तीन दिन पहले उनकी पत्नी प्रिया (25) का जिला लखीमपुर के पलिया स्थित अस्पताल में पित्ताशय की थैली में पथरी का ऑपरेशन हुआ था। वह दोनों शुक्रवार को कार से वापस घर लौट रहे थे। ऑपरेशन की वजह से प्रिया बैठ नहीं पा रहीं थी तो वह कार की पीछे की सीट पर लेट गईं। अर्पित कार चला रहे थे। रात लगभग दो बजे उसहैत क्षेत्र के गांव रौता के पास चलती कार के इंजन में अचानक आग लग गई।

# मॉर्निंग वॉक के लिए निकले अधिवक्ता की दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या

- **शनिवार सुबह बाइक सवार बदमाश ने दिनदहाड़े मारी गोली**

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर के कटरा क्षेत्र शनिवार को मॉर्निंग वॉक पर निकले एक अधिवक्ता की बाइक सवार बदमाश ने दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। हत्या का कारण चुनावी रंजिश बताया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक अर्पणा कौशिक ने बताया कि विंध्याचल थाना क्षेत्र के देवरी गांव निवासी राजीव उर्फ रिंकू सिंह ग्राम प्रधान पति थे। उनकी पत्नी वर्तमान में ग्राम प्रधान हैं। वह कटरा थाना क्षेत्र के सद्भावना नगर में मकान बनाकर रहते थे और सिविल कोर्ट में वकालत करते थे। शनिवार सुबह सात बजे दो हमलावरों ने रिंकू सिंह को नजदीक से गोली मार दी। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# शिक्षक भर्ती घोटाला : बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी व अन्य के ठिकानों पर छापे

**ईडी ने की कार्रवाई**

**नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी**

ईडी ने शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ नए सिरे से शनिवार को छापे मारे। अधिकारियों के अनुसार, जिन स्थानों पर तलाशी ली गई उनमें कोलकाता स्थित चटर्जी का आवास और इस मामले में जेल में बंद कथित बिचौलिए प्रसन्ना कुमार रॉय का घर शामिल हैं।

तृणमूल कांग्रेस से निलंबित नेता चटर्जी 2011 में पार्टी के सत्ता में आने से पहले उसके महासचिव और प्रमुख रणनीतिकार रह चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई पश्चिम बंगाल केंद्रीय विद्यालय सेवा आयोग द्वारा कक्षा नौ से 12 तक के सहायक शिक्षकों की भर्ती से जुड़े कथित घोटाले में पूछताछ के लिए चटर्जी के तीन बार उपस्थित नहीं होने के बाद की गई। ईडी ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले के सिलसिले में जुलाई 2022 में चटर्जी को गिरफ्तार किया था।

### दिल्ली की रियल एस्टेट कंपनी के खिलाफ छापेमारी की, छह करोड़ नकदी बरामद

**नई दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली में स्थित एक रियल एस्टेट कंपनी के खिलाफ छापेमारी के दौरान 6.3 करोड़ रुपये नकद और 7.5 करोड़ रुपये के आभूषण जब्त किए हैं। यह कंपनी घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी के आरोपों का सामना कर रही है और वर्तमान में दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शुक्रवार को की गई, जिसमें कंपनी 'अर्थ इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड' (ईआईएल) के पूर्व निदेशकों, प्रवर्तकों और उनसे जुड़े संस्थानों के दिल्ली और गुरुग्राम स्थित 10 परिसरों पर छापे मारे गए। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, कंपनी जून 2018 से कॉरपोरेट दिवालिया समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है।

**उपलब्धि**

50 वर्षों बाद चंद्रमा तक पहली मानव उड़ान, 11.17 लाख किमी का सफर तय किया, अब चांद पर उतरने की तैयारी में नासा

# आर्टेमिस-2' मिशन : चंद्रमा का चक्कर लगाकर लौटे 4 एस्ट्रोनॉट

- **नासा के भारतीय मूल के सहायक प्रशासक अमित क्षत्रिय ने कहा- चंद्रमा तक जाने का रास्ता खुल गया**

**वाशिंगटन, एजेंसी**





अंतरिक्ष यात्री विक्टर ग्लोवर और क्रिस्टीना कोच सैन डिएगो एवं नासा का ओरियन अंतरिक्ष यान।

तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह के बीच नासा के 'आर्टेमिस-2' मिशन के चार अंतरिक्ष यात्री ऐतिहासिक चंद्र यात्रा पूरी करने के बाद प्रशांत महासागर में सुरक्षित उतर गए। यह 50 वर्षों से अधिक समय बाद चंद्रमा तक पहली मानव उड़ान है।

नासा के भारतीय मूल के सहायक प्रशासक अमित क्षत्रिय ने सैन डिएगो तट के पास शुक्रवार को (पूर्वी समयानुसार 8:07 बजे) पृथ्वी पर वापसी के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, चंद्रमा तक जाने का रास्ता खुल गया है, लेकिन आगे का काम पीछे किए गए काम से कहीं अधिक बड़ा है। इस मिशन में शामिल कमांडर रीड वाइसमैन, पायलट विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और कनाडा के जेरेमी हैनसेन ने दिसंबर 1972 में हुए अपोलो 17 मिशन के बाद पहली बार चंद्रमा की यात्रा की। उड़ान निदेशक रिक हेनफ्लिंग ने कहा कि आर्टेमिस-2 के अंतरिक्ष यात्री खुश और स्वस्थ हैं तथा ह्यूस्टन लौटने के लिए तैयार हैं। आर्टेमिस-2 पहला मानवयुक्त मिशन था जिसमें नासा के अंतरिक्ष प्रक्षेपण प्रणाली रॉकेट और ओरियन क्रू मॉड्यूल का उपयोग किया गया, जिससे यह साबित हुआ कि एजेंसी का उपकरण अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा से बाहर भेजकर सुरक्षित वापस ला सकता है। अमित क्षत्रिय ने कहा, उड़ान निदेशक जेफ रेडिगन ने बताया था कि चंद्रमा तक ढाई लाख मील की दूरी तय करने के बाद लक्ष्य साधने के लिए हमारे पास एक डिग्री से भी कम का कोण था और टीम ने इसे सटीकता से हासिल किया। यह किस्मत नहीं, बल्कि एक हजार लोगों की मेहनत का नतीजा है।

### पूर्ण सूर्यग्रहण का भी अवलोकन किया गया

यह चारों अंतरिक्ष यात्रियों के लिए शानदार यात्रा रही, जिसमें चंद्रमा के उस हिस्से को भी देखा गया जिसे पहले कभी मानव ने नहीं देखा था। इसके साथ ही पूर्ण सूर्यग्रहण का भी अवलोकन किया गया। प्रशांत महासागर में उतरने के बाद ओरियन कैप्सूल खुलते ही टीम ने राहत की सांस ली। हेनफ्लिंग ने कहा कि जैसे ही कैप्सूल खुला, उनकी टीम ने राहत की सांस ली। उन्होंने कहा, हमने नियंत्रण कक्ष टीम से बात की और परिवारों की ओर हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया। यह शानदार दिन था। हेनफ्लिंग ने बताया कि पृथ्वी के वायुमंडल में पुन: प्रवेश के दौरान टीम को थोड़ी चिंता थी, लेकिन अपने प्रशिक्षण पर पूरा भरोसा था।

न्यूज ब्रीफ

## वालीबॉल मैच में चले लाठी-डंडे तीन घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव रम्पुरा बुजुर्ग निवासी आवेज खां थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इसमें बताया कि गांव में वालीबॉल का मैच चल रहा था। इस दौरान उनके पक्ष और दूसरे पक्ष के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई थी। आरोप है कि इसी रंजिश को लेकर शाम के समय गांव के ही मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद रहीम, मोहम्मद ईसुब और मोहम्मद फरीद ने सुलेमान को घेर लिया। शोर-शराबा सुनकर जब सुजावत खां और शावेज खां बचाव के लिए पहुंचे, तो आरोपियों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में सुलेमान के सिर पर गंभीर चोट आई है, जबकि शावेज का हाथ चोटिल हो गया। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। थानाध्यक्ष पंकज पंत ने बताया कि तहरीर के आधार पर चारों व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## युवती को ले जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** बिलासपुर थाना क्षेत्र के गांव आकिलपुर निवासी मोहम्मद आरिफ द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें बताया कि बीती सात अप्रैल की रात करीब एक बजे गांव का ही फिरोज खां उसकी 18 वर्षीय बहन आसिका को शादी का झांसा देकर भगा ले गया। आरोप है कि इस साजिश में फिरोज के भाई सावेज, परवेज, फैसल और उसकी बहन व बहनोई साजिद निवासी नरसुआ, बरेली भी शामिल हैं। साथ ही युवक और युवती घर से कीमती आभूषण और बीस हजार रुपये की नकदी भी चोरी कर अपने साथ ले गए हैं। काफी खोजबीन के बाद भी जब दोनों का सुराग नहीं लगा, तो स्वजन ने थाने में गुहार लगाई। थानाध्यक्ष पंकज पंत ने बताया कि तहरीर के आधार पर सभी छह व्यक्तियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। छानबीन की जा रही है तथा जल्द युवक और युवती को बरामद कर लिया जाएगा।

## बंद घर का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**मिलक, अमृत विचार :** शुक्रवार की रात में बंद घर का ताला और दरवाजा तोड़कर चोर घर में रखी नकदी चोरी कर फरार हो गए। रौरा खुर्द निकट ड्रीम सिटी निवासी दुर्गा प्रसाद बीती रात अपना घर बंद कर ताला लगाकर गांव परिवार सहित चले गए। चोरों ने रात्रि में घर का ताला और दरवाजा तोड़कर 20 हजार रुपये और चांदी की अंगूठी चोरी करके ले गए। सुबह वापस आने पर जब दुर्गा प्रसाद ने ताले टूटे देखे तो उसके होश उड़ गए।

# कम उम्र में बढ़ रहा पार्किंसंस का खतरा

- डोपामिन की कमी से प्रभावित होता शरीर का मूवमेंट, दैनिक जीवन पर पड़ता है असर
- हर माह जिला अस्पताल पहुंच रहे मरीज, डॉक्टर बोले, समय पर बीमारी की पहचान जरूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आमतौर पर वृद्धावस्था में होने वाली पार्किंसंस बीमारी की चपेट में अब कम उम्र के लोग भी आ रहे हैं। जिले में ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ रही है। जिला अस्पताल के मनकक्ष में हर महीने दो से तीन नए मरीज इस बीमारी के पहुंच रहे हैं, जबकि शहर के निजी अस्पतालों में भी न्यूरोलॉजिस्ट के पास भी ऐसे कई मामले पहुंच रहे हैं।

पार्किंसंस बीमारी शरीर में डोपामिन नाम के केमिकल की कमी के कारण होती है। यह दिमाग के उस हिस्से को प्रभावित करती है, जो शरीर के मूवमेंट को नियंत्रित करता है। डोपामिन की कमी होने पर शरीर की गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं, हाथ कांपने लगते हैं और बोलने या लिखने में कठिनाई होने लगती है। चिकित्सकों के अनुसार यह बीमारी पहले 55-60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में अधिक देखी जाती थी, लेकिन अब युवाओं में भी इसके मामले सामने आ रहे हैं।

**इसलिए भी होती है यह समस्या**
- आनुवंशिक कारण
- पर्यावरणीय कारण
- सिर में चोट
- जीवनशैली और तनाव
- धूम्रपान और शराब का अधिक सेवन

कुमार डायग्नोस्टिक के मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव शेखर ने बताया कि इस बीमारी को दवाओं और थेरेपी के जरिये नियंत्रित किया जा सकता है, लेकिन इसके लिए शुरुआती लक्षणों की समय पर पहचान बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि हाथ या उंगलियों में कंपन, चलने में धीमापन, संतुलन बिगड़ना, चेहरे के भाव कम होना और बोलने या लिखने में बदलाव इसके प्रमुख लक्षण हैं। हाल ही में एक शिक्षक को पढ़ाने और बोलने में परेशानी होने लगी, जांच में पार्किंसंस की पुष्टि हुई। वहीं एक महिला में बीमारी को शुरुआत में अवसाद समझा गया, लेकिन बाद में उसे भी यही बीमारी निकली। यह जानलेवा नहीं है, लेकिन धीरे-धीरे बढ़ती है और मरीज के दैनिक जीवन को काफी प्रभावित करती है।

### सरकार की 'रिलीफ' योजना से भाड़ा, बीमा और भुगतान जोखिम में मिलेगा सहारा

# मिडिल ईस्ट संकट के बीच निर्यातकों को बड़ी राहत

- मुरादाबाद के निर्यातकों को डीजीएफटी की ओर से लागू योजना का मिलेगा लाभ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव और खाड़ी क्षेत्र के समुद्री मार्गों में अस्थिरता का असर मुरादाबाद के निर्यातकों पर भी पड़ रहा था। बढ़ते भाड़े, बीमा प्रीमियम और भुगतान जोखिम से जूझ रहे हस्तशिल्प कारोबारियों को अब केंद्र सरकार की रिलीफ योजना से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की ओर से लागू की गई योजना से मुरादाबाद के कई सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) निर्यातकों को सीधा लाभ मिलेगा। पीतल व अन्य हस्तशिल्प उत्पादों के निर्यात से जुड़े व्यापारियों के लिए यह कदम खास तौर पर राहत भरा माना जा रहा है।

**100 प्रतिशत जोखिम कवर, 95 प्रतिशत बीमा कवर**

14 फरवरी से 15 मार्च 2026 के बीच भेजे गए माल पर निर्यात ऋण गारंटी निगम (ईसीजीसी) द्वारा पूरा जोखिम कवर दिया जाएगा। 16 मार्च से 15 जून 2026 तक के निर्यात पर 95 प्रतिशत तक सुरक्षा मिलेगी, जिससे नए निर्यात आदेश सुरक्षित रहेंगे।

### बढ़ती लागत से परेशान थे निर्यातक

खाड़ी क्षेत्र में तनाव के चलते जहाजों के मार्ग बदलने पड़े, जिससे माल ढुलाई का खर्च अचानक बढ़ गया। इसके साथ ही युद्ध जोखिम प्रीमियम और अन्य अतिरिक्त शुल्कों में भी वृद्धि हुई। ट्रांसशिपमेंट केंद्रों पर भीड़ बढ़ने से माल भेजने में देरी और लागत दोनों बढ़ीं, जिससे मुरादाबाद के निर्यातकों की परेशानी बढ़ गई थी।रिलीफ योजना के तहत निर्यातकों को तीन तरह से सहायता दी जा रही है।

### एमएसएमई को सीधी राहत

योजना के तहत लागत, बीमा और भाड़े में बढ़ोतरी का 50 प्रतिशत तक भुगतान, खरीदार द्वारा कीमत घटाने पर अंतर का 50 प्रतिशत तक मुआवजा, प्रति निर्यातक अधिकतम 50 लाख रुपये तक की सहायता और हस्तशिल्प कारोबार को सहारा मिलेगा।

> मुरादाबाद का हस्तशिल्प उद्योग खाड़ी देशों पर काफी हद तक निर्भर है। ऐसे में यह योजना निर्यात आदेश रद्द होने से बचाएगी और व्यापार की गति बनाए रखने में मदद करेगी। वर्तमान परिस्थितियों में यह योजना निर्यातकों के लिए संजीवनी साबित होगी। बढ़ती लागत और भुगतान की अनिश्चितता के बीच यह सहयोग व्यापार को स्थिर बनाए रखने में मदद करेगा।
>
> **जेपी सिंह, चेयरमैन,** यंग एंटरप्रेन्योर्स सोसाइटी

# जनप्रतिनिधियों से संवादहीनता पर समिति नाराज

### विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति के सभापति ने अधीक्षण अभियंता आवास विकास के जवाब से संतुष्ट न होने पर लखनऊ तलब किया

- समिति ने मुरादाबाद और रामपुर के अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में की समीक्षा बैठक
- विकास कार्यों की योजना तैयार करने में जनप्रतिनिधियों से करें समन्वय, उनके प्रस्ताव भी करें शामिल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


सर्किट हाउस में मुरादाबाद और रामपुर के अधिकारियों के साथ बैठक करते विधान परिषद की समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति ने सर्किट हाउस सभागार में शनिवार को समीक्षा बैठक की। इसमें मुरादाबाद और रामपुर जिले के अधिकारियों के साथ समिति के निर्धारित विषयों पर समीक्षा की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारियों की संवादहीनता पर नाराजगी जताते हुए कार्यशैली में सुधार के लिए चेताया।

सर्किट हाउस सभागार में विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति के सभापति अश्विनी त्यागी, सदस्य मानवेंद्र सिंह, पवन कुमार सिंह और विशेष आमंत्रित सदस्य एमएलसी भूपेंद्र सिंह चौधरी, गोपाल अंजान, डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त की उपस्थिति में बैठक हुई। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के स्थान पर सचिव के आने पर सभापति अश्विनी त्यागी ने कारण पूछा। इस पर सचिव ने बताया कि प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एक दिन पहले लखनऊ में आयोजित शासकीय बैठक के लिए गए थे और वर्तमान में वह अवकाश पर हैं। वहीं अधीक्षण अभियंता आवास विकास महेंद्र कुमार से सभापति ने जिले के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद करने और उनके मोबाइल नंबर होने के बारे में पूछा, अधीक्षण अभियंता की जानकारी से सभापति संतुष्ट नहीं हुए और उन्हें लखनऊ तलब किया।

समिति के सभापति ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के स्तर से विभागों को भेजे जाने वाले पत्रों के सापेक्ष की गई कार्यवाही और जन प्रतिनिधियों के पत्रों को सूचीबद्ध करने में तैयार पंजिका की जानकारी ली। कहा परियोजनाओं के शिलान्यास और लगाए जाने वाले शिलापट्टों को तैयार करने में शासनादेश का पालन गंभीरता से करें।

विकास कार्यों से संबंधित कार्य योजना तैयार करने में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर उनसे प्रस्ताव लेकर कार्य योजना में शामिल कराएं। उच्च शिक्षा से संबंधित अधिकारियों से जानकारी के दौरान निर्देश दिया कि प्रबंधन समितियों के द्वारा शासनादेश का पालन गंभीरता से नहीं हो रहा है इसलिए प्रबंधन समितियों के मनमाने रवैये पर रोक लगे।

मुरादाबाद और रामपुर के जिला पंचायत राज अधिकारियों से सभापति ने अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण एवं भौतिक स्थिति की जानकारी ली। मुरादाबाद और रामपुर के डीएफओ से तेंदुए के हमले से घायल लोगों का उपचार और मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता की जानकारी ली। दोनों जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों से 70 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड जारी करने की जानकारी ली।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, जिलाधिकारी मुरादाबाद अनुज सिंह, जिलाधिकारी रामपुर अजय कुमार द्विवेदी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, पुलिस अधीक्षक रामपुर सोमेंद्र मीणा, समिति के अनुसचिव अरुण प्रकाश शर्मा, समीक्षा अधिकारी मयंक यादव, प्रतिवेदक आशीष सिंह, एआरओ अभिनव तिवारी मौजूद रहे।

### कराएं सुरक्षा का अहसास, अपराधियों के खिलाफ की जाए कठोर कार्रवाई

पुलिस विभाग की समीक्षा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने समिति को बताया कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था की बेहतरी के लिए बीते एक वर्ष में 19 पुलिस चौकियां स्थापित की गई हैं। समिति के सभापति और सदस्यों ने कहा कि हर व्यक्ति, महिला और बेटियों में सुरक्षा की भावना मजबूत हो, अपराधी प्रवृत्ति के लोगों पर कठोर कार्रवाई करें।

### हर तीन महीने में हो जिला विद्युत समिति की बैठक

समिति के सभापति ने अधीक्षण अभियंता विद्युत प्रशांत कुमार से जनप्रतिनिधियों के स्तर से प्राप्त प्रस्तावों के सापेक्ष कराए गए कार्यों की प्रगति पूछी। कहा कि बिजनेस प्लान तैयार करने के दौरान जनप्रतिनिधियों से भी संवाद और समन्वय करें। उनके प्रस्तावों को गंभीरता पूर्वक बिजनेस प्लान में शामिल करें। जिला विद्युत समिति का गठन और बैठक के बारे में अधीक्षण अभियंता ने बताया कि करीब 9 माह पहले बैठक हुई थी। इस पर सभापति ने कहा कि शासनादेश के अनुसार तीन माह में जिला विद्युत समिति की बैठक होनी चाहिए। नियमित तौर पर जिला विद्युत समिति की बैठक कराएं। अगली बैठक कराकर रिपोर्ट लखनऊ भेजने का निर्देश दिया।

## अभ्युदय योजना में निःशुल्क कोचिंग को आवेदन आमंत्रित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित अभ्युदय योजना के अंतर्गत सिविल सर्विसेज (आईएएस/पीसीएस), आईआईटी-जेईई, नीट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रतिभाशाली एवं इच्छुक विद्यार्थियों को निशुल्क कोचिंग प्रदान की जाती है। इच्छुक अभ्यर्थी 15 मई तक आवेदन कर सकते हैं।

जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुरी जैन ने शनिवार को बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए इन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रवेश प्रक्रिया ऑफलाइन माध्यम से संचालित की जा रही है। इच्छुक छात्र-छात्राएं निर्धारित समय पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी सुबह 10:00 बजे से शाम पांच बजे तक अभ्युदय कक्ष संख्या-58 से प्रवेश फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। फॉर्म में दी गई सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अभ्यर्थी अंतिम तिथि 15 मई शाम पांच बजे तक आवेदन जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी आवेदन पत्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## मूक-बधिर प्रेमी युगल के बयान में मदद करेंगे स्पेशल एजुकेटर

- प्रेम प्रसंग में दोनों हो गए थे फरार, उड़ीसा से पकड़ कर लाई मुगलपुरा पुलिस
- मुगलपुरा पुलिस की मांग पर बीएसए ने महिला-पुरुष स्पेशल एजूकेटर नियुक्त किए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** थाना मुगलपुरा क्षेत्र से संबंधित एक मामले में मूक-बधिर प्रेमी युगल का बयान दर्ज कराने के लिए पुलिस ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से स्पेशल एजूकेटर की मांग की गई थी। इस पर बीएसए ने एक महिला और एक पुरुष स्पेशल एजूकेटर की नियुक्ति की है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने शनिवार को बताया कि थाना मुगलपुरा में दर्ज प्रकरण में पीड़िता सबा निवासी मुगलपुरा मूक-बधिर है। इसके अतिरिक्त मामले से संबंधित एक अन्य व्यक्ति भी मूक-बधिर बताया गया है। दोनों मूकबधिर प्रेम प्रसंग के चलते फरार हो गए थे। मुगलपुरा पुलिस ने दोनों को उड़ीसा से पकड़ा है। इस मामले में थाना मुगलपुरा के निरीक्षक ने 10 अप्रैल को मूक-बधिर पीड़िता के बयान दर्ज कराने के लिए एक पुरुष एवं एक महिला स्पेशल एजूकेटर की मांग की गई थी, जिससे सांकेतिक भाषा के माध्यम से सही तरीके से बयान दर्ज कराए जा सकें।उन्होंने बताया कि इस संबंध में स्पेशल एजूकेटर प्रकाश चन्द पटेल तथा कल्पना (एचआई. विकास क्षेत्र कुंदरकी) को थाना मुगलपुरा एवं थाना पाकबड़ा पुलिस से समन्वय स्थापित कर पीड़िता के बयान दर्ज कराने के भेजा गया है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टेंपो में मारी टक्कर, महिला की मौत

- शुक्रवार देर रात मुरादाबाद जिले के भगतपुरा थाना क्षेत्र की घटना

टांडा संवाददाता


हादसे के बाद रोते परिजन। ● अमृत विचार


हादसे के बाद मौके पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुरादाबाद जिले के भगतपुर थाना क्षेत्र के मलहूपुरा के पास शुक्रवार देर रात एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने सवारियों से भरे टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी, हादसे में 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई। जबकि परिवार के पांच सदस्य और ऑटो चालक घायल हो गए। परिवार एक शादी समारोह से खुशियां मनाकर लौट रहा था, लेकिन इस हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया।

टांडा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लम्बापुरी सूरजपुर निवासी उस्मान का परिवार शुक्रवार शाम एक शादी समारोह में शामिल होने मुरादाबाद जिले के दौलपुरी थाना भगतपुर गया था, जहां शनिवार को शादी होनी थी। देर रात वापसी के दौरान, जैसे ही उनका ऑटो भगतपुर रोड पर मलहूपुरा के नजदीक पहुंचा, तब एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए।

हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा ले जाया गया।

जहां डॉक्टरों ने बिलकीस 55 वर्षीय पत्नी उस्मान को मृत घोषित कर दिया। वहीं आयशा, रिहाना पुत्री उस्मान, मरजीना पत्नी मुबश्शर अली, बिलकीस की भांजी मुनीफा और ऑटो चालक अब्दुल करीम को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से घर भेज दिया। बिलकीस की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक महिला अपने पीछे तीन बेटियां और चार बेटे छोड़ गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के लिए परिजनों से बात की, लेकिन परिवार वाले बिना किसी कार्रवाई के शव को अपने साथ ले गए।

## तेंदुए ने किया चार वर्षीय बच्चे पर हमला, ग्रामीणों में दहशत

- ठाकुरद्वारा के दरियापुर में वन विभाग की लापरवाही पर उठे सवाल


तेंदुए के हमले में घायल मासूम हर्ष सैनी।

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव दरियापुर में तेंदुए का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। तेंदुए की दस्तक अब सीधे मासूमों की जान पर बन आई है, शनिवार शाम बच्चे पर तेंदुए ने हमला बोल कर घायल कर दिया।

लेकिन जिम्मेदार वन विभाग गहरी नींद में नजर आ रहा है। शनिवार शाम करीब 5.30 बजे गांव में खेल रहे चार वर्षीय मासूम हर्ष सैनी पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने किसी तरह साहस दिखाते हुए तेंदुए को खदेड़ा, तब जाकर मासूम की जान बच सकी। गंभीर रूप से घायल हर्ष को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। लोग अपने बच्चों को घरों से बाहर भेजने में डर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ पिछले कई दिनों से क्षेत्र में घूम रहा है और इसकी सूचना कई बार वन विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। जिला पंचायत सदस्य रोहिताश सैनी ने वन विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

आयोजन

### टीएमयू के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में 250 रिसर्च पेपर्स व पोस्टर्स प्रस्तुत किए गए

# डायोड लेजर तकनीक से आधुनिक दंत चिकित्सा में आई क्रांति

- यूजी श्रेणी में टीएमयू की योगेशवरी और वृंदा अग्रवाल का पोस्टर अव्वल
- पीजी में डॉ. मेघना का पोस्टर प्रथम, पेपर प्रजेंटेशन में डॉ. हर्षित सेठी फर्स्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


टीएमयू के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से आयोजित कांफ्रेंस में बोलते विशेषज्ञ।

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से इमर्जिंग ट्रेंड्स इन कंटेम्परेरी डेंटिस्ट्री पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित किया गया। समापन अवसर पर बाबा कीनाराम ऑटोनोमस स्टेट मेडिकल कॉलेज, चंदौली के दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. पीयूष शिवहरे ने कहा कि डायोड लेजर तकनीक ने आधुनिक दंत चिकित्सा में क्रांति ला दी है। इससे अधिक सटीक, दर्द रहित और प्रभावी उपचार संभव है।

उन्होंने बताया कि लेजर-लाइट एम्प्लीफिकेशन बाय स्टिमुलेटेड एमिशन ऑफ रेडिएशन एक ऐसा उपकरण है, जिसके उपयोग से ऑपरेशन के आसपास के क्षेत्रों को न्यूनतम क्षति पहुंचाते हुए कोमल और कठोर ऊतकों को काटने, आकार देने या हटाने का कार्य आसान हो जाता है। सिंहगढ़ डेंटल कॉलेज से डॉ. विनीत विनय ने एंटरप्रेन्योरशिप इन डेंटिस्ट्री एंड एआई डिडेक्शन ऑफ ओरल कैंसर पर बताया कि तकनीकी प्रगति को बाज़ार तक पहुंचाने में उद्यमियों की अहम भूमिका है। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से डिपार्टमेंट ऑफ ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी के प्रो. प्रद्युम्न वर्मा ने कोन बीम 3डी इमेजिंग तकनीक की जानकारी दी।

पैनल चर्चा में डॉ. शलभ मेहरोत्रा ,डॉ. स्वतंत्र अग्रवाल, डॉ. सत्यजीत नायक, डॉ. सुनीता गुप्ता, डॉ. विनीता निखिल, डॉ. के. वी. अरुण कुमार, डॉ. जॉनसन और डॉ. पुनीत बत्रा ने कहा कि बायोमटेरियल्स, रीजनरेटिव डेंटिस्ट्री और डिजिटल इमेजिंग जैसे क्षेत्रों में उनके कार्यों से दांतों के रंग के अनुरूप रेस्टोरेशन, स्टेम सेल थेरेपी और बेहतर निदान उपकरण खोजें संभव हुई हैं।

कॉन्फ्रेंस में कुल 250 रिसर्च पेपर्स एंड पोस्टर्स प्रेजेंट किए गए। यूजी श्रेणी में टीएमयू की योगेशवरी और वृंदा अग्रवाल का पोस्टर अव्वल,जबकि पीजी में डॉ. मेघना का पोस्टर प्रथम, रिसर्च पेपर प्रेजेंटेशन में डॉ. हर्षित सेठी फर्स्ट आए। इस दौरान टीएमयू डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के प्रिंसिपल प्रो. प्रदीप तांगड़े, वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन, सुभारती डेंटल कॉलेज एवम् रिसर्च सेंटर, मेरठ से कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री और एंडोडोंटिक्स विभाग से विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता निखिल सहित अन्य विशेषज्ञ मौजूद रहे।

## प्रेम-प्रसंग में चले धारदार हथियार

- प्रेमी-प्रेमिका घायल, दोनों पक्षों के कई लोगों के खिलाफ रिपोर्ट


गांव में मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

**ढकिया (रामपुर), अमृत विचार:** प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमी व प्रेमिका के परिजनों ने एक दूसरे पर जानलेवा हमला करने का लगाया आरोप। पुलिस ने दोनों पक्ष के आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव में दो बिरादरी के लोगों के बीच तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए पुलिस बल तैनात। पुलिस ने छः लोगों को लिया हिरासत में।

ढकिया क्षेत्र के ओसी गांव में एक युवती व दूसरी बिरादरी के युवक का काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लोगों ने बताया कि युवती का परिजनों द्वारा संभल जिले के एक गांव में रिश्ता तय कर दिया गया। शुक्रवार शाम को युवक ने युवती के साथ छेड़छाड़ की और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसके ऊपर हमला किया। जबकि युवक पक्ष के लोगों का आरोप है कि लड़की पक्ष के लोगों ने शनिवार सुबह उनके घर में घुसकर युवक पर जानलेवा हमला करते हुए उसे घायल कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्ष के चार-चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शाहबाद कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार के अनुसार लड़की पक्ष की ओर से गांव के ही विशाल, विनीत, सतीश और राकेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जबकि लड़के की मां की तहरीर पर गांव के ही श्यामबाबू, आशोक, सोमपाल और मुन्नालाल के खिलाफ रिपोर्ट की गई है।

### गांव में तनावपूर्ण माहौल, पुलिस बल तैनात

गांव में दो बिरादरी के लोगों के बीच तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। सीओ देवकीनंदन का कहना है कि दोनों पक्ष के आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार किया जाएगा। घायल विशाल नामक युवक को शाहबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर देख डाक्टर ने उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। प्रेमी प्रेमिका का घर गांव में आमने सामने होने के कारण स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। जिसके कारण गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## शहर में आज

- सबरीमाला मंदिर मामले को लेकर आर्य समाज स्टेशन रोड पर गोष्ठी सुबह 7 :30 बजे
- लालबाग स्थित काली मंदिर में साधु-महात्माओं के लिए भंडारा सुबह 8 :00 बजे
- होम्योपैथी के तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर ओंकारेश्वर मंदिर नया मुरादाबाद में सुबह 10 :00 बजे
- विश्व हिंदू परिषद बजरंग द्वारा भगवा यात्रा एसकेएस इंटर कॉलेज बुध बाजार से दोपहर 3 :00 बजे

## न्यूज ब्रीफ

### घरेलू विवाद में महिला ने खाया जहर अस्पताल में भर्ती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गलशहीद थाना क्षेत्र के असालतपुरा मोहल्ला निवासी महिला ने घरेलू विवाद के चलते जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। असालतपुरा निवासी महक का शुक्रवार की देर रात पति ओबामा से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी से नाराज होकर महक ने कमरा बंद करके जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। जानकारी पर परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। सूचना मिलने पर महिला के मायके पक्ष के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जिला अस्पताल में चोरी करते युवक को पीटा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला अस्पताल की दूसरी मंजिल पर बने वार्ड में देर रात एक युवक तीमारदारों के सामान की चोरी कर रहा था। इसी दौरान कर्मचारियों को उस पर शक हुआ और उसे पकड़ लिया। आरोप है कि पकड़े जाने के बाद युवक जान से मारने की धमकी दे रहा था। इससे गुस्साए कर्मचारियों और तीमारदारों ने जमकर पिटाई कर दी, जिससे अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी।

# बाइक खड़ी करने को लेकर फायरिंग में 3 गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मामूली कहा सुनी के बाद आरोपियों ने की थी फायरिंग

**अमृत विचार :** थाना मझोला क्षेत्र के एकता कॉलोनी में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां बाइक खड़ी करने को लेकर हुए झगड़े में मारपीट और फायरिंग की गई। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से तमंचा बरामद किया। तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

मझोला कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने शनिवार को बताया कि पुलिस ने जानलेवा हमला करने के आरोप में सुनील दिवाकर, शंकर दिवाकर और राधेश्याम दिवाकर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से तीनों आरोपियों को जिला कारागार भेजा गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया अभियुक्त शंकर की निशानदेही पर तमंचा और खोखा कारतूस बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने बाइक खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में मारपीट और फायरिंग करने की बात स्वीकार की है।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि नौ अप्रैल की रात करीब 9:00 बजे सरगम मेडिकल स्टोर के पास एकता कॉलोनी में दो पक्षों में बाइक खड़ी करने को लेकर कहासुनी हो गई। आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे गौरव समेत अन्य लोग घायल हो गए। हमलावरों ने पीड़ित को जान से मारने की नीयत से तमंचा से फायरिंग की थी।

## राजस्व विभाग की टीम ने दिनभर की नपत, सोमवार तक आएगी रिपोर्ट

# प्राचीन काली माता मंदिर की जमीन की पैमाइश पूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- साधु-महात्माओं के लिए मंदिर परिसर में आज आयोजित होगा भंडारा

**अमृत विचार :** लालबाग स्थित प्राचीन काली माता मंदिर में शनिवार को राजस्व विभाग की टीम ने जमीन की पैमाइश की। राजस्व निरीक्षक ब्रह्मपाल सिंह के नेतृत्व में पहुंची टीम में लेखपाल देशराज, जितेंद्र और राकेश चौहान शामिल रहे। टीम ने सुबह से लेकर दोपहर तक मंदिर परिसर और उससे संबंधित भूमि की पैमाइश की। पैमाइश की रिपोर्ट सोमवार तक आने की संभावना जताई जा रही है।

राजस्व निरीक्षक ब्रह्मपाल सिंह ने बताया कि यह पैमाइश जूना अखाड़े के अभिलेखों में दर्ज भूमि के आधार पर कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि अभिलेखों में मंदिर की जितनी जमीन दर्ज है, वास्तविक स्थिति में उतनी भूमि मौजूद है या नहीं, इसकी पुष्टि के लिए यह कार्रवाई की गई है। पूरी पैमाइश की रिपोर्ट तैयार कर सोमवार तक अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर दी जाएगी। इस कार्रवाई को मंदिर की भूमि संबंधी स्थिति स्पष्ट करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। इससे भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद या भ्रम की स्थिति को दूर करने में मदद मिलेगी।



काली माता मंदिर पर पैमाइश करती राजस्व विभाग की टीम। ● अमृत विचार

वहीं, मंदिर से जुड़े धार्मिक कार्यक्रम भी जारी हैं। महंत महाकाल गिरि ने बताया कि रविवार को मंदिर परिसर में साधु-महात्माओं के लिए भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जूना अखाड़ा के प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि भी मौजूद रहेंगे।

### पैमाइश के दौरान महिलाओं ने किया विरोध

राजस्व विभाग की टीम जब मंदिर परिसर के बाहर पैमाइश के लिए पहुंची तो आसपास की कुछ महिलाओं ने इसका विरोध किया। दरअसल, मंदिर के बाहर स्थानीय लोगों की प्रसाद, फूल और श्रृंगार सामग्री की दुकानें लगी हुई हैं। महिलाओं को आशंका थी कि पैमाइश के चलते उनके रोजगार पर असर पड़ सकता है। टीम लौटकर दोबारा मंदिर परिसर में पैमाइश के लिए आ गई।

# गर्म हवा ने दिन भर लोगों को किया बेदम

## चटख धूप से चढ़ा तापमान, गर्मी के चलते सूखे हलक, कोल्ड ड्रिंक, जूस का सेवन कर पाई राहत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आगामी कुछ दिनों में अधिकतम तापमान बढ़कर 35-36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान
- मौसम विभाग ने जताया रात का भी बढ़ेगा तापमान, डॉक्टर बोले, बच्चों की सेहत का रखें ख्याल

**अमृत विचार :** मौसम का तेवर हर दिन बदल रहा है। सुबह ठंडी हवा चली तो दिन में चटख धूप ने लोगों को बेदम किया। सूरज की तपिश से गर्म हवा ने लोगों के हलक सुखा दिए। राहत के लिए लोग छांव की तलाश करते रहे। वहीं कोल्ड ड्रिंक्स, जूस आदि का सेवन लोगों ने किया।

इस सप्ताह की शुरुआत में हुई आंधी और बारिश से जहां लोगों को नुकसान हुआ वहीं गेहूं की फसल को भी आंशिक क्षति पहुंची। मौसम ने शनिवार को फिर तेवर दिखाया। सुबह हल्की ठंडी हवा चली तो दिन चढ़ने के साथ सूरज की तपिश बढ़ती गई। दोपहर में तेज धूप के साथ चल रही गर्म हवा ने लोगों को बेदम किया। ऐसा लगा कि मानो लू चल रही है। दोपहर में लोग छांव की तलाश करते रहे। अधिकतम तापमान 32.3 और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता 45 प्रतिशत रही।

दोपहर में चौराहों व सार्वजनिक जगहों के आसपास नारियल पानी, गन्ने के जूस का लोगों ने सेवन किया। वहीं सिविल लाइंस में लगे एक दुकान पर लोगों ने पुदीना मिले पना का सेवन कर खुद को तरोताजा किया। खरबूज, ककड़ी आदि की खरीदारी भी हुई। बच्चों ने कोल्ड ड्रिंक्स व आइसक्रीम का लुत्फ लिया। आगामी कुछ दिनों में अधिकतम तापमान बढ़कर



गर्मी से बेहाल महिला। ● अमृत विचार

35-36 डिग्री सेल्सियस पहुंचने का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है। रात का तापमान भी बढ़ेगा।

वहीं बालरोग विशेषज्ञ डॉ. रवि गंगल ने बताया कि तापमान के असंतुलन से बच्चों पर विशेष असर पड़ रहा है। वह वायरल बुखार, सर्दी, जुकाम, छींक, पेट में दर्द से पीड़ित हो रहे हैं। अभिभावकों को अपने छोटे बच्चों को सावधानी से रखने के लिए कहा है। सुबह शाम ठंडी चीजों से परहेज कराएं। कोल्ड ड्रिंक्स व आइसक्रीम से दूर रखें। सामान्य व शुद्ध पानी पिलाएं।

### लू से बचाव के लिए सफेद पेंट से रंगे गए रूफ टॉप



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अल नीनो प्रभाव से इस बार पूर्वी व पश्चिमी उत्तर प्रदेश व उत्तरी तराई क्षेत्रों में सामान्य से अधिक गर्मी पड़ेगी। साथ ही अप्रैल-मई में ही लू चलने की मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए जिले में हीट एक्शन प्लान के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में लू व भीषण गर्मी से बचाने के लिए सरकारी भवनों के रूफ टाप को सफेद रंग से पेंट किया जा रहा है, जिससे तपिश से राहत मिल सके। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिलाधिकारी अनुज सिंह ने जिले में विभागों और आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों को आपसी समन्वय से भीषण गर्मी और लू से बचाव के लिए सभी जरूरी उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में सिटी हीट एक्शन प्लान के अनुसार सरकारी भवनों के रुफ टाप को सफेद पेंट कराया जा रहा है। इससे भीषण गर्मी में सूरज की तपिश व लू के समय राहत मिले। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय के निर्देशन में जिला आपदा विशेषज्ञ प्रदीप सिंह सभी विभागों से कार्यों का समन्वय कर रहे हैं।

# मेडिकल स्टोर की आड़ में चल रहा अस्पताल सील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई बेअसर, सील के बाद फिर खुल रहे क्लीनिक

**अमृत विचार :** जिले में अवैध अस्पतालों का जाल लगातार फैल रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ढिलाई के चलते इन पर की जा रही कार्रवाई भी प्रभावी साबित नहीं हो पा रही है। हालात यह हैं कि छापेमारी के दौरान सील किए गए कई अवैध अस्पताल महज कुछ घंटों बाद ही दोबारा संचालित होने लगते हैं।

मूंढापांडे क्षेत्र में शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. प्रदीप दिवाकर ने नियामतपुर इकरोटिया गांव में निरीक्षण किया। इस दौरान मेडिकल स्टोर की आड़ में संचालित एक अवैध अस्पताल का खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि अस्पताल का संचालन डॉ. उस्मान के नाम से फर्जी तरीके से किया जा रहा था। उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए अस्पताल को सील कर दिया। बताया कि इस संबंध में पहले भी शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसके आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। प्रकरण की रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह को भेज दी गई है, जिससे आगे की कार्रवाई की जा सके। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में कई स्थानों पर बिना पंजीकरण के अस्पताल संचालित हो रहे हैं, जहां झोलाछाप डॉक्टर मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से नियमित निगरानी और सख्त कार्रवाई की मांग की है, जिससे इस तरह की अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# डीआरएम ने रोजा रेलखंड पर की विंडो ट्रेलिंग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- निरीक्षण के दौरान शाहजहांपुर और बरेली स्टेशन पर कार्यों की प्रगति देखी

**अमृत विचार:** मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव ने शनिवार को मुरादाबाद-रोजा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत शाहजहांपुर स्टेशन पर पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा की। साथ ही बरेली स्टेशन पर प्लेटफॉर्म, पॉवर केबिन स्टेशन यार्ड का को देखा और स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को परखा।

मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव ने मुरादाबाद-रोजा रेल खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान रेल संरक्षा, परिचालन व्यवस्था एवं यात्री सुविधाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। उन्होंने शाहजहांपुर-बंथरा रेल खंड स्थित समपार फाटक संख्या 325-सी का गहन निरीक्षण करते हुए संरक्षा मानकों की समीक्षा कर निर्देश दिया। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा लेकर मंडल रेल प्रबंधक ने कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर विशेष बल दिया। कहा सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र पूरा करें। इसके बाद बरेली रेलवे स्टेशन पर पॉवर केबिन, प्लेटफॉर्म एवं स्टेशन यार्ड का निरीक्षण किया। स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं को भी परखा। निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) पारितोष गौतम, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रास्ट्रक्चर) प्रेमशंकर झा, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (सामान्य) चेतन तनेजा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक सिद्धार्थ, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) जन्मेजय उपाध्याय सहित अन्य रेल अधिकारी मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग के कर्मचारी को जान से मारने की धमकी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कार्यालय में तैनात कर्मचारी को फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायत पर कटघर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कार्यालय में कनिष्ठ सहायक के पद पर तैनात मनीष त्रिपाठी ने शनिवार को कटघर थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि अमरोहा जनपद निवासी निखिल नाम का व्यक्ति पिछले कुछ दिनों से मोबाइल फोन पर कॉल कर जान से मारने की धमकी दे रहा है।

पीड़ित का आरोप है कि लगातार मिल रही धमकियों से वह भयभीत और असुरक्षित महसूस कर रहा है और सरकारी कार्य ढंग से नहीं कर पा रहा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# उत्साह, उमंग और ऊर्जा से सराबोर दिखे एमआईटिएन्स

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



एमआईटी में आयोजित उत्कर्ष कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र।



उत्कर्ष कार्यक्रम में गणेश वंदना प्रस्तुत करती छात्राएं। ● अमृत विचार

- एमआईटी के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक रंग, सम्मान और उपलब्धियों का भव्य उत्सव

**अमृत विचार :** एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में शनिवार को आयोजित वार्षिकोत्सव 'उत्कर्ष-2026' ने पूरे परिसर को उत्साह, उमंग और युवा ऊर्जा से सराबोर कर दिया। दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुए इस आयोजन में जहां एक ओर संस्थान की शैक्षणिक व खेल उपलब्धियों का गौरवपूर्ण उल्लेख हुआ, वहीं दूसरी ओर छात्र-छात्राओं की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। यह आयोजन छात्रों की मेहनत, प्रतिभा और रचनात्मकता का जीवंत उत्सव बनकर उभरा।

संस्थान के निदेशक डॉ. रोहित गर्ग ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बीते वर्ष की उपलब्धियों को साझा किया। उन्होंने बताया कि संस्थान ने उच्चतम प्लेसमेंट, विश्वविद्यालय स्तर पर शीर्ष स्थान और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हासिल किया है। उन्होंने छात्रों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चेयरमैन वाईपी गुप्ता ने कहा कि 'उत्कर्ष' केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि पूरे वर्ष की मेहनत और समर्पण का उत्सव है। उन्होंने आश्वासन दिया कि संस्थान छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है, साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को भी सहायता प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम में विभिन्न पाठ्यक्रमों के टॉपर्स को मंच पर सम्मानित किया गया। उन्हें पुरस्कार स्वरूप धनराशि के चेक प्रदान किए गए, जिससे छात्रों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुनीश छाबड़ा और उनकी टीम ने किया। इस मौके पर संस्थान के प्रबंधन परिवार केराहुल गुप्ता, शोभित गुप्ता, प्रखर अग्रवाल, मल्लिका अग्रवाल, फार्मेसी विभाग के निदेशक डॉ. सुधांशु रंजन स्वाइन, रजिस्ट्रार डॉ. एके सिंह, उत्कर्ष कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अनिमेश अग्रवाल, डीन एकेडेमिक्स डॉ. क्षितिज सिंघल, एमआईटी वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्य मंजुला कंबोज आदि रहीं।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समा

कार्यक्रम लोकनृत्य, संगीत, म्यूजिकल बैंड और समूह नृत्य की प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्साह से भर दिया। युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था और दर्शक भी तालियों व हूटिंग के साथ कार्यक्रम का आनंद लेते रहे।

**एसआईआर** | जिले में 2,48,116 मतदाताओं की संख्या घटी, चकराए सियासी सूरमा

# विधानसभा चुनाव में बदलेगा राजनीतिक समीकरण

विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद 2027 में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक समीकरण बदलना तय है। मतदाताओं की कम हुई संख्या का असर कई राजनीतिक दिग्गजों के भाग्य का फैसला बदलेगा। एसआईआर की प्रक्रिया में 2,48,116 मतदाताओं की संख्या घटने का असर जातिगत व धार्मिक समीकरणों पर भी पड़ना तय है। नये समीकरणों को देखते हुए कई सियासी सूरमा चकरा गए हैं।

जिले में शुक्रवार को जारी अंतिम मतदाता सूची में जो तस्वीर उभर कर आई है। इसके अनुसार मुरादाबाद नगर विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 4,71,327 मतदाता हैं, जबकि बिलारी में सबसे कम 3,33,882 मतदाता हैं। इस प्रकार मुरादाबाद नगर विधानसभा चुनाव जीतने के लिए संभावित दावेदारों को सबसे अधिक मतदाताओं की मनुहार करनी पड़ेगी।

- आगामी विधानसभा चुनाव में बदले दिखेंगे जातिगत और धार्मिक समीकरण

एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के बाद राजनीतिक सरगर्मी अब काफी तेजी से बढ़ेगी। संभावित दावेदारों के चेहरे सामने आएंगे, लेकिन अगर सभी विधानसभाओं पर नजर डालें तो चुनाव जीतने के लिए मुरादाबाद नगर विधानसभा क्षेत्र में संभावित प्रत्याशियों को मतदाताओं की मनुहार के लिए एड़ी रगड़नी पड़ेगी। क्योंकि मुरादाबाद नगर विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदाताओं की संख्या हैं। इसमें पुरुष मतदाता 2,49,377 और महिला मतदाताओं की संख्या 2,21,916 और थर्ड जेंडर मतदाता भी सभी विधानसभाओं से अधिक नगर विधानसभा क्षेत्र में ही 34 है।

बिलारी विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम मतदाताओं की संख्या 3,33,882 है। इसमें 1,81,299 पुरुष, 1,52,574 महिला और थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या सिर्फ 9 है। मुरादाबाद नगर के बाद दूसरे नंबर पर सबसे अधिक मतदाता संख्या वाली विधानसभा कुंदरकी है। इसमें कुल मतदाताओं की संख्या 3,69,186 है। जिसमें पुरुष मतदाता 2,01,772, महिला मतदाता 1,67,403 और थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 11 है।

### लिंगानुपात पर भी असर

मतदाताओं के लिंगानुपात की बात करें तो नगर विधानसभा में सर्वाधिक जेंडर रेशियो 890 है, जबकि सबसे कम कुंदरकी में 830 है। इसके अलावा कांठ में 847, ठाकुरद्वारा में 859, मुरादाबाद ग्रामीण में 862 और बिलारी में 842 है। इस प्रकार जिले की सभी विधानसभाओं को मिलाकर कुल जेंडर रेशियो 856 है।

### विधानसभा सीटों पर मौजूदा विधायक

| विधानसभा | पार्टी | विधायक |
|---|---|---|
| मुरादाबाद नगर | भाजपा | रितेश गुप्ता |
| मुरादाबाद ग्रामीण | सपा | नासिर कुरैशी |
| कुंदरकी | भाजपा | रामवीर सिंह (उपचुनाव में जीते) |
| बिलारी | सपा | मोहम्मद फहीम इरफान |
| ठाकुरद्वारा | सपा | नवाब जान खां |
| कांठ | सपा | कमाल अख्तर |

# महर्षि दयानंद सरस्वती के नाम पर हो जेवर एयरपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ग्रेटर नोएडा में जेवर एयरपोर्ट को महर्षि दयानंद सरस्वती नाम देने के आंदोलन में मुरादाबाद के प्रतिनिधि मंडल ने भी सहभागिता की। ग्रेटर नोएडा के ईशान आयुर्वेदिक संस्थान में आयोजित सभा में जिले की आर्य संस्थाओं की ओर से समर्थन पत्र सौंपा गया।

आर्य प्रतिनिधि सभा मुरादाबाद के मंत्री एडवोकेट रमेश सिंह आर्य ने सभा में कहा कि आर्य समाज विश्व की सबसे प्राचीन संस्था है। महर्षि दयानंद सरस्वती ने भारत की सभ्यता और संस्कृति की रक्षार्थ बड़ा परिश्रम किया। महर्षि ने महिलाओं को अधिकार दिलाने और गोरक्षा आंदोलन किया। आर्य समाज भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करता हैं कि जेवर एयरपोर्ट को महर्षि दयानंद सरस्वती का नाम दिया जाए। उन्होंने बताया कि सभा में मुरादाबाद से डॉ. राम मुनि, पंडित वीरेंद्र आर्य, रामपाल सिंह आर्य, उमेश आर्य रामाशंकर आर्य और दिनेश दीक्षित उपस्थित रहे।

# आर्मी के हवलदार के घर से लाखों के जेवर और नकदी ले गए चोर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुरादाबाद- रामपुर हाईवे पर बने फ्रेंड्स अपार्टमेंट में चोरों ने शुक्रवार की रात दो बंद फ्लैटों को निशाना बनाया। चोरों ने ताले तोड़कर लाखों के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पड़ोसी दबीर अहमद ने इसकी जानकारी 112 डायल पुलिस को दी। इसके बाद कटघर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस चोरों की तलाश में सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

फ्रेंड्स अपार्टमेंट में सी- ब्लॉक के 512 फ्लैट में आर्मी के हवलदार इरशाद अली का परिवार रहता है। वह इस समय कश्मीर के 49 एडी रेजीमेंट में श्रीनगर ओल्ड फील्ड एयर इलाके में तैनात हैं। हवलदार इरशाद अली अपने परिवार को सात अप्रैल को कश्मीर ले गए थे। इरशाद अली ने फोन पर बताया कि बंद पड़े फ्लैट के ताले चोरों ने तोड़ दिए और



आर्मी हवलदार के घर बिखरा पड़ा सामान। ● अमृत विचार

- बदमाशों ने फ्रेंड्स अपार्टमेंट में बंद पड़े दो फ्लैटों के तोड़े ताले

घर में रखे आधा तोला सोने के झुमके जिनकी कीमत 80 हजार, एक तोले की दो सोने की अंगूठी जिनकी कीमत एक लाख 50 हजार रुपये और सात तोले की चांदी की पाजेब और घर में रखे साढ़े नौ हजार रुपये नकद चुरा ले गए। चोरों ने सामने वाले फ्लैट में रहने वाले तंजीरुल रहमान अपने बच्चों को परीक्षा दिलाने परिवार के साथ दिल्ली गए थे, चोरों ने उनके घर के मुख्य गेट का ताला तोड़ लिया, लेकिन अंदर के कमरों के ताले नहीं तोड़ पाए। सुबह भूतल पर रहने वाले मोहम्मद दबीर ने जब ऊपर जाकर देखा तो फ्लैटों के ताले टूटे थे और हवलदार इरशाद के फ्लैट में सामान बिखरा था। उन्होंने इसकी जानकारी 112 डायल पुलिस को दी। कटघर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि चोरों ने बंद फ्लैट का ताला तोड़कर चोरी की है। दोनों ही परिवार बाहर हैं। उनके आने पर नुकसान का पता लग पाएगा। पीड़ित की तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपाइयों ने चलाया महासम्पर्क अभियान

कांठ, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस संपर्क महा अभियान के अंतर्गत मंडल कांठ में कार्यकर्ताओं ने ग्राम महमदपुर माफी में घर-घर जाकर संपर्क अभियान चलाया। संपर्क अभियान के तहत सरकार एवं पार्टी की उपलब्धियों की पुस्तिका एवं पंपलेट वितरण कर लोगों का आह्वान किया कि विश्व के सर्वाधिक सदस्यों वाली राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र सर्वोपरि एवं एकात्मक मानववाद के उत्थानात्मक उद्देश्य को लेकर कार्य करती है। अभियान में भाजपा के मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा सत्यवान सिंह राजपूत, डॉक्टर नेपाल सिंह, कैलाश सिंह, हरि सिंह, अंबरीश शर्मा ,दिनेश जाटव, अनुज बिश्नोई, दीपक जाटव, रिंकू जाटव ,जगदीश सिंह जाटव, अरविंद कुमार जाटव, मेहर सिंह संजय सिंह जाटव आदि मौजूद रहे।

### शरीफनगर में स्कूल के बाहर खड़ा ट्रक चोरी

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : थाना कांठ क्षेत्र के गांव सिकंदराबाद निवासी सलीम पुत्र तस्लीम निवासी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि टाटा एलपीटी 2518 टीसी ट्रक का वह स्वामी है। ट्रक पर इसरार अली पुत्र अबरार अली निवासी ग्राम हमीरपुर जिला रामपुर चालक के रूप में कार्यरत है। 21 मार्च को इसरार ट्रक को कांठ से माल भरने के लिए हरियावाला ट्रांसपोर्ट ले गया था, जहां 22 मार्च को माल लोड होना था। इसी दौरान चालक अपनी ससुराल ग्राम शरीफनगर थाना ठाकुरद्वारा पहुंच गया और रात में वहीं रुक गया। उसने ट्रक को नेशनल स्कूल शरीफनगर के सामने खड़ा कर दिया। अगली सुबह करीब 6 बजे जब चालक पहुंचा तो ट्रक वहां नहीं मिला। ट्रक गायब होने पर चालक ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन वाहन का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

### कलश यात्रा निकाली हरि कथा का शुभारंभ

डिलारी अमृत विचार : क्षेत्र के गांव सरकडा बिश्नोई में शनिवार को कलश यात्रा निकालकर हरि कथा का वर्णन किया गया। कथा दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक रहेगी। श्री जम्भवाणी गुरु जंभेश्वर मंदिर सरकडा बिश्नोई में कथा कथावाचक आचार्य अमृतानंद ने बताया की ईश्वर का स्मरण करने से मन को शांति मिलती है, जिस प्रकार प्रतिदिन भोजन करके ऊर्जा मिलती है, इस प्रकार प्रत्येक प्राणी को प्रतिदिन ईश्वर का स्मरण करना चाहिए। यह कथा 7 दिन तक चलेगी। इस दौरान मुख्य अतिथि भव्य बिश्नोई पूर्व विधायक भाजपा अध्यक्ष निवासी आदमपुर हरियाणा, का फूल मालाओं से स्वागत किया। इससे पूर्व महिलाओं ने मुख्य मार्गों से होते हुए धूमधाम के साथ कलश यात्रा निकाली। जिसमें ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा।

# हादसे में युवक की मौत, परिवार में कोहराम

## दिल्ली में मजदूरी करता था डिलारी का आस मोहम्मद

संवाददाता, डिलारी

- देर रात बाइक से घर जा रहा था युवक, वाहन ने मारी टक्कर
- सड़क किनारे खड़ी गन्ने की ट्रैक्टर ट्राली में टकराकर मौत

अमृत विचार : देर रात्रि बाइक से अपने घर को जा रहे एक युवक को सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार घायल हो गया। कुछ देर बाद युवक की मौत हो गई।



मृतक आस मोहम्मद।

जुल ढकिया निवासी आस मोहम्मद पुत्र मोमीन (18) दिल्ली में मजदूरी करता था, वह दिल्ली से कुछ दिन पहले ही अपने घर आया था, अचानक किसी कार्य से बीती रात्रि करीब 11: 30 बजे बाइक से अपने घर लौट रहा था, सामने से आ रहे अज्ञात वाहन से टकराकर सड़क किनारे खड़ी गन्ने की ट्राली में जा लगा, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया, सूचना पाकर परिजनों ने सरकारी अस्पताल डिलारी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने हालत बिगड़ती देख हायर सेंटर रेफर कर दिया, घायल युवक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना से परिवार में कोहराम मच गया, आस मोहम्मद चार भाई बहनों में सबसे छोटा था, शनिवार की दोपहर के बाद सब को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। मां शाहजहां, पिता मोमीन एवं भाई बहनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



रोते बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

### ट्रक की टक्कर लगने से डीसीएम क्षतिग्रस्त



कांठ, अमृत विचार : थाना छजलैट क्षेत्र में एक डीसीएम में अज्ञात ट्रक चालक टक्कर मारकर फरार हो गया किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। डीसीएम क्षतिग्रस्त हो गई। थाना छजलैट क्षेत्र में ऊमरी से मुरादाबाद की ओर गन्ने के बीज से भरी डीसीएम शनिवार दोपहर दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र कैंच की पुलिया के पास पहुंची। सामने से आ रहे एक ट्रक चालक ने डीसीएम में टक्कर मार दी। दुर्घटना में डीसीएम क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर भाग गया। डीसीएम का चालक भी दुर्घटना स्थल पर अपना वाहन छोड़कर फरार हो गया।

### स्कूटी सवार के बाइक ने मारी टक्कर

संवाददाता, कांठ, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम जमुना आजम निवासी अनमोल पुत्र नरेश बाइक से अपने घर से छजलैट नूरपुर नूरपुर मार्ग पर लकड़हैट जा रहा था। गत 27 मार्च को एक स्कूटी चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए थाना नौगांव क्षेत्र जनपद अमरोहा क्षेत्र के ग्राम लकड़हैट पेट्रोल पंप के पास उसकी बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के तुरंत बाद नौगांवा थाने में परिजनों ने संबंध में तहरीर दी। पुलिस ने इस संबंध में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना कांठ में घायल बालक के दादा गोपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# युवा राष्ट्र निर्माण में आगे आएं : भव्य बिश्नोई



भव्य बिश्नोई एवं साथ में कार्यकर्ता व पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

- भाजपा युवा मोर्चा हरियाणा प्रभारी भव्य बिश्नोई का नगर में स्वागत

अमृत विचारः हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल के सुपौत्र एवं भाजपा युवा मोर्चा हरियाणा के प्रभारी भव्य बिश्नोई का शनिवार को नगर में भव्य स्वागत किया गया।

उन्होंने नगर में स्थित बिश्नोई समाज के उत्तर प्रदेश में सबसे बड़े धार्मिक स्थल गुरु जंभेश्वर आश्रम का अवलोकन किया और गुरु जंभेश्वर महाराज के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। भव्य बिश्नोई का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। भव्य बिश्नोई ने युवाओं को समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण एवं संगठन के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर बिश्नोई सभा उप्र के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट प्रदीप कुमार बिश्नोई, मा.धर्मपाल सिंह बिश्नोई (उपाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उप्र), श्रीओम बिश्नोई, गन्ना समिति अध्यक्ष कुं. सुरेंद्र सिंह बिश्नोई, सीपी सिंह, धर्मवीर सिंह, राजकुमार सिंह, ओंकार सिंह, दीपक बिश्नोई, ओंकार सिंह,राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# उत्तरदायित्व निभाएं पत्रकार : संतोष

कार्यालय संवाददाता, मुरादबाद



अधिवेशन का शुभारंभ करते झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार। ● अमृत विचार

- उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ़ जर्नलिस्ट का पर्यटक आवास गृह में प्रादेशिक अधिवेशन

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ़ जर्नलिस्ट (उपज) का प्रादेशिक अधिवेशन शनिवार को दिल्ली रोड स्थित पर्यटक आवास गृह में हुआ। मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पत्रकारों से राष्ट्र और समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का आह्वान किया।

अधिवेशन के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल ने कहा कि रुहेलखंड के पत्रकारों ने आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आज डिजिटल मीडिया के दौर में मीडिया की यही मूल भावना प्रासंगिक है। पत्रकारों की समाज को जागरूक करने में भूमिका निभानी चाहिए। विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि पत्रकारिता केवल प्रोफेशन नहीं है यह मिशन है, एक साधना है। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार, पूर्व कुलपति एवं नेशनल बुक ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष बल्देव भाई शर्मा ने कहा कि पत्रकारों का यह अधिवेशन संवाद, समन्वय और सामूहिक चिन्तन का मार्ग प्रशस्त करता है। पत्रकारों का दायित्व है कि वे राष्ट्र हित में राष्ट्र निर्माण में अपनी लेखनी के माध्यम से योगदान दें। विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह ''व्यस्त'' ने कहा कि पत्रकारों की निष्पक्ष कलम केवल खबर नहीं, समाज की चेतना लिखती है। अधिवेशन में पत्रकार पेंशन, आयुष्मान चिकित्सा कार्ड की विसंगतियां, रेल यात्रा रियायत बहाल कराना, आवासीय कॉलोनी की व्यवस्था, प्रेस मान्यता समिति का गठन, रोडवेज में सहवर्ती की निशुल्क यात्रा, पत्रकार सुरक्षा आदि मुद्दे उठाए गए। उपज के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह ने अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया।

## थाना समाधान दिवस में एसडीएम, सीओ ने सुनी शिकायतें

बिलारी, अमृत विचार : थाना समाधान दिवस में एसडीएम विनय सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने शिकायतें सुनीं। दिवस में ज्यादातर शिकायतें राजस्व विभाग की रही। शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए एसडीम ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं।

थाना समाधान दिवस में कुल 11 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें ज्यादातर शिकायतें राजस्व विभाग की रही। मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो पाया। शिकायतों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण के लिए एसडीएम विनय सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने हलका इंचार्ज और सिपाहियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करें।

# सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश प्रजापति का सपाइयों ने किया स्वागत

संवाददाता, बिलारी



सपा कार्यालय पर राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश प्रजापति का स्वागत करते सपाई।

अमृत विचारः समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश प्रजापति का नगर स्थित सपा कैंप कार्यालय आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और जोरदार नारेबाजी के साथ उनका भव्य स्वागत किया। पूरे परिसर में जोश और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. राकेश प्रजापति ने कहा कि आज के समय में समाज की एकता ही सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने प्रजापति समाज सहित सभी पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब समाज संगठित होता है तो कोई भी ताकत उसे आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की नीतियां हमेशा गरीब, किसान, नौजवान और मजदूर वर्ग के हित में रही हैं। दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में यह एकता निर्णायक भूमिका निभाएगी और प्रदेश में सत्ता परिवर्तन निश्चित है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, जिला सचिव कसीम आजाद, देशराज प्रजापति, अमरेंद्र चौधरी, सद्दाम सैफी, आमिल सिद्दीकी सभासद, रियाज पाशा पूर्व प्रधान, अमित जाटव, अरविंद सिंह, आले हसन, अदनान खान, फैसल इरफान, चंद्रकेश यादव, अकबर अली, हरवीर चौधरी, विश्वजीत सिंह यादव,अमन अंसारी आदि शामिल रहे।

## थाने में हंगामा करने पर पूर्व पालिका सदस्य को फटकार

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : युवक ने धर्म बदलकर शिक्षा मित्र से शादी कर ली थी। शिक्षामित्र ने उसे छोड़कर पूर्व पालिका सदस्य के भाई से निकाह कर लिया। पुलिस ने दंपती को जांच के लिए शनिवार को कोतवाली बुलाया तो पति के साथ पूर्व पालिका सदस्य भी पहुंच गया। महिला ने पूर्व पालिका सदस्य से नाराजगी जताई तो पुलिस ने भी उसे जमकर फटकार लगा दी।

नगर निवासी इंद्रलाल ने धर्म परिवर्तन कर अपना नाम मोहम्मद आरिफ रख लिया और शिक्षा मित्र प्रवीण जहां से शादी कर ली थी। उसे दो बेटियां पैदा हुईं, लेकिन बाद में दंपती के रिश्तों में दरार आ गई और परवीन जहां ने पूर्व पालिका सदस्य कय्यूम अंसारी के बड़े भाई मोहम्मद अयूब से निकाह कर लिया जो सऊदी अरब में रहता था।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों की प्रस्तुतियों ने शिक्षक-अभिभावकों का मोहा मन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



परिषदीय विद्यालय में वार्षिकोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

अमृत विचार : ग्राम पंचायत कालाझांडा स्थित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया और पूरा परिसर तालियों से गूंज उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विशेष रूप से ओल्ड एज होम नाटक ने दर्शकों को भावुक कर दिया। वहीं ऑपरेशन सिंदूर नाटक ने देशभक्ति की भावना से सभी को ओत-प्रोत कर दिया। बच्चों ने कार्यक्रमों से खूब वाहवाही लूटी। एआरपी हरवीर सिंह, जयवेंद्र सिंह और रूपा आर्य ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पीएम श्री विद्यालय वोवदवाला के प्रधानाध्यापक विवेक कुमार ने ऑपरेशन सिंदूर प्रस्तुति देने वाले बच्चों को 500 रुपये का पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। संचालन सपना चौहान ने किया। विवेक कुमार आर्य, राजेश हितैषी, विजयपाल सिंह, पीयूष कुमार, रजनी मिश्रा, सोमवती शर्मा, आशीष, राजबाला देवी, राखी शर्मा, कुंतलेश, निशि आदि मौजूद रहे।

## एसपी देहात ने किया भगतपुर थाने का निरीक्षण



थाने का निरीक्षण करते एसपी ग्रामीण आकाश सिंह।

भगतपुर, अमृत विचारः पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कुंवर आकाश सिंह ने शनिवार को क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा के साथ थाना भगतपुर का अर्ध वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना परिसर में विभिन्न निरीक्षण किए गए। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों, मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, हवालात, सम्पत्ति गृह, भोजनालय, बैरक, थाना कार्यालय एवं सीसीटीएनएस कार्यालय का निरीक्षण किया गया। उन्होंने अभिलेखों के उचित रख-रखाव, रजिस्टर संख्या-08 को अद्यतन रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। वहीं थाना परिसर में एसपी देहात व सीओ ठाकुरद्वारा के द्वारा पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा, चौकी मानपुर प्रभारी जयवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती धूमधाम से मनाई

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : क्षेत्र में सैनी समाज के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन सैनी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सैनी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और समाज सुधार में दिए गए योगदान पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा और समानता के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री हरिओम सिंह, जिला पंचायत सदस्य रोहिताश सैनी, एडवोकेट नरेश सैनी, रामगोपाल सिंह सैनी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष परविंदर सैनी, मनोहरी सिंह सैनी, महिपाल सिंह सैनी, बलिया, विजेंद्र प्रधान बहादुर नगर, चंद्रपाल सिंह सैनी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



### स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली

कांठ, अमृत विचार : उच्च प्राथमिक विद्यालय राजीपुर खद्दर (कम्पोजिट) में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत शनिवार को एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व प्रभारी प्रधानाध्यापक बृजेन्द्र कुमार विश्नोई ने किया। रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चे हाथों में तख्तियां लेकर गांव की विभिन्न गलियों से होकर गुजरे और लोगों को अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान हर बच्चा स्कूल जाए, देश का भविष्य बन जाए जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। रैली में सहायक अध्यापक पुनीत कुमार, अरुण कुमार, मोहम्मद अरीब, शिवानी वशिष्ठ एवं बबीता सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। शिक्षकों ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का समय से विद्यालय में नामांकन कराएं और उन्हें नियमित रूप से स्कूल भेजें, जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके।

### समाज को शिक्षित, संगठित और स्वस्थ रहने पर दिया बल



बिलारी, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव धर्मपुर कलां में महर्षि कश्यप जयंती के पखवाड़ा अभियान के तहत भारतीय कश्यप सेना संगठन ने जयंती समारोह का आयोजन किया। सर्व प्रथम वक्ताओं ने महर्षि के चित्र पर पुष्प अर्पित के उपरांत उनके जीवन पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह खालसा ने कहा महर्षि कश्यप का जन्म करोड़ों वर्ष पूर्व हुआ था, उन्होंने जीव जंतु, मानव की सृष्टि का कार्य किया, सप्त ऋषियों में सबसे महान एक थे जो कश्यप समाज के भगवान हैं। विशिष्ट अतिथि डा सीपी सिंह ने स्वस्थ, शिक्षित और संगठित रहने पर बल दिया। प्रदेश प्रभारी सुनील कश्यप ने बच्चों को शिक्षित बनाने, नशा, आलस्य जैसी कमियां त्यागने पर बल दिया। इस दौरान मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष रवि कश्यप, भीमसेन,ओमप्रकाश, राय सिंह अर्जुन सिंह, धर्मेंद्र सिंह, देवराज सिंह, सीताराम, नंदकिशोर, रामपुर के जिलाध्यक्ष किशन कश्यप , प्रेमपाल भूडी , जयपाल प्रधान जी,आदि ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील कश्यप तथा संचालन दिवाकर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम सिंह आर्य ने की। कार्यक्रम के अंत में आयोजक होराम कश्यप,राम अवतार कश्यप,गिरिराज कश्यप, अतर सिंह कश्यप ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



### नई वोटर लिस्ट के अध्ययन में जुटे भाजपा कार्यकर्ता

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 144 की नई मतदाता सूची जारी होने के बाद भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय नजर आए। कार्यकर्ताओं ने बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के साथ मिलकर मतदाता सूची का गहन अध्ययन किया और उसमें दर्ज नामों का सत्यापन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सूची में नए जुड़े मतदाताओं, हटाए गए नामों एवं त्रुटियों की बारीकी से जांच की। साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल हों और किसी भी योग्य व्यक्ति का नाम छूटने न पाए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि मतदाता सूची का सही और पारदर्शी होना लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है, इसलिए पार्टी स्तर पर इस प्रक्रिया को गंभीरता से लिया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा के आशुतोष अग्रवाल, दिनेश प्रजापति, पंकज कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने बीएलओ के साथ मिलकर सूची का परीक्षण किया और आवश्यक सुझाव भी दिए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

**खोया-पाया**

मेरी हाईस्कूल अनुक्रमांक 0600960 एवं इंटरमीडिएट अनुक्रमांक 0216373 की अंकतालिकायें जोकि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी की गई थी, वास्तव में कहीं गुम हो गई है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। अवनीश कुमार पुत्र श्री महावीर सिंह निवासी वैष्णो विहार कॉलोनी, फेस-4, घटिया गेट, चन्दौसी हाल निवासी सेक्टर 15 फेस 3, बुद्धि विहार, मुरादाबाद। मो. 9557523907

**सूचना**

मेरा इंटरमीडिएट वर्ष 2014 अनुक्रमांक 0621718 का प्रमाण पत्र- सह- अंक पत्र खो गया है। आसिया पुत्री रफीक खान केयर का विनीत कुमार ग्राम संदलपुर पोस्ट हाथीपुर चंदू कुंदरकी मुरादाबाद।

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0819204 का प्रमाण पत्र-सह-अंक पत्र खो गया है। समरीन जहां पुत्री साकिर हुसैन केयर ऑफ विनीत कुमार ग्राम संदलपुर पोस्ट हाथीपुर चंदू कुंदरकी मुरादाबाद

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



## न्यूज ब्रीफ

### महिला थाने में 4 परिवारों की कराई सुलह

रामपुर, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना के निर्देशानुसार महिला थाना में शनिवार को परिवार परामर्श का आयोजन हुआ। जिसमें पति-पत्नी से संबंधित विवादों में काउंसलिंग हुई। शनिवार को 27 प्रकरण समिति द्वारा सुने गए। जिसमें 4 प्रार्थना पत्रों में समिति द्वारा सुलह समझौता कराया गया, जबकि 5 पत्रावली निरस्त की गई। जबकि 18 प्रार्थना पत्रों में अग्रिम तिथि नियत कर समझौते का प्रयास किया जा रहा है। निरीक्षक अनु तोमर, काउंसलर अवतार सिंह, परवेज, अलका जैन, नीना साहनी मौजूद रहे।

### महिलाएं हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें

बिलासपुर, अमृत विचार : गांव धावनी हसनपुर स्थित विद्यालय में अभियान मिशन शक्ति के चलते पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता सिंह ने कहा कि किसी भी विषम परिस्थिति या अपराध की स्थिति में महिलाएं घबराने के बजाय तत्काल सरकारी हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें। हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1098, 181, 1076, 1930 समेत आदि नंबरों के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। पुलिस का उद्देश्य महिलाओं के मन से भय को समाप्त कर उन्हें आत्मनिर्भर और सुरक्षित महसूस कराना है। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह, उपनिरीक्षक केशू शर्मा आदि मौजूद रहे।

# श्री बाला जी शोभायात्रा में झांकियों ने मनमोहा

## गांधी समाधि से शुरू हुई शोभायात्रा, शहर में कई स्थानों पर रास्ते में भक्तों ने जगह-जगह की पुष्प वर्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



शोभायात्रा में शामिल सुग्रीव संवाद की झांकी। ● अमृत विचार



शोभायात्रा में भजन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार



शोभायात्रा में शामिल श्री बाला जी की झांकी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** श्री बाला जी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार की शाम गांधी समाधि से शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष महंत अभिषेक मिश्रा एवं उपमहन्त आयुष मिश्रा ने बाबा के जयकारों के साथ नारियल फोड़ कर किया। शोभायात्रा राजद्वारा, सेंट्रल बैंक, मिस्टन गंज, चंपा कुंवरि धर्मशाला, सर्राफा बाजार होते हुए मिस्टन गंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला पहुंचकर संपन्न हुई। भक्तों ने रास्ते में जगह-जगह शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की।

शोभायात्रा में सबसे आगे श्री बाला जी दरबार का बैनर थामे लोग चल रहे थे। इसके बाद महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी, नासिक ढोल, गणेश जी, सरस्वती माता, भीम हनुमान संवाद, बाबा मूर्ति, रामेश्वर स्थापना, अशोक वाटिका, शिव परिवार, शिव सती, राम दरबार, तिरुपति बालाजी, सिन्दूर प्रकरण, पंचमुखी हनुमानजी, महंत जी का सिंहासन, विभीषण हनुमानजी संवाद, बाहुबली हनुमान जी की झांकिया आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभा यात्रा में बैंड की धुन की पर भजन बजते रहे। सबसे पीछे श्री बाला जी महाराज का भव्य दरबार एवं श्री राम दरबार पर बाबा के भक्त बाबा के नाम की मस्ती में झूमते रहे। बाहुबली हनुमान जी के रूप में कलाकारों ने सभी भक्तों को हनुमान जी के भव्य रूप से रूबरू कराया। शोभायात्रा में महिलाएं भजन करती चल रहीं थीं। शोभायात्रा के शुभारंभ पर कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना, सूर्यप्रकाश पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, अनिल वशिष्ठ, हंसराज पप्पू, ख्याली राम लोधी, जागेश्वर दीक्षित, अशोक विश्नोई, मोहन लाल सैनी, मोहन लोधी, अमित कपूर, सुभाष नंदा, राजेन्द्र भटनागर, दीपक गोयल, जुगेश अरोड़ा, अवधेश शर्मा, राजू शर्मा, संचित कपूर, डॉ. मुकेश कुमार, इंजी वरुण सक्सेना, प्रेम राजपूत, शरद गुप्ता आदि भी स्वागत के समय उपस्थित रहे।

### राजद्वारा और मिस्टन गंज में की गई पुष्प वर्षा

शोभा यात्रा पर राजद्वारा और मिस्टन गंज में मदद एक आस फाउंडेशन, प्रतीक शर्मा, आशीष सक्सेना, अंकुर सक्सेना, अंकुर राजपूत, परमनोज गोयल, गिरिराज सरन अग्रवाल, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, हार्दिक आहूजा, सरबजीत सिंह, शुभम पाल, तुषार अरोड़ा, ज्ञान गुप्ता ने पुष्प वर्षा व प्रसाद वितरण कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में बरेली, मिलक, बिलासपुर, रुद्रपुर, मीरगंज, हापुड़, गाजियाबाद, गजरौला, मेरठ, अमरोहा, गदरपुर, लखनऊ आदि स्थानों से भक्त बाबा के दर्शन के लिए आये।

### अग्रवाल धर्मशाला में हुआ मनोकामना हवन

शोभायात्रा के अग्रवाल धर्मशाला पहुंचने पर मनोकामना हवन और भंडारा हुआ। रात में महाआरती कार्यक्रम में महंत अभिषेक मिश्रा, उपमहंत आयुष मिश्रा, वेद प्रकाश सक्सेना, दिनेश सक्सेना, विशाल सक्सेना, प्रेम अग्रवाल, अंकुर भटनागर, सजल सक्सेना, प्रियांश सक्सेना, सुनील सक्सेना, सुधांशु पाराशरी, सुबोध श्रीवास्तव, नरेंद्र सक्सेना, सौरभ सक्सेना, तरुण श्रीवास्तव, शोभित सक्सेना, अंकित अग्रवाल, गोपाल गुप्ता, अचलदीप सक्सेना, समर्थ मिश्रा, संजू रस्तोगी, रविन्द्र गुप्ता, सौरभ शर्मा, मुकेश चौरसिया आदि मौजूद रहे।



श्री बाला जी शोभायात्रा में शामिल भक्त। ● अमृत विचार

# शराब की दुकान बंद कराने को लेकर राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, बिलासपुर



बिलासपुर में कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख को ज्ञापन सौंपते व्यापारी।

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों समेत लोगों ने धार्मिक स्थल और आबादी के बीच संचालित शराब की दुकान को बंद कराने की मांग की। बाद में उन्होंने कृषि राज्य मंत्री को सौंपा।

शनिवार को संगठन के कार्यकर्ता नगर अध्यक्ष मोहम्मद अनस खां के नेतृत्व में एकत्रित होकर कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के कैंप कार्यालय पहुंचें। व्यापारियों ने धार्मिक स्थलों के पास संचालित शराब की दुकान को बंद कराने की मांग को लेकर कृषि राज्य मंत्री को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि रामपुर रोड पर तीन धार्मिक स्थल और आबादी के बीच शराब की दुकान संचालित की जा रही है। जिसका दुकानदार और नागरिक काफी समय से कर रहे हैं। साथ ही दुकान को स्थानांतरित कराने की मांग करते चले आ रहे। आरोप है कि भारी विरोध के बावजूद यह दुकान संचालित कर दी गई, इससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंच रही है। वहीं राज्यमंत्री ने उपजिलाधिकारी अरुण कुमार को निर्देशित किया। कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई अमल में लाए जाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मसरूर, साहिब खां, कलवा, अयान, दिनेश, संजीव, मुद्दसिर, अकील, मुरशद, शोएब सलमानी, अफजल आदि के हस्ताक्षर हैं।

# निषादराज एवं महर्षि कश्यप जन्मोत्सव धूमधाम से मनाएंगे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शनिवार को तुरैहा मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा की अध्यक्षता में नूर महल रोड स्थित जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार एडवोकेट सभासद के कार्यालय पर बैठक हुई।

जिला स्तरीय संगठन के पदाधिकारियों के साथ सहित रविवार 12 अप्रैल को जिला सहकारी बैंक सभागार में आयोजित होने वाले महाराजा निषादराज जयंती एवं महर्षि कश्यप जन्मोत्सव कार्यक्रम की तैयारी और व्यवस्था को अंतिम रूप देने पर मंथन हुआ। जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने बताया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि मुरादाबाद के विख्यात डॉ. सीपी सिंह जिज्ञासा हॉस्पिटल व कंचन कश्यप सदस्य महिला आयोग उत्तराखंड रहेंगे। तुरैहा मछुआ स्वजातीय बुजुर्ग व युवा साथियों से एक मंच पर आकर एकजुट होने की अपील की। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार एडवोकेट ने कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में आने के लिए लोगों को आमंत्रित किया। बैठक जिला महामन्त्री रामसिंह तुरैहा एडवोकेट, पूर्व जिलाध्यक्ष कामरेड मेवीराम, अजय कुमार प्रधान, दिनेश कश्यप, राम सरन, अरविंद कुमार, धर्म सिंह, अर्जुन कुमार, पंडित रामगोपाल, राजेश कुमार एडवोकेट, राजीव तुरैहा, शिव कुमार, दिनेश कुमार, राकेश कुमार आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गुरुद्वारा सिंह सभा से निकला नगर कीर्तन, वाहे गुरु की गूंज



नगर कीर्तन में चलते पंच प्यारे। ● अमृत विचार



नगर कीर्तन में शामिल पालकी साहिब।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से बैसाखी पर्व पर शनिवार की सुबह पंच प्यारों की अगवाई में नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन में पालकी साहब, शबद कीर्तन करते रागी जत्थे शामिल रहे। सिविल लाइंस क्षेत्र के मुख्य मार्गों से होता हुआ नगर कीर्तन पुनः गुरुद्वारा सिंह सभा पहुंचा। नगर कीर्तन के गुरुद्वारा पहुंचने के बाद निशान साहब का चोला बदलने की सेवा हुई।

नगर कीर्तन मंदिर वाली गली, गुरु गोविंद सिंह पार्क, गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा, गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार, राधा रोड, आदर्श कॉलोनी, टैक्सी स्टैंड रोड होते हुए सुबह 10:30 बजे गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में पहुंचा। नगर कीर्तन का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। नगर कीर्तन महिला रागी जत्थे और पुरुष रागी जत्थे शबद कीर्तन करते चल रहे थे। पालकी साहब से गुरु का प्रसाद बांटा जा रहा था। नगर कीर्तन के गुरुद्वारा पहुंचने के बाद निशान साहब का चोला चढ़ाया गया। ग्रंथि सुरजीत सिंह ने अरदास की। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने बताया रविवार को अखंड पाठ साहब की आरंभता सुबह 9:30 बजे होगी। पूर्वाह्न 11 बजे से वीर खालसा सेवा समिति एवं गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से पगड़ी प्रतियोगिता की जाएगी। जिसमें विजेताओं को इनाम दिए जाएंगे। शाम को 3 से 6 बजे तक स्त्री सत्संग सभा की ओर से कीर्तन दरबार सजेगा। गुरुद्वारा प्रधान निर्मल सिंह ने सभी का आभार जताया। कहा कि बैसाखी का पर्व धूमधाम के साथ 14 अप्रैल को मनाया जाएगा जिसकी तमाम तैयारियां मुकम्मल हैं। नगर कीर्तन में गुरुद्वारा प्रधान निर्मल सिंह, मनमीत सिंह, वीर खालसा सेवा समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह, जसपाल सिंह, अमरजोत सिंह कपूर, इंदर सिंह आहूजा, जगमोहन सिंह, गुलशन अरोड़ा, तीरथ सिंह, लखविंदर सिंह, सुखबीर सिंह, रणजीत कौर, मनजीत कौर, बलविंदर कौर, सोनिया, सेवा सिंह, नारायण सिंह, मनदीप सिंह, मनिंदर सिंह, निरवैर सिंह, वजीर सिंह, इंद्रजीत सिंह आदि मौजूद रहे।



नगर कीर्तन में शबद कीर्तन करता महिला रागी जत्था। ● अमृत विचार

● **सिविल लाइंस क्षेत्र के मुख्य मार्गों से होता हुआ पहुंचा गुरुद्वारा**

# परिवहन मंत्री से मिलकर की रोडवेज बस अड्डे की मांग



परिवहन मंत्री से मुलाकात करतीं नगर पालिका अध्यक्ष मिलक दीक्षा गंगवार व अन्य।

**मिलक, अमृत विचार :** नगर पालिका अध्यक्ष मिलक दीक्षा गंगवार ने नगर में रोडवेज का बस अड्डा बनवाने की मांग को लेकर परिवहन मंत्री से मुलाकात की। पिछले कई वर्षों से रोडवेज बस अड्डा बनवाने की मांग जनता द्वारा की जा रही है। कई बार नगर पालिका परिषद में प्रस्ताव पास कर प्रदेश सरकार को भेजे जा चुके हैं। लेकिन वर्षों बीतने के बाद भी रोडवेज बस अड्डे की मांग ज्यो की त्यों बनी हुई है। बस अड्डा ना होने के कारण रोडवेज के चालक परिचालक अधिकतर बाईपास से लेकर चले जाते हैं और कुछ नगर के कोतवाली के पास स्थित तीन पट्टी चौराहे पर बसों को रोकते हैं।

# फाइनल में भिड़ेंगी मेरठ-कुंडेश्वरी की टीमें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



महात्मा गांधी स्टेडियम पर सेमीफाइनल में भिड़ते मेरठ और मुरादाबाद के खिलाड़ी।

● **मेरठ की टीम ने दूसरे सेमीफाइनल में दी मुरादाबाद को दी 2-0 से शिकस्त**

**अमृत विचार :** स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम पर शनिवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में मेरठ की टीम ने मुरादाबाद को 2-0 से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। क्रीड़ा भारती एवं अंबेडकर क्लब के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर फुटबॉल टूर्नामेंट का रविवार को फाइनल मैच मेरठ और कुंडेश्वरी की टीमों के बीच खेला जाएगा।

स्टेडियम पर मुख्य अतिथि पूर्व बार अध्यक्ष सतनाम सिंह मट्टू और विशिष्ट अतिथि डॉ. अरविन्द गौतम ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया। पहले हॉफ में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। दूसरे हाफ के 44वें मिनट में मेरठ की टीम के खिलाड़ी ने गोल कर टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। 65वें मिनट में मेरठ के खिलाड़ी ने एक और गोल करके टीम को 2-0 से बढ़त दिला दी। कई प्रयास के बावजूद मुरादाबाद की टीम कोई गोल नहीं कर पाई और मेरठ ने मुरादाबाद को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। मैच के निर्णायक अजीत कुमार रहे। लाइन मैन आदित्य और शुभम रहे। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती के उपाध्यक्ष मनोज कुमार, डॉ. अनूप कुमार सिंह, जुगल किशोर, प्रेम खत्री, मुज्तबा अली, अभिषेक लाल, विकास कुमार, महेश कुमार, नीरज चौहान, राजेंद्र कुमार, आकाश बाबू, अमित चौहान, कन्नौज जी, नितिन, वरुण, रोनित, राज, इशरत अली इश्शू आदि मौजूद रहे। कमेंट्री विजेंद्र कुमार और जहीर ने की। क्रीड़ा भारती के उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि रविवार को मेरठ और कुंडेश्वरी की टीमों के बीच शाम 4 बजे से फाइनल मैच खेला जाएगा।

**आयोजन** | **गंगा गार्डन में महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती मनाई**

# बिना शिक्षा के समाज की तरक्की संभव नहीं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** गंगापुर आवास विकास के गंगा गार्डन में शनिवार को सैनी मौर्य, शाक्य, कुशवाहा सभा रामपुर ने महात्मा ज्योति राव फुले की जयंती मनाई। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा बिना समाज की तरक्की संभव नहीं है।

अतिथियों ने सर्वप्रथम उनके चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। जिला सहकारी बैंक चेयरमैन मोहनलाल सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन पर विस्तृत से प्रकाश डाला। उन्होंने समाज को शिक्षा प्राप्त करने पर जोर दिया। सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह सैनी ने उनकी शिक्षा व्यवस्था पर के बारे में बताया। बार एसोसिएशन अध्यक्ष एवं पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता रामऔतार सैनी एडवोकेट ने की। जिलाध्यक्ष पन्नालाल सैनी ने अतिथियों का आभार जताया और नई कार्यकारिणी की घोषणा की।

### ये लोग रहे मौजूद



पूर्व भाजपा प्रत्याशी स्वार टांडा लक्ष्मी सैनी, पूर्व प्रधान सुरेशबाबू सैनी, राजेश सैनी एडवोकेट, रामस्वरूप सैनी, रोहतास मोर्य, राजपाल सैनी, गंगाराम सैनी, निरंजन लाल सैनी, मुंशीलाल सैनी, भूपसिंह सैनी, विवेक सैनी, महेंद्र सैनी, आईपी सिंह सैनी, सोरन सैनी, प्रेम सिंह सैनी, रोशन लाल सैनी, संजय सैनी, रिंकी सैनी, ललिता सैनी एडवोकेट, मोहित सैनी, डॉ. राजेश सैनी, उमेश सरन सैनी, डॉ. भूदेव सैनी, रोहित सैनी, नेपाल सिंह सैनी, रामगोपाल सैनी, अनेश सैनी, कृपाल सिंह सैनी, देवकीनंदन मौर्य, परविंदर मौर्य, बलजीत सैनी, गंगा शरण सैनी, संजय मौर्य, भूकन लाल सैनी, मोहनलाल सैनी, विजय सैनी, महेश सैनी आदि मौजूद रहे। संचालन राज किशोर सैनी द्वारा किया गया।

### जनशक्ति दल ने ज्योतिबा राव फुले की जयंती मनाई

मिलक, अमृत विचार : जनशक्ति दल ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाई। तहसील क्षेत्र के ग्राम भौंनकपुर में जनशक्ति दल की बैठक में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने नारा दिया था कि विद्या बिन मति गई और मति बिन नीति गई। नीति बिन गति गई, गति बिन वित्त गया, वित्त बिना शुद्ध गए। यह नारा शिक्षा नैतिकता और आत्मनिर्भरता के बीच सीधा संबंध दर्शाता है। इस दौरान महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पूनम गंगवार, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विनीत गंगवार, धर्मपाल लोधी, ओमप्रकाश कश्यप, धर्मपाल, गुरु प्रसाद, मोहनलाल लोधी, खेमकरण लोधी, प्रदीप, सचिन, जमुना प्रसाद, ब्रजकिशोर, संतोष कुमारी, जमुना देवी आदि मौजूद रहे।

### महात्मा ज्योतिबा फुले, और चंद्रगुप्त मौर्य की जयंती मनाई



मसवासी, अमृत विचार : मौर्य साम्राज्य के महान सम्राट एवं मौर्य साम्राज्य के संस्थापक एवं महान योद्धा चंद्रगुप्त मौर्य, महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती नगर में धूमधाम से मनाई गई। शुक्रवार को नगर पंचायत मसवासी के पूर्व चेयरमैन हरिओम मौर्य के निवास पर चंद्रगुप्त मौर्य की जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करके तथा श्रद्धासुमन अर्पित करके दीप प्रज्वलित करके मनाई गई। उन्होंने कहा कि 340 ईसा पूर्व पाटलिपुत्र के बिहार में महान सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य का जन्म हुआ था। इनके पिता चंद्रभान मौर्य तथा माता का नाम मुरा था यह बचपन से ही बहुत कुशाग्र बुद्धि तथा प्रतिभाशाली थे। उन्होंने अपनी वीरता एवं साहस के बल पर अखंड भारत पर शासन किया। इन्होंने अपने शासनकाल में बहुत अधिक समाज सुधार के कार्य किए तथा न्यायप्रिय शासन किया। इस मौके पर अन्य वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर मदनलाल मौर्य, राजेश कुमार मौर्य, परमिंदर मौर्य, धर्मेंद्र मौर्य, एडवोकेट विनेश कुमार मौर्य, अतर सिंह मौर्य, सोहन सिंह सोना, मयंक मौर्य, राजेश मौर्य, सुभाष मौर्य, लक्ष्मण मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404
Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes
July 2026 session in the following disciplines
- Faculty of Medical Sciences
(All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences
(All Specialities)
- Faculty of Management
Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD
Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षकों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**रामपुर, अमृत विचार :** प्रांतीय आह्वान पर माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने शिक्षकों की लंबित मांगों को निस्तारित करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि एनपीएस योजना से आच्छादित शिक्षक कर्मचारियों की कटौती को राज्यांश ब्याज सहित अपडेट किया जाए। एनपीएस योजना से ओपीएस योजना में शामिल शिक्षकों की एनपीएस राशि को उनके जीपीएफ खाते में शीघ्र जमा किया जाए। विषय विशेषज्ञ शिक्षक साथियों को पुरानी पेंशन में शामिल होने पर विकल्प पत्र शीघ्र भरवाकर निदेशालय भेजे जाएं। परिषदीय परीक्षा के हर प्रकार के पारिश्रमिक का भुगतान शीघ्रता से कराया जाए। जिन शिक्षकों की ग्रेच्युटी 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख की गई है उनके भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन देने वालों में डॉ. मुनीश चंद्र शर्मा, बलराम सिंह, डॉ. भारत सिंह, कमल सहारा, निखार परवीन, श्यामबाबू शर्मा, पीयूष श्रीवास्तव, मनोज कुमार, भालेंदु मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# झूल रही हाईटेंशन लाइन, गेहूं की फसलों में लग रही आग

## दढ़ियाल के गांव मुवाना में 20 बीघा गेहूं हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से जलकर राख, किसान मायूस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/दढ़ियाल

- फसलों पर झूलती बिजली लाइनों को नहीं कसवाया और न ही लगवाए गए सेफ्टी गार्ड
- किसानों ने कई बार उठाया है बिजली लाइनों से फसल सुरक्षित करने का मुद्दा



हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से गेहूं की फसल में लगी आग। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** गेहूं की तैयार फसलों पर हाईटेंशन लाइन ने किसानों की टेंशन बढ़ा दी है। दढ़ियाल के ग्राम मुवाना में हाईटेंशन लाइन से चिंगारी गिरने पर 20 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

दढ़ियाल चौकी क्षेत्र के मुवाना गांव में हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से खेतों में आग लग गई। इस घटना में लगभग 20 बीघा फसल जलकर राख हो गई। सूचना मिलने पर राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और किसानों को मुआवजे का आश्वासन दिया। तेज हवा चलने के कारण हाईटेंशन लाइन के तार एक पेड़ से टकरा गए। इससे निकली चिंगारी खेतों में जा गिरी और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया।

किसानों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक इसरार अहमद की 6 बीघा, इंद्रेश कुमार की 4 बीघा, सुखलाल की 2 बीघा, नवीन कुमार की 2 बीघा और गुड्डू की 2 बीघा जमीन पर खड़ी फसल जल चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही तहसील से नायब तहसीलदार विश्वास दीक्षित मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का मुआयना किया और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। किसानों को इस आग से भारी नुकसान हुआ है।

किसानों की मांग के बावजूद विद्युत निगम ने तारों को नहीं कसवाया गया है। फसलों पर झूलती लाइनों के नीचे सेफ्टी गार्ड भी नहीं लगवाया गया है। झूलती लाइनों से चिंगारी गिरने पर हर साल सैकड़ों बीघा फसल जल जाती है और किसान कुछ नहीं कर पाता है।



खौद क्षेत्र में कटी गेहूं की फसल के ऊपर झूलती लाइन। • अमृत विचार



चिंगारी से गेहूं की फसल जलकर हुई राख।

### गेहूं की फसल पकने के दौरान लगातार हो रहे हादसे

सिलई बड़ा गांव में 40 एकड़ और मंसूरपुर में कई बीघा खड़ी फसल बिजली की चिंगारी से जल गईं थीं। गर्मी बढ़ने और तेज हवा चलने से गेहूं की फसल में आग लगने का खतरा रहता है। खेतों के ऊपर से कम ऊंचाई पर गुजरती बिजली की लाइनें फसलों पर खतरा बनी हुई हैं। खौद के किसान फरहत हुसैन बताते हैं कि उनके खेत के ऊपर बिजली के तार झूल रहे हैं जिसके कारण हमेशा खतरा बना रहता है। बताते हैं कि कई बार विद्युत अधिकारियों से लाइन कसवाने और लाइनों में सेफ्टी गार्ड लगवाए जाने की मांग की जा चुकी है लेकिन, स्थिति जस की तस है।

> विद्युत निगम ढीले तारों को कसवाता है, जंपर लूज होते हैं उन्हें कसवाया जाता है। इसके अलावा तेज हवा चलने पर ग्रामीण क्षेत्र की बिजली बंद कर दी जाती है। किसान बिजली के तारों के नीचे कटी हुई फसल नहीं रखें और पहले बिजली के नीचे की फसल की कटाई करें। – एमबी सिंह, एसडीओ तकनीकी।

## समाज कल्याण विभाग ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

**रामपुर, अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की योजनाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थी, संस्था प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि सामान्य एवं अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं के छात्रवृत्ति भुगतान स्टेटस, वृद्धावस्था पेंशन, पारिवारिक लाभ योजना एवं शादी अनुदान योजना से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए अलग-अलग हेल्पलाइन नंबर निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि वृद्धावस्था पेंशन के लिए हेल्पलाइन नंबर 9151877759, पारिवारिक लाभ योजना के लिए 9151877758, शादी अनुदान योजना के लिए 9151877757 तथा छात्रवृत्ति योजना के लिए 9412373394 जारी किए गए हैं। इन नंबरों पर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

# तंबू निर्माण में बुलबुल टोली, नोटबुक लेखन में अमर-नाजिया प्रथम रहीं

संवाददाता, रामपुर



रजा डिग्री कालेज में लगे शिविरा में मौजूद स्काउट और गाइड। • अमृत विचार

- पांच दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर का शुभारंभ

**अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीएड विभाग के तत्वावधान में शनिवार को 5 दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ।

तंबू निर्माण में बुलबुल टोली, नोटबुक लेखन में अमर प्रकाश और नाजिया प्रथम रहे। मुख्य अतिथि प्रो. आलोक गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा एवं स्काउटिंग के संस्थापक लॉर्ड बेडेन पॉवेल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर के दौरान तंबू निर्माण प्रतियोगिता में गाइड वर्ग की बुलबुल टोली तथा स्काउट वर्ग की आजाद टोली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नोटबुक लेखन प्रतियोगिता में स्काउट वर्ग में अमर प्रकाश ज्योति ने प्रथम, शेखर सिंह ने द्वितीय तथा प्रशांत कुमार एवं पवन कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। गाइड वर्ग में नाजिया ने प्रथम, निशा पाल ने द्वितीय एवं शाइस्ता बी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हरविंदर सिंह को बेस्ट स्काउट तथा दीक्षा सागर को बेस्ट गाइड के रूप में सम्मानित किया गया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान बीएड विभाग प्रभारी डॉ. अरविंद कुमार कार्यक्रम संयोजक डॉ. सोमेंद्र सिंह, डॉ. माणिक रस्तोगी, डॉ. शाहिदा परवीन, डॉ. सैयद अब्दुल वाहिद शाह, डॉ. सतीश चंद, डॉ. बिजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। शिविर का प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट प्रेमपाल सिंह एवं जिला संगठन आयुक्त गाइड नरवंत कौर ने दिया।

# यातायात पुलिस ने लोगों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना के निर्देशन में यातायात पुलिस जिला रामपुर द्वारा यातायात नियमों के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

इस दौरान विभिन्न प्रमुख चौराहों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई तथा उन्हें नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। अभियान के तहत वाहन चालकों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, ओवरस्पीडिंग से बचाव, नशे की हालत में वाहन न चलाने, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी को न बैठाने, मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन न चलाने तथा ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही पैदल यात्रियों को भी सड़क पार करने के सुरक्षित तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।



वाहन चालक को जागरूक करती यातायात टीम। • अमृत विचार

# नैनीताल हाईवे के फ्लाईओवर पर कार पलटने से सात लोग घायल

संवाददाता, बिलासपुर



बिलासपुर के नैनीताल हाईवे पर पलटी कार। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** नैनीताल हाईवे पर ट्रक को ओवरटेक करते समय टैक्सी पलट गई। इस हादसे में कार में सवार सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया गया।

घटना शनिवार तड़के करीब चार बजे नेशनल हाईवे पर उत्तराखंड सीमा के पास कौशलगंज फ्लाईओवर पर हुई। दिल्ली से उत्तराखंड के अल्मोड़ा जा रही टैक्सी चालक रमेश समेत सात यात्री सवार थे। फ्लाईओवर पर चालक ने ट्रक से ओवरटेक करने का प्रयास किया। ओवरटेक करते समय कार का पिछला हिस्सा ट्रक के अगले हिस्से से टकरा गया। इसके बाद कार डिवाइडर से जा टकराई और सड़क की दूसरी तरफ जाकर पलट गई। हादसे के तुरंत बाद पीछे से आ रही एक अन्य कार भी पलटी हुई कार से टकरा गई। हादसे में घायल यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। साथ ही मौके पर राहगीरों और लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने सभी घायलों को कार से निकालकर उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। पांच घायलों को उत्तराखंड सीमा स्थित ट्रामा सेंटर और दो घायलों को सीएचसी भेजा गया। ट्रामा सेंटर भेजे गए घायलों में चालक रमेश, अल्मोड़ा निवासी हरीश सिंह और उनकी पत्नी आनंदी, कौस्तुभ गिरी तथा दीपा गोस्वामी पत्नी गणेश गिरी शामिल हैं। जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए गए घायलों में नैनीताल निवासी लक्ष्मण और दिल्ली निवासी उनकी पुत्री आकांक्षा शामिल थीं। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के बाद ही ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त कार को सड़क से हटवाकर कब्जे में ले लिया गया है। अभी इस घटना में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर प्राप्त होने पर जांच उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# व्यापारी सड़कों से अतिक्रमण हटाने में दें अपना सहयोग



बिलासपुर कोतवाली में व्यापारियों की बैठक में बोलते प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह।

**बिलासपुर, अमृत विचार:** कोतवाली में पुलिस और व्यापारियों के बीच सुरक्षा व सहयोग स्थापित करने के लिए बैठक हुई। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होंने लोगों को यातायात और सड़क सुरक्षा से संबंधित शासन के निर्देशों से अवगत कराया।

उन्होंने व्यापारियों से नगर को अतिक्रमण और जाम से मुक्त रखने में सहयोग की अपील की। व्यापारी नेता धन्नूमल बंसल ने व्यापारियों से सहयोग का आग्रह किया। यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले ई-रिक्शाओं के नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में चौकी प्रभारी योगेश सिंह, सुदर्शन मदान, राजीव अग्रवाल, सुनील गुप्ता, हाफिज ताहिर, शिशुपाल सिंह, रवि गोयल, दुष्यंत अग्रवाल, कमल अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, अख्तर अली, गोविंद अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# खत्म नहीं हो रही गैस की किल्लत, परेशानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



गैस एजेंसी से खाली सिलेंडर ले जाता वाहन। • अमृत विचार

- कभी केवाईसी और कभी नहीं आ रहा ओटीपी का दे रहे हवाला

**अमृत विचार :** गैस के लिए उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। गैस एजेंसी संचालक कभी कहते हैं कि केवाईसी नहीं हुई है और कभी कहते हैं कि गैस बुक कराने के बाद ओटीपी नहीं आया है। लोगों को गैस बुक कराने के चार दिन बाद बुक मिल रही है और अगला सिलेंडर की बुकिंग एक माह बाद होगी।

गैस की किल्लत से होटल, चाय और टिक्की पकौड़े बेचने वाले काफी परेशान हैं। गैस के लिए लोगों को लाइन लगाना पड़ रही है। ईरान, अमेरिका और इजराइल की जंग के बाद से गैस की किल्लत शुरू हो गई है। एलआईसी रोड स्थित चाय की दुकान पर दुकान संचालक शाबू ने बताया कि शाम को गैस खत्म हो गई और गैस नहीं होने के कारण ग्राहक लौट रहे हैं। डूंगरपुर निवासी मोहम्मद रहमान ने बताया कि उन्हें गैस के लिए एजेंसी के कई चक्कर लगाना पड़े इसके बाद उन्हें सिलेंडर की पर्ची मिली है। जयवीर सिंह ने बताया कि गैस नहीं होने से घर में काफी परेशानी हुई। गैस के चूल्हों पर खाना बनाते-बनाते बच्चों को अब लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाने की आदत छूट गई है। घरों पर गैस नहीं होने से लोग गैस के लिए परेशान हो रहे हैं सुबह से गैस एजेंसी पर पहुंचकर गैस दिए जाने की मांग करते हैं। बताते हैं कि गैस एजेंसी संचालक ऊपर से ओटीपी नंबर नहीं आने की बात कहकर टाल रहे हैं। गैस की बुकिंग करने के बाद चार दिन की तारीख मिल रही है। इसके अलावा एक सिलेंडर लेने के बाद दूसरा सिलेंडर एक माह बाद मिलेगा। गैस बुक करने के बाद सिलेंडर के लिए पर्ची लेने के लिए किताब लाना जरूरी है।

## न्यूज डायरी



### अवेंजर को हराकर रामपुर स्ट्राइकर्स सेमीफाइनल में

**रामपुर, अमृत विचार :** बमनपुरी शहीद ए आजम स्टेडियम में आयोजित रामपुर क्रिकेट लीग में रामपुर स्ट्राइकर्स ने रामपुर अवेंजर को 98 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रामपुर स्ट्राइकर्स ने 25 ओवर में 148 रन बनाए। रोहित ने सर्वाधिक 46 रन बनाए, जबकि वकार ने 26 और अमन नवाब ने 22 रन का योगदान दिया। रामपुर अवेंजर के गेंदबाज मोहम्मद तल्हा ने 4 विकेट लिए, जबकि देव ने 3 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रामपुर अवेंजर की टीम 14 ओवर में सिर्फ 53 रन पर ऑलआउट हो गई। स्ट्राइकर्स के गेंदबाज सचिन सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 ओवर में 23 रन देकर 5 विकेट झटके। वो मैन ऑफ द मैच चुने गए। क्रिकेट कोच और संयोजक आलम खान ने उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना। इस दौरान रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष इरफान हुसैन, नावेद हुसैन, पवन कुमार यादव और नितिन कुमार आदि रहे।



### शिक्षा चौपाल में योजनाओं को लेकर जागरूक किया

**रामपुर, अमृत विचार :** विकासखंड मिलक की न्याय पंचायत बबूरा स्थित प्राथमिक विद्यालय स्योंडरा में शनिवार को शिक्षा चौपाल आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी बबीता सिंह ने किया। शिक्षा चौपाल के दौरान बीईओ ने सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और विद्यालय में पठन-पाठन के उच्च स्तर व अनुशासन की सराहना की। उन्होंने विद्यालय स्टाफ के समर्पण को अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत गतिविधियां रहीं। प्रभारी शिक्षक अमित सैनी के निर्देशन में 'दिव्य दृष्टि ध्यान शिक्षा समिति' के अंतर्गत बच्चों ने आंखों पर पट्टी बांधकर किताबें पढ़ीं और रंगों व वस्तुओं की पहचान कर सभी को चौंका दिया। प्रधान बाबूराम, जिलाध्यक्ष एआरपी संघ पृथ्वी सिंह सहित एआरपी टीम के रोहित शर्मा, सचिन पांडे, सुशील गुप्ता, पंकज शर्मा और प्रभाकर गौतम मौजूद रहे। अध्यापक अमित सैनी ने अभिभावकों का आभार जताया।



### कंपोजिट विद्यालय घाटमपुर में मीना मंच का पुनर्गठन

**रामपुर, अमृत विचार :** शनिवार को सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में मीना मंच का पुनर्गठन किया गया। इसके बाद तीनों कक्षाओं के लिए एक-एक पावर एंजेल का चयन किया गया। शिक्षकों ने बताया कि मीना मंच का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में नेतृत्व एवं अभिव्यक्ति की क्षमता को विकसित करना है। कक्षा-6 की पावर एंजेल सानिया, कक्षा 7 की पावर एंजेल राधिका, कक्षा 8 की पावर एंजेल मुंतहा दानिश को बनाया गया। पावर एंजेल की कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। जिसमें कक्षा 8 की आलिया अध्यक्ष, कक्षा 8 की प्रियंका सचिव, कक्षा 7 की रिजवा कोषाध्यक्ष बनाई गई। कक्षा 6 की आन्हा और ज़ोया को सदस्य बनाया गया। मीना मंच की तीनों पावर एंजेल ने विद्यालय में नए प्रवेश कराने के लिए आने वाले अभिभावकों से संपर्क कर विद्यालय का नामांकन बढ़ाने का प्रयास किया गया। यह चयन मास्टर ट्रेनर एवं सुगमकर्ता सीमा गौहर, शिक्षिका रजिया बेगम, संगीता यादव, शिक्षक नाजिम अली, मुजाहिद खान, चिरंजीव गुड्डू की उपस्थिति में हुआ।



### कस्तूरबा गांधी विद्यालय में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

**मिलक, अमृत विचार :** शनिवार को तहसील मिलक क्षेत्र के ग्राम धर्मपुरा गांव में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मे कस्तूरबा गांधी जयंती एवं वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह परिहार, खंड शिक्षा अधिकारी बबीता सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में कक्षा 6, 7 व 8 के छात्रों को शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान महिला पतंजलि योगाचार्य कमलेश गंगवार आर्य, प्रधानाचार्य दीपक सक्सेना, ग्राम प्रधान बजरुद्दीन, शिक्षक होमेंद्र देव, विद्यालय की प्रभारी वार्डन सुनीता देवी गंगवार, शिक्षिका अलका, रेनू गंगवार, सुलेखा वर्मा, इकरा, कय्यूम, प्रियंका राठौर, हितेश कुमार, विकास कुमार, इंद्रवती, रूपरेखा, मुन्नी देवी, सोनम, मुकेश कुमार, संतोष, शशि त्रिवेदी, रेहाना आदि मौजूद रहे। संचालन इकरा कय्यूम ने किया।

मौसम | सुबह से सूरज और बादलों के बीच चला लुकाछिपी का खेल

# आसमान में बादल देख किसानों की बढ़ी धड़कन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



शनिवार को आसमान में उमड़ते-घुमड़ते बादल। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** मौसम ने करवट ली सुबह से आसमान में सूरज और बादलों के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा। सुबह से आसमान में बादल छाए रहे लेकिन, दोपहर में बादलों की ओट से सूरज ने मुंह चमकाया और शाम तक बादलों और सूरज के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा। 13 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने से मौसम खुशगवार हो गया। हालांकि आसमान में बादल देख किसानों की चिंता बढ़ गई। खेतों में गेहूं और सरसों की फसल तैयार खड़ी है और कहीं गेहूं की कटाई शुरू हो गई है।

शनिवार को सुबह से अपराह्न तक आसमान में बादल छाए रहे और शाम तक आसमान में बादल उमड़ते घुमड़ते रहे। खेतों में गेहूं, सरसों, मसूर और चने की फसल तैयार खड़ी है। गेहूं की कटाई शुरू होने वाली है। पकी-पकाई फसल पर बारिश होने से किसान की पूरे साल की मेहनत पर पानी फिर जाएगा। किसान होरी लाल ने बताया कि किसान ने बैंकों और महाजनों से कर्ज लेकर गेहूं की फसल तैयार की है। इस वर्ष फसल भी अच्छी हुई है यदि पकी-पकाई फसल पर बारिश हो गई तो किसान की मेहनत बेकार चली जाएगी। किसान बारिश नहीं होने के लिए मंदिर और मस्जिदों में दुआ कर रहे हैं। पिछले दिनों हुई बारिश से फसलों को कितना नुकसान हुआ है इसका सर्वे कराया जा रहा है।

### हाल-ए-मौसम

- अधिकतम तापमान– 31 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम तापमान– 20 डिग्री सेल्सियस
- आद्रता– 29 प्रतिशत
- वायु वेग– 19 किमी. प्रतिघंटा

> आमतौर पर मौसम शुष्क रहेगा। अधिकतम तापमान 31 से 37 डिग्री तक और न्यूनतम तापमान 23 से 28 डिग्री तक रहने का अनुमान है। – डॉ. श्वेता सिंह, मौसम वैज्ञानिक

# साइबर पुलिस ने पीड़ित के 40 हजार रुपये वापस कराए

**रामपुर, अमृत विचार :** साईबर सेल थाना सिविल लाइंस साइबर फ्रॉड हुए 40,000 रुपये पीड़ित के खाते में वापस कराए। पीड़ित प्रशांत कुमार गुप्ता निवासी सीआरपीएफ रामपुर ने 9 अप्रैल 2026 को साइबर से संबंधित शिकायत की थी। इसमें बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा परिचित बनकर यूपीआई माध्यम से 40,000 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए हैं। थाना सिविल लाइंस की साइबर सेल द्वारा तकनीकी संसाधनों का प्रयोग करते हुए पीड़ित के खाते की जानकारी ली। इसके बाद शनिवार को पीड़ित की साइबर फ्रॉड हुई शत प्रतिशत धनराशि बैंक खाते में वापस कराई। साइबर पुलिस ने पीड़ित को बताया कि प्रलोभन में आकर किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अपना खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नंबर आदि गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें।

## न्यूज ब्रीफ

### घर में घुसकर महिला से मारपीट का आरोप

**हसनपुर, अमृत विचार :** थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव सिमथला निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। पीड़िता ने बताया कि शुक्रवार को रात करीब 12 बजे गांव के ही कुछ लोग उसके घर में घुस आए और गाली गलौज व मारपीट करने लगे। आरोपियों की दबंगई से परिवार दहशत में है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

### कनपटी पर तमंचा रखकर दी धमकी, दो गिरफ्तार

**हसनपुर, अमृत विचार :** बाइक बचाने के चक्कर में दबंगों ने युवक की कनपटी पर तमंचा तान दिया। इस प्रकरण में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि दो आरोपी भाग गए। गांव निवासी रामू ने बताया कि वह गांव के बाहरी छोर पर परचून की दुकान के सामने कई साथियों के साथ खड़ा था। इस बीच एक बाइक पर सवार होकर चार लोग आए और उन्होंने रास्ते में खड़ी बाइक बचाने को कहा। इस दौरान दोनों ओर से कहासुनी के बाद नोकझोंक हो गई। बाइक सवारों ने रामू की पिटाई कर दी। इसके बाद आरोपी भाग निकले। ग्रामीणों ने आरोपियों का पीछा कर झुरेरी ईंट भट्टे के नजदीक पकड़ लिया। इस दौरान बाइक सवार युवकों ने रामू की कनपटी पर तमंचा रख दिया।

### कार का रेडियेटर खोल ले गए चोर, दी तहरीर

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के गजरौला मार्ग स्थित एक मिस्त्री की दुकान के बाहर खड़ी कार से अज्ञात चोरों ने रेडिएटर चोरी कर लिया। नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी कामिल की गजरौला मार्ग स्थित बिजली घर के गेट पर डेंटिंग पेंटिंग की दुकान है। कामिल की दुकान के बाहर एक गाड़ी खड़ी थी, शनिवार की सुबह जब कामिल दुकान खोलने पहुंचा तो उसने देखा की खड़ी हुई गाड़ी का रेडिएटर गायब है। कामिल ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

### महाविद्यालय में मनाया गया ज्योतिबा फुले का जन्मदिन

**हसनपुर, अमृत विचार :** संघटक राजकीय महाविद्यालय में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ राहुल चौधरी ने की और संचालन डॉ मदन पाल सिंह ने किया। डॉ राहुल ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन पर प्रकाश डाला। राजनीति विज्ञान के डॉ मनोज जाटव ने कहा की ज्योतिबा फुले के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ परमजीत कौर, डॉ नरेन्द्र सिंह, डॉ मगेंद्र पाल यादव, डॉ विक्की सिंह, डॉ गजेंद्र सिंह, डॉ गिरेंद्र सिंह, डॉ अनिल कुमार, डॉ कपिल वर्मा, डॉ दीपक तलान, गुड्डु आदि मौजूद रहे।

### छेड़छाड़ का विरोध करने पर दंपती को पीटा

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव में राशन लेने गई एक महिला के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप है। कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला ने बताया कि शुक्रवार को वह दो बजे राशन डीलर के यहां राशन लेने के लिए गई थी। वहां मौजूद युवक ने उसे गलत नीयत से पकड़ लिया। विरोध करने पर मारपीट की। पीड़िता के पति ने जब आरोपी से पूछताछ की तो उसने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। पीड़ित ने तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। पुलिस जांच कर रही है।

# अंधविश्वास में चली गई किशोर की जान

## सर्पदंश से पीड़ित था अमित, तांत्रिकों के कहने पर लड़के को गंगा नदी के पानी में रस्सी और लकड़ी के सहारे बांध दिया

संवाददाता अमरोहा/ढबारसी



विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार



मृतक अमित।

- चिकित्सीय उपचार कराने के बजाय झाड़ फूंक व जादू टोने में लगे रहे परिजन

**अमृत विचार :** सर्पदंश से ग्रस्त किशोर की अंधविश्वास ने जान ले ली। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव पीतमपुर में 13 वर्षीय किशोर को सर्प ने डस लिया था। परिजन उसे अस्पाल ले जाने के बजाय एक तांत्रिक के पास ले गए। तांत्रिक ने झाड़फूंक और आंडम्बरों से सही करने का प्रयास किया, इसके बाद उसे गंगा नदी के पानी में बांध रस्सी के सहारे बांध दिया। 12 घंटे बाद जब परिजनों को लगा कि किशोर की मौत हो गई है। तब उन्होंने शव को पानी में बहा दिया।

जानकारी के अनुसार, अमित गुरुवार शाम करीब 6 बजे पशुओं के लिए भूसा लेने खेत गया था। वहीं किसी जहरीले सांप ने उसे काट लिया। करीब तीन घंटे बाद वह घर लौटा और परिजनों को घटना की जानकारी दी। कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी और वह बेहोश हो गया। इस गंभीर स्थिति में भी परिवार ने उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के बजाय अंधविश्वास का सहारा लिया। परिजन पहले उसे संभल जनपद के खड़करानी गांव ले गए, जहां झाड़-फूंक कराई गई। जब हालत में कोई सुधार नहीं हुआ, तो उसे सिरसा क्षेत्र के एक अन्य स्थान पर ले जाया गया। इस दौरान बच्चे की स्थिति लगातार बिगड़ती रही, लेकिन परिजन अस्पताल जाने से बचते रहे। इतना ही नहीं, परिवारजन अमित को गंगा नदी किनारे अमनतका देवी स्थल पर ले गए, जहां यह मान्यता है कि सांप के काटे व्यक्ति को नदी की लहरों में रखने से जहर उतर जाता है। परिजनों ने लकड़ी का ढांचा तैयार कर बच्चे को उसमें बांध दिया। करीब 12 घंटे तक गंगा की लहरों के बीच रखा। इस दौरान सभी लोग उसके ठीक होने का इंतजार करते रहे, लेकिन उसके शरीर में कोई हरकत नहीं हुई। जब स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ, तो परिजन उसे बुलंदशहर के स्याना क्षेत्र में एक हकीम के पास ले गए। वहां भी हालत बिगड़ती गई। आखिरकार जब सभी प्रयास विफल हो गए और परिजनों को लगा कि बच्चा नहीं रहा, तो वे उसे अमरोहा वापस ले आए। शनिवार दोपहर करीब 2 बजे गंगा में जल प्रवाह कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया ने बताया कि बच्चे की मौत समय पर इलाज न मिलने के कारण हुई है। परिजनों ने इस संबंध में थाने में कोई लिखित सूचना नहीं दी है। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है। यह घटना एक बार फिर यह साबित करती है कि अंधविश्वास और जागरूकता की कमी किस तरह जानलेवा साबित हो सकती है।

### किशोर की मां को थी उम्मीद

मृतक की मां पाला देवी ने बताया कि वे तीन दिन तक बेटे को इधर-उधर लेकर घूमते रहे। उन्होंने कहा कि "बड़े-बुजुर्गों के समय से यही सब होता आ रहा है, इसलिए हमने भी वही किया।" हालांकि इस सोच ने उनके बेटे की जान ले ली। सीएचसी रहरा के प्रभारी डॉ. शशांक चौधरी ने बताया कि बच्चे को अस्पताल लाया ही नहीं गया था। उन्हें इस घटना की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली। उन्होंने कहा कि 95 प्रतिशत सांप जहरीले नहीं होते, लेकिन जो 5 प्रतिशत जहरीले होते हैं, उनके काटने पर तुरंत इलाज जरूरी होता है। अगर मरीज समय पर सरकारी अस्पताल पहुंच जाए, तो अधिकतर मामलों में जान बचाई जा सकती है। उन्होंने आगे कहा कि झाड़-फूंक करने वाले लोग अधिकतर गैर-जहरीले सांप के मामलों में खुद को सफल साबित कर देते हैं, जिससे लोगों में भ्रम फैलता है। लेकिन जहरीले सांप के मामलों में यह तरीके कारगर नहीं होते और जान चली जाती है।

# डीएम मैडम कृपया फीस और किताबों का मूल्य कम कराएं

संवाददाता हसनपुर

- अधिक कीमत और निजी स्कूलों के कारण गरीब बच्चों की शिक्षा पर पड़ रहा असर

**अमृत विचार :** निजी स्कूलों की मनमानी अब बच्चों को भी अखरने लगी है। मंहगी किताबे और मनमानी फीस के चलते गरीब तबके के बच्चों को उचित शिक्षा नहीं मिल पा रही है। कई स्कूलों के चक्कर काटने के बाद एक बच्ची ने सोशल मीडिया के माध्यम से डीएम अमरोहा से फीस और किताबों का मूल्य कम करने की मांग की है। इसके साथ ही एनसीईआरटी की पुस्तकें लागू करने की मांग की है। बच्ची का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

तहसील क्षेत्र के गांव देहरी गुर्जर निवासी बच्ची माही के द्वारा सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल की गई है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। वीडियो के माध्यम से माही ने जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स से अपील की है। वायरल वीडियो में बच्ची कह रही है कि डीएम मैडम प्राइवेट स्कूलों की फीस एवं किताबें बहुत महंगी है। उसे कम करवा दीजिए। बहुत से बच्चों के माता-पिता इसका बोझ उठा नहीं सकते। बच्ची ने डीएम से अपील की है कि यदि आप ध्यान देंगी तो गरीब बच्चों को भी अच्छी शिक्षा मिल सकती है। वीडियो वायरल होने के बाद बच्ची ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अमीर और गरीब सभी का है। लेकिन मंहगाई के कारण गरीब के बच्चे शिक्षा से वंचित हैं। माही ने बताया कि हो सकता है कि डीएम मैडम गरीब बच्चों की ओर ध्यान दें और इसका लाभ मिल सके। वीडियो में बच्ची किताबों के पैसे कम करने के लिए मासूम ने हाथ जोड़कर जिला अधिकारी से निवेदन कर रही है। खंड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी अनिल कुमार का कहना है की मासूम की वायरल वीडियो पर जिलाधिकारी के निर्देश पर जांच की जा रही है।

# श्रद्धा से मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती



जयंती पर महात्मा ज्योतिबाफुले की मूर्ति पर करते माल्यार्पण। ● अमृत विचार

**धनौरा, अमृत विचारः** नगर के महाराज शूरसेन सैना पार्क में शूरसैन सभा के नगर अध्यक्ष सौरभ सैनी की अध्यक्षता में शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती बड़े ही श्रद्धा भाव और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता निवर्तमान पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले एक महान भारतीय विचारक, समाज सुधारक, लेखक एवं दार्शनिक थे। इस दौरान शंकर सैनी, चमन सैनी, सुनील सैनी, रामकिशोर सैनी, घनश्याम सैनी, सूजीव सैनी, देशराज सैनी, विनेश सैनी, गोल्डी सैनी आदि रहे।

# महात्मा ज्योतिबा फुले का योगदान पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग

संवाददाता, अमरोहा

- ज्योतिबा फुले की जयंती पर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचारः** जनपद में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर ऑल इंडिया सैनी सभा उत्तर प्रदेश रजि. द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर सरकार के नाम ज्ञापन भेजा गया। शनिवार को उनकी जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित प्रतिमा स्थल पर किया गया।

जहां सभा के पदाधिकारियों व समाज के लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वक्ताओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के सामाजिक योगदान को याद करते हुए उनके विचारों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में समाज के लोगों ने एकजुट होकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री समेत अन्य संबंधित अधिकारियों को संबोधित ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन और योगदान को शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल करने तथा उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की गई। इस मौके पर राजपाल सिंह सैनी, कल्याण सिंह, कृपाल सिंह, पूरन सिंह, मदन मोहन, संजय सैनी आदि मौजद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन देते लोग। ● अमृत विचार

### महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज में जलाई शिक्षा की लौ: तंवर



चौधरी कंवर सिंह तंवर को महात्मा ज्योतिबा फुले की तस्वीर भेंट करते लोग।

**रहरा :** रहरा के श्री प्रकाश वीर शास्त्री इंटर कॉलेज में ज्योतिबा फुले आर्मी के तत्वाधान में महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती धूमधाम से मनाई गई। बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे भाजपा सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने सर्वप्रथम महात्मा ज्योतिबा फूले व सावित्रीबाई फूले की प्रतिमा पर पुष्प अर्जित किये। इस दौरान उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन के विषय में जानकारी दी। बताया कि ज्योतिबा फुले ने सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर समाज में शिक्षा की लौ जलायी। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों विशेषकर बेटियों को जरूर पढ़ाना चाहिए। इस दौरान सपा नेता चंद्रपाल सैनी ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान मुख्य रूप से सोनू नागर, मोनू भड़ाना, किसान नेता दिग्विजय भाटी, विजय सैनी, एडवोकेट बृजेश कुमार, पवनेश सैनी, लख्मीचंद, विजयपाल सिंह, बलराम राणा, नेहा, आनंद सैनी आदि लोग उपस्थित रहे।

# जमीन के विवाद में दो भाइयों में मारपीट, शिकायत

**हसनपुर, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो भाइयों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुर भूड़ निवासी रूप किशोर पुत्र खचेडू अपने परिवार के साथ रहता है। वह खेती करके परिवार का पालन पोषण करता है। रूप किशोर के द्वारा कुछ समय पूर्व जमीन ली गई थी, जिस पर उसका बड़ा भाई अपना हक जताता आ रहा था, इस बात को लेकर शनिवार की सुबह दोनों भाइयों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान रूप किशोर व उसकी पत्नी नीलम घायल हो गए। घायल दंपति के द्वारा आरोपी के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दे दी गई है।

# सड़क हादसों में चार युवक घायल, एक गंभीर

संवाददाता हसनपुर

- गजरौला मार्ग पर कार ने बाइक को मारी टक्कर

**अमृत विचारः** अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। इनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। घायल युवक को हायर सेंटर रेफर किया गया है। पहला हादसा गजरौला मार्ग पर हुआ। दूसरा हादसा भीकनपुर गांव के निकट हुआ।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मछरई निवासी फहीम पुत्र दिलशाद, शहजाद व रिहान पुत्रगण महबूब शनिवार को सिहाली से अपनी चचेरी बहन की शादी का सामान लेकर घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक गजरौला मार्ग पर मनौटा शिव मंदिर के पास मोड़ पर पहुंची, तो सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों युवक सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए हो गए। राहगीरों के द्वारा घायलों को नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने फहीम की हालत को गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं दूसरा हादसा सैदनगली थाना क्षेत्र में हुआ। यहां गांव भीकनपुर निवासी रोहित भड़ाना पुत्र ओमकार सिंह सड़क किनारे पैदल अपने घर जा रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# घुमंतू पशुओं और बंदरों के आतंक से परेशान ग्रामीण

**रहरा, अमृत विचार :** गंगेश्वरी विकासखंड के गांव भावली में भारतीय किसान यूनियन शंकर की एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक के दौरान अपने विचार रखते हुए ब्लाक अध्यक्ष योगेंद्र कुमार ने कहा कि गांव भावली में बेसहारा पशुओं और बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। कई लोगों की बेसहारा पशुओं की हमले से जान भी जा चुकी है। कमल सिंह ठाकुर ने कहा कि गांव में सर्वे कराकर महिलाओं व विधवाओं को पेंशन अति शीघ्र दिलवाई जाए। कहा कि गांव में देवी मंदिर से कुंवर सैन के मकान तक खडंजा व नाली बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जहां ग्रामीणों को निकलना दुश्वार हो रहा है। जिसका सर्वे करा कर जल्द से जल्द खंडजा व नाली का निर्माण किया जाए ताकि जल निकासी की समस्या पैदा ना हो।

## न्यूज डायरी

### थाना समाधान दिवस में नौ शिकायतें दर्ज



**हसनपुर, अमृत विचार :** शनिवार को कोतवाली प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम न्यायिक भूषण पाठक ने लोगों की शिकायतें सुनी। थाना समाधान दिवस में नौ शिकायतें राजस्व विभाग की दर्ज हुई, जिनके निस्तारण हेतु अधिकारियों द्वारा राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर शिकायतों के जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी व मौजूद रहे।

### युवक ने कीटनाशक खाकर की जान देने की कोशिश

**हसनपुर, अमृत विचार :** जनपद बुलंदशहर के थाना नरसेना के गांव दौलतपुर निवासी बजर खान पुत्र जमील खान का निकाह 9 वर्ष पूर्व नगर निवासी एक युवती के साथ हुआ था। युवती 22 मार्च को अपनी बहन की शादी में शामिल होने नगर स्थित अपने मायके आई थी। शनिवार को बजर खान नगर के पूठ अड्डा स्थित घास मंडी पहुंचा जहाँ पत्नी को फोन पर वीडियो कॉल कर धमकी देने लगा। पति-पत्नी के बीच काफी देर तक मोबाइल पर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान बजर खान ने कीटनाशक की बोतल के साथ वीडियो बनाया और पत्नी को भेजकर आत्महत्या की धमकी दी। फिर डायल 112 पुलिस को कीटनाशक का सेवन करने से पहले ही फोन कर दिया। इसके बाद उसने कीटनाशक गटक लिया। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस ने उसे घास मंडी क्षेत्र से बरामद कर तुरंत सीएचसी में भर्ती कराया। जहां युवक की हालत को गंभीर देखते चिकित्सकों के द्वारा उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर सीएचसी पहुंचे नायब तहसीलदार मनोज कुमार ने युवक के बयान दर्ज किए।

### उत्कृष्ट कार्य पर बीएलओ को सम्मानित किया

**सैदनगली, अमृत विचार :** नगर पंचायत सैद नगली के वार्ड संख्या 10 के बीएलओ निर्देश कुमार को उनके बेहतरीन काम के लिए सभासद फजले अब्बास और लोगों ने शाल उढ़ाकर सम्मानित किया। बता दें कि निर्देश कुमार ने बहुत ज़िम्मेदारी के साथ एसआईआर का कार्य समयानुसार पूरा किया जिससे सभी लोग बहुत खुश हुए और सभी लोगों ने मिलकर उनको सम्मानित किया। इस अवसर पर सभासद फज़ले अब्बास, हसन मेहदी, असद अब्बास, सलमान हैदर, कुमैल अब्बास, आदि लोग मोजूद रहे।

### दबंगों ने ग्रामीण को किया घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव पसरा खादर निवासी जाकिर शनिवार की दोपहर अपने परिवार के साथ घर पर था। उनके बेटा अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान पड़ोसी का बच्चा भी वहां खेल रहा था। जिसके बाद दोनों बच्चों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिसके पड़ोसी ग्रामीण ने अपने साथियों के साथ मिलकर जाकिर के घर में घुसकर गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर जाकिर व उसके परिवार वालों को मारपीट कर घायल कर दिया।

### रैली निकालकर शिक्षा के लिए किया जागरूक



**सैदनगली, अमृत विचार :** सैदनगली क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा के प्रति अलख जगाने के उद्देश्य से स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत शनिवार को एक विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कंपोजिट स्कूल सैदनगली प्रथम एवं द्वितीय के स्टाफ व छात्र-छात्राओं ने संयुक्त रूप से कस्बे में रैली निकालकर जागरूक किया। प्रधानाध्यापिका खालिदा रफत अंसारी एवं प्रधानाध्यापक निर्देश कुमार ने सरकार द्वारा दी जाने वाली निरूशुल्क शिक्षा, ड्रेस, पुस्तकों व मध्याह्न भोजन जैसी योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वैभव गुप्ता, नाजनीन, शाईस्ता बानो, सविता रानी, भावना गर्ग, अंजू देवी, ताजदार अहमद, पूजा चौधरी, मुमताज जहाँ, प्रवेश चौधरी, सुनीता, वर्तिका गुप्ता, ओमवती एवं नजमी आरा समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# झूठे मुकदमे में फंसाने के विरोध में भाकियू टिकैत का धरना जारी

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

- 16 अप्रैल को महापंचायत व सीओ कार्यालय के घेराव का ऐलान
- पांच दिन से धरने पर बैठे हैं किसान और पदाधिकारी

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बैनर तले किसानों का आंदोलन अब तेज होता जा रहा है। किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर अफजलगढ़ डाक बंगले पर चल रहा धरना-प्रदर्शन शुक्रवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान धरना स्थल पर डटे रहे और सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

धरने को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान ने कहा कि किसानों पर दर्ज किए गए झूठे मुकदमों को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए, अन्यथा आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक किसानों को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक धरना-प्रदर्शन अनवरत जारी रहेगा। आगामी 16 अप्रैल को अफजलगढ़ डाक बंगले परिसर में एक विशाल महापंचायत आयोजित की जाएगी, जिसमें क्षेत्रभर के किसान बड़ी संख्या में शामिल होंगे। महापंचायत के बाद उसी दिन सीओ कार्यालय अफजलगढ़ का घेराव कर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। धरना स्थल पर मौजूद किसानों में प्रशासन की उदासीनता को लेकर भारी आक्रोश देखने को मिला। किसानों का कहना है कि पांच दिनों से शांतिपूर्ण तरीके से धरना चल रहा है, लेकिन अब तक कोई भी जिम्मेदार अधिकारी उनकी समस्याएं सुनने तक नहीं पहुंचा है। इसे लेकर किसानों ने प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाया। किसानों ने आरोप लगाया कि उन्हें साजिश के तहत झूठे मुकदमों में फंसाया जा रहा है, जिससे उनका उत्पीड़न हो रहा है। धरना-प्रदर्शन में राणा सिंह सैनी, बरसा सिंह, पूर्व प्रधान दर्शन सिंह रावत, चरणदीप सिंह, पूर्व प्रधान बलकार सिंह, वसीम अहमद गुर्जर, दीपक सिरोही, आर्य देव राणा, अतुल शर्मा, गुरविंदर सिंह गिल, सुदर्शन सिंह, जसपाल सिंह चौधरी, रमेश सिंह शेखावत, सतीश आर्यन, चौधरी दीपक, सतनाम सिंह, रूपक ठाकुर, गुरप्रीत सिंह, अनिल चौहान, धर्मेन्द्र कुमार, डॉ विजय सिंह, डॉ धर्मवीर सिंह, ओमप्रकाश सिंह, भूदेव सिंह, तेजपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में सुनीं फरियादियों की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

- तीन शिकायत का मौके पर ही किया निस्तारण

**अमृत विचारः** थानाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह राठी ने कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस के दौरान सात शिकायतें दर्ज करायी गयी जिनमें से तीन शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया अन्य शिकायतों का निस्तारण कराने को लेकर लेखपाल व विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेजा है।

शनिवार को कोतवाली प्रांगण में समाधान दिवस में थानाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह राठी ने कहा कि पीड़ित को न्याय दिलाना प्रत्येक अधिकारी का कर्तव्य है। समाधान दिवस में फरियादियों द्वारा सात शिकायतें आयी तीन शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि अन्य शिकायतों का निस्तारण कराने को लेकर लेखपाल व विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। अफजलगढ़ एसएसआई श्रीपाल ने कहा कि समाधान दिवस की शिकायतों का निस्तरण शीघ्र ही कराया जायेगा । इस अवसर पर एसएसआई श्रीपाल सिंह के आलावा कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार, एसआई हरवीर सिंह, उपनिरीक्षक राजीव कुमार, उप निरीक्षक जयवीर सिंह सहित कानूनगो अफजलगढ़ योगेन्द्र कुमार, कानूनगो कासमपुरगढ़ी नरेश कुमार, लेखपाल गौरव चौहान, लेखपाल अनिरुद्ध चौहान, जितेन्द्र प्रताप सिंह, ऋषिपाल सिंह, नागेन्द्र सिंह, राकेश कुमार, संजीव कुमार, जितेन्द्र कुमार, फूल सिंह आदि लोग रहे।

अमृत विचार

मुरादाबाद, रविवार, 12 अप्रैल 2026 संभल-चन्दौसी

न्यूज ब्रीफ

### शार्ट सर्किट से मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान में लगी आग

**चंदौसी, अमृत विचार :** गांव औरंगपुर निवासी आनंदपाल सिंह की मझावली चौराहे पर मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान है। वह शनिवार की शाम दुकान बंद करके अपने कमरे पर गए ही थे। इसके बाद परिचित संजीत ने उन्हें फोन पर दुकान में आग लगने की जानकारी दी। जब तक आनंदपाल सिंह मौके पर पहुंचे, तब तक दुकान और उसमें रखे महंगे उपकरण व मोबाइल पूरी तरह जल चुके थे। साथ ही बिक्री के लिए रखे 15 एंड्रॉइड फोन और मरम्मत के लिए आए ग्राहकों के 14 मोबाइल जलकर राख हो गए।

### मुस्लिम, दलित व पिछड़े वर्ग के बड़े पैमाने पर कटे नाम: बर्क

**संभल, अमृत विचार :** लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने एसआईआर प्रक्रिया के दौरान वोट कटौती को लेकर उठ रहे सवालों पर कहा कि इस मामले को किसी एक समुदाय से जोड़कर देखना सही नहीं है, क्योंकि उनके संज्ञान में ऐसा कोई ठोस तथ्य नहीं आया है कि मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में कम और अन्य क्षेत्रों में ज्यादा वोट काटे गए हों। सांसद बर्क ने कहा कि जिस तरह से विपक्ष लगातार सरकार और चुनाव आयोग पर दबाव में काम करने के आरोप लगाता रहा है, वह अपनी जगह है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि वोट कटौती का असर सभी वर्गों पर पड़ा है। सांसद ने यह भी कहा कि वोटर लिस्ट से नाम हटना एक गंभीर मामला है, क्योंकि यह लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़ा हुआ है। निष्पक्ष जांच होना बेहद जरूरी है।

### स्टंट करते वक्त पलटा ट्रैक्टर, युवक घायल

**संभल, अमृत विचार :** जनपद के ऐंचौड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव नहरौली में सोशल मीडिया पर फेमस होने के चक्कर में युवक को ट्रैक्टर से स्टंटबाजी करना भारी पड़ गया। गांव निवासी नबी हसन नया ट्रैक्टर लेकर अपने घर के पास खेत में पहुंचा। खेत में पहुंचकर नबी हसन ने खुद को सोशल मीडिया पर चर्चित करने के उद्देश्य से ट्रैक्टर से स्टंट करना शुरू कर दिया। करीब आधे घंटे तक वह अलग-अलग तरीके से स्टंट करता रहा, जबकि कुछ दूरी पर खड़ा उसका साथी मोबाइल से वीडियो रिकॉर्ड करता रहा। इसी दौरान स्टंट करते समय ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया और खेत में पलट गया। ट्रैक्टर के पलटते ही युवक उसके नीचे दबकर घायल हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर सीज कर दिया है।

# लिंटर तोड़ते समय गिरी छत मलबे में दबकर युवक की मौत

## घटना के बाद मचा कोहराम, मलबा हटाकर निकाला, पुलिस को नहीं दी सूचना

संवाददाता,चंदौसी



काफिल।



चंदौसी में हादसे में युवक की मौत के बाद बिलखतीं परिवार की महिलाएं।



इसी छत के नीचे दब गया था काफिल।

**अमृत विचार :** कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव में लिंटर तोड़ते वक्त युवक का संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे गिर गया। इतने में उस पर लिंटर गिर गया, जिससे वह मलबे में दब गया। आनन फानन में लोगों ने मलबा हटाकर गंभीर रूप से घायल हुए युवक को निकाला और अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला लक्ष्मणगंज निवासी काफिल (28) शनिवार सुबह करीब 10 बजे अपने फुफेरे भाई फुरकान के घर मरम्मत कार्य के चलते छत का लिंटर तोड़ने गया था। बताया जा रहा है कि वह अन्य मजदूरों के साथ मिलकर लिंटर तोड़ने का काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे जा गिरा। गिरते ही ऊपर से भारी भरकम लिंटर का मलबा भी उसके ऊपर आ गिरा, जिससे वह दब गया। घटना होते ही मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों और परिजनों ने तुरंत मलबा हटाकर उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से घायल हो चुका था। परिजन उसे आनन-फानन में बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी अमरीन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया, वहीं परिजनों और रिश्तेदारों की आंखें भी नम हो गईं। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है

### परिजनों ने कार्रवाई से किया इनकार

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस भी मृतक के घर पहुंची और परिजनों से पूछताछ कर स्थिति का जायजा लिया। हालांकि परिजनों ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई या पोस्टमार्टम कराने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद परिजनों ने शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए होते तो शायद इस तरह का हादसा टाला जा सकता था। कोतवाल अनुज तोमर ने बताया कि घटना को लेकर किसी तरह की कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।

## बांदीकुई एक्सप्रेस की चपेट में आकर अज्ञात युवक की मौत

**संभल, अमृत विचार :** जनपद के बहजोई थाना क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे अंडरपास के पास शुक्रवार देर रात एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। रेलवे ट्रैक पर उसका शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है।

गांव अचलपुर स्थित अंडरपास के निकट शुक्रवार रात करीब 12:50 बजे बांदीकुई एक्सप्रेस ट्रेन गुजर रही थी। इसी दौरान एक युवक उसकी चपेट में आ गया, जिससे उसका शरीर बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। शहीद भगत सिंह पुलिस चौकी प्रभारी सुनील कुमार ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर आसपास के गांवों में मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। कार्यवाहक थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि पहचान के लिए शव और कपड़ों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर प्रसारित की गई हैं, ताकि परिजन सामने आ सकें। पहचान होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हाईटेंशन लाइन का 3.5 किमी लंबा तार चोरी

कार्यालय संवाददाता,संभल



तार चोरी के बाद पड़ा पोल।

**अमृत विचार:** जनपद के ऐंचौड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने ट्यूबवेल की हाईटेंशन लाइन को काटकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। करीब साढ़े तीन किलोमीटर लंबी 11 हजार वोल्ट की लाइन का तार चोरी होने से विद्युत विभाग को पांच लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है, वहीं 50 से अधिक कि नलकूप बंद हो गए हैं।

शनिवार शाम करीब पांच बजे ऐंचौड़ा कंबोह विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता नवीन कुमार ने एंटी पावर थेफ्ट थाना संभल में तार चोरी का मुकदमा दर्ज कराया। बताया कि गांव सिसौना निवासी मोहम्मद अली ने जंगल में बिजली लाइन चोरी होने की सूचना दी थी। अवर अभियंता के अनुसार गांव ज्ञानपुर निवासी तेजपाल सिंह के खेत से लेकर सुदारी के खेत तक 18 पोल पर लगी एसीएसआर डॉग कंडक्टर लाइन करीब 3 किलोमीटर गायब मिली। इसके अलावा जोगिंदर के खेत में लगे चार पोल से करीब 494 मीटर तार भी चोरी कर लिया गया। इस तरह कुल साढ़े तीन किलोमीटर बिजली का तार चोरी हुआ है, जिसकी अनुमानित कीमत 5,73,916 रुपये आंकी गई है। उन्होंने बताया कि यह लाइन आवासीय न होकर ट्यूबवेल आपूर्ति के लिए थी, जिससे क्षेत्र के किसानों की सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो गई है। चोरी के दौरान एक सीमेंटेड पोल भी क्षतिग्रस्त मिला है। तार चोरी के बाद ऐंचौड़ा कंबोह उपकेंद्र से जुड़े हसनगढ़ उर्फ सिकंदरपुर, मथना, चितावली, हाजीबेडा सहित करीब आठ गांवों के किसानों के ट्यूबवेल की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। इससे फसलों की सिंचाई प्रभावित होने से किसानों में आक्रोश है।

# जंगली सुअरों के हमले से किशोर घायल

कार्यालय संवाददाता,संभल



सुअरों के हमले में घायल किशोर।

- परिजनों की सूचना पर पुलिस ने तीन घंटे बाद तलाश किया
- हमले से चोटिल होने के बाद बेहोश हो गया था

**अमृत विचार :** मक्का की रखवाली करने गए किशोर पर दो जंगली सुअरों ने हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल किशोर खेत में बेहोश होकर गिर गया। जब वह काफी समय तक वापस नहीं आया तो परिजनों ने तलाश किया और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस के साथ परिजनों ने सर्च आपरेशन चलाया। किशोर करीब तीन घंटे बाद अचेत अवस्था में मिला।

बहजोई थाना क्षेत्र के अतरासी गांव निवासी वीरेंद्र का 14 वर्षीय बेटा विवेक कश्यप शुक्रवार को बाइक से मक्का के खेत की रखवाली करने के लिए गया था। उस समय उसकी बुआ प्रेमवती और चाचा दिनेश पास के खेत में गेहूं की कटाई कर रहे थे। दोनों ने विवेक को मक्का की घनी फसल के बीच न जाने की हिदायत दी थी, लेकिन किशोर उनकी बात को नजरअंदाज कर खेत के अंदर चला गया। काफी समय बीत जाने के बाद जब विवेक वापस नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता सताने लगी। बुआ और चाचा ने पहले आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर उन्होंने विवेक के पिता को सूचना दी। धीरे-धीरे अनहोनी की आशंका बढ़ने लगी, जिसके बाद डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम गांव अतरासी पहुंची और परिजनों के साथ मिलकर मक्का के घने खेत में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। काफी मशक्कत के विवेक खेत के अंदर अचेत अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस और ग्रामीणों ने तुरंत उसे बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए एक्स-रे कराने की सलाह दी और जिला संयुक्त चिकित्सालय संभल के लिए रेफर कर दिया। शनिवार को परिजन उसे आगे के इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार मिलने के बाद उसे होश आ गया। होश में आने पर विवेक ने बताया कि जैसे ही वह मक्का की फसल के अंदर गया, वहां पहले से मौजूद दो जंगली सूअर अचानक उस पर हमला कर बैठे। एक सूअर की जोरदार टक्कर लगने से वह बेहोश हो गया।

# एचटी लाइन की चिंगारी से 10 बीघा गेहूं की फसल जली



संभल के गुमसानी में आग से जली गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

संवाददाता,संभल/ओबरी

- सूचना पर पहुंचे लेखपाल ने किया नुकसान का आकलन

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव गुमसानी में शनिवार दोपहर हाईटेंशन बिजली लाइन से निकली चिंगारी से दो किसानों के खेतों पकी खड़ी करीब दस बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जानकारी मिलने पर किसान आग बुझाने के लिए की ओर दौड़ पड़े। जब तक फसल जल कर राख हो चुकी थी। सूचना पर मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने किसानों से जानकारी की ।

टांडा कोठी विद्युत उपकेंद्र से गुमसानी गांव में शनिवार की दोपहर एचटी लाइन के तारों से निकली चिंगारी से किसान कृष्णा देवी पत्नी ओमकार के खेत में गिरने से उसके गेहूं की फसल में आग लग गई। हवा तेज़ चलने के कारण आग ने पास के किसान शौकीन के गेहूं की फसल को भी चपेट में ले लिया। जिसमें दोनों किसानों के खेत में खड़ी करीब10 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सड़क किनारे गुजर रहे राहगीर ने खेत में आग लगने की जानकारी ग्रामीणों को दी। आग लगने की जानकारी मिलने पर किसान आग बुझाने खेतों की ओर दौड़ पड़े, तब तक दोनों की फसल जलकर राख हो चुकी थी। सूचना पाकर हल्का लेखपाल विकास कुमार मौके पर पहुंचे और किसानों से जानकारी ली।

### एचटी लाइन से निकली चिंगारी से आठ बीघा गेहूं की फसल राख, मुआवजा की मांग

**संभल, अमृत विचार :** थाना हयातनगर क्षेत्र के गांव लहरशीश में शनिवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब खेत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन में फाल्ट होने के बाद निकली चिंगारी से गेहूं की खड़ी फसल में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर करीब 8 बीघा गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। इस हादसे में किसान को हजारों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी किसान हेमराज के खेत के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। शनिवार को करीब 12 बजे लाइन के खंभे में अचानक फाल्ट हो गया, जिससे निकली चिंगारी नीचे खड़ी सूखी गेहूं की फसल पर गिर गई। चिंगारी गिरते ही फसल में आग भड़क उठी और तेज हवा के चलते आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले लिया। जिस वक्त आग लगी थी, उस वक्त किसान घर पर गया था। सूचना पर वह दौड़कर पहुंचा, लेकिन तब तक उसकी फसल जलकर राख हो चुकी थी। हेमराज के खेत के आसपास गांव के अन्य 6-7 किसानों के खेत भी स्थित हैं। आग को फैलने से रोकने के लिए ग्रामीणों ने तत्काल मोर्चा संभाल लिया और अपने निजी संसाधनों जैसे पानी, मिट्टी व हरे पेड़ों की डालियों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। करीब दो दर्जन ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

# हज के लिए तरबियत शिविर आयोजित किया

कार्यालय संवाददाता,संभल

- हज पर जाने वाले 400 लोगों को को दी गई अहम जानकारी

**अमृत विचार:** मरकज़ी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम, तेल मंडी में हज पर जाने वाले यात्रियों की सहायता के लिए तरबियत कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में लगभग 400 हाजियों को हज के अरकान, नियम-कानून और जरूरी तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कैंप में क़ारी वसी अशरफ़ ने स्क्रीन के माध्यम से हाजियों को हज के सभी अहम चरणों के बारे में बताया। उन्होंने एहराम बांधने का तरीका, तवाफ की प्रक्रिया, चक्कर लगाने की संख्या समेत अन्य जरूरी बातों को विस्तार से समझाया। ख़्वाजा कलीम अशरफ़ संभली ने मदीना शरीफ की अहमियत बताते हुए कहा कि वहां बेहद अदब और एहतराम के साथ पेश आना चाहिए। कैंप में शहर के चिकित्सक डॉ. शाने रब ने हाजियों को स्वास्थ्य संबंधी जरूरी सावधानियों के बारे में बताया। जिला हज ट्रेनर अब्दुल खालिक ने नियमों के बारे में बताया। हज ट्रेनर हाजी नदीम और मुहम्मद अहमद रजा ने हाजियों को हेल्थ कार्ड वितरित किए, जबकि उम्मे हबीबा ने महिला हाजियों को उनके संबंधित मसाइल बताए। इस मौके पर क़ारी तनजीम अशरफ, मुफ्ती आलम नूरी, मौलाना शमशाद, सैय्यद अब्दुल कदीर आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा का प्रशिक्षण महाभियान शुरू

कार्यालय संवाददाता,संभल



भाजपा के प्रशिक्षण महाभियान कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

- तीन सत्रों में दी गई संगठन की जानकारी

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी नगर इकाई द्वारा माथुर वैश्य धर्मशाला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का दो दिवसीय कार्यक्रम शुरू किया गया। पहले दिन आयोजित कार्यक्रम में तीन सत्रों में पार्टी की विचारधारा, इतिहास और कार्य पद्धति की विस्तृत जानकारी दी गई।

पहले सत्र में मुख्य वक्ता पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी नरेंद्र सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए अब तक के राष्ट्रीय अध्यक्षों के योगदान को विस्तार से बताया। वहीं संजय सांख्यधर ने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। दूसरे सत्र में मुख्य वक्ता लोकसभा संयोजक पंकज गुप्ता एवं कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व जिला कोषाध्यक्ष रुपेश सर्राफ रहे। तीसरे सत्र में मुख्य वक्ता भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. अरविंद गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष कशिश कौशल, सौरभ गुप्ता, शिल्पी गुप्ता, शोभित गुप्ता, गोपाल शर्मा, विपिन गुप्ता, मुकुल रस्तोगी, दिनेश कुमार जाटव, सुनील राजपूत, कैलाश चंद्र गुप्ता, प्रतीक गुप्ता, हर्षित शर्मा, निधि शर्मा, प्रभात सर्राफ, मयंक आर्य आदि कार्यकर्ता रहे।

# धूमधाम से निकाली अक्रूर जी महाराज की शोभायात्रा



चंदौसी में अक्रूर जी महाराज की शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार



चंदौसी में अक्रूर जी महाराज की शोभायात्रा में साथ चलती महिलाएं।

संवाददाता,चंदौसी

- जगह - जगह पुष्पवर्षा कर किया गया स्वागत

**अमृत विचार:** श्री अक्रूर जी महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर श्री वार्ष्णेय यूथ संगठन के तत्वावधान में एक भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में काफी संख्या में श्रद्धालु उमड़े और पूरा नगर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा।

शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण और अक्रूर जी महाराज के जीवन पर आधारित मनमोहक झांकियां शामिल रहीं, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं।

अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने बताया इस वर्ष की शोभायात्रा में एक कुंतल 20 किलो की पीतल की प्रतिमा विशेष रूप से शामिल की गई। नगर के विभिन्न मार्गों पर स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

शोभायात्रा से पूर्व हवन-पूजन का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में नगर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय, प्रतिभा चौधरी, विनेश वार्ष्णेय, मौसम गुप्ता, अमित केएस, ओमी लाला, अखिलेश खिलाड़ी, रवि, अमित चौधरी, देवेंद्र मोनू, प्रभात कृष्णा, राहुल चौधरी, लकी वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय चिंकल, पवन भट्टा, विमल वार्ष्णेय, सोनू, मंतेश वार्ष्णेय, रितिक, बृजेश, कपिल ओएलएफ, शशांक वार्ष्णेय, बृजेश, पवन वार्ष्णेय, आशीष गुप्ता, चिराग फैंसी, निक्कू, किट्टू, रोमिल, दिव्या शर्मा, मोनू लाला, राकेश आर्या, राजू मुंशी, रजनीश, मुकेश ब्रेड, लकी, राघव लोचन, अनीश अजंता, दीपांशु नारायण, प्रमोद गुरु, प्रतीक, गर्वित, कुणाल, कृष्णा, अंशुल टनाटन, कार्तिक, वर्ण आदि मौजूद रहे।

## सादा कागज पर रिपोर्ट कार्ड बांटने का मामला गरमाया

**संभल, अमृत विचार:** परिषदीय विद्यालयों में छात्रों को सादा और पतले कागज पर रिपोर्ट कार्ड वितरित किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अभिभावकों की शिकायतों के बाद बेसिक शिक्षा विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं। बीएसए अलका शर्मा ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। जिले में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित 1289 प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों में 16 से 20 मार्च तक वार्षिक परीक्षाएं आयोजित की गई थीं। इसके बाद मार्च के अंतिम सप्ताह में छात्रों को रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। इसी दौरान कई विद्यालयों में बेहद साधारण और पतले कागज पर छपे रिपोर्ट कार्ड दिए जाने का मामला सामने आया, जिससे विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे।

न्यूज डायरी

### चौपाल में बच्चों को गुड टच-बैड टच की दी जानकारी



**सौंधन,अमृत विचार :** मिशन शक्ति 5 .0 के दूसरे चरण के तहत थाना कैला देवी क्षेत्र के ग्राम इकौना में शनिवार को जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस टीम ने ग्रामीणों और बच्चों को विभिन्न सामाजिक व सुरक्षा विषयों पर जागरूक किया। एसआई आंचल सिद्धू व कांस्टेबल रजत ने मिशन शक्ति टीम के साथ उपस्थित बालक एवं बालिकाओं को गुड टच और बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताते हुए लोगों को सतर्क रहने और अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।



### कूड़ा कलेक्शन कर्मियों के साथ बैठक कर की चर्चा

**चंदौसी, अमृत विचार :** नगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग कार्यालय में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के सर्वे को लेकर शहर में डोट टू डोर कलेक्शन करने वाली टेरियर यूटिलिटी फर्म कर्मचारियों के साथ प्रियंका सिंह सफाई खाद्य निरीक्षक बैठक की गई। बैठक में बताया गया कि शहर में घरों से प्राप्त होने वाले कचरे का संग्रहण पृथक्करण व निस्तारण का सुपरविजन करना सुनिश्चित करें। साथ ही घरों से कलेक्शन करने वाले सफाई मित्रों का फीडबैक प्राप्त करें। बैठक में परियोजना अधिकारी रवि प्रताप मुकेश, कपिल सैनी, सोनू आदि रहे।



### उत्साह के साथ मनाई गई अक्रूर जी महाराज की जयंती

**बबराला, अमृत विचार :** महाराज अक्रूर जी की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बारहसैनी समाज के लोगों ने महाराजा अक्रूर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों को याद किया। वक्ताओं ने महाराजा अक्रूर के जीवन और आदर्शों की जानकारी दी। इस मौके पर योगेश गुप्ता, अनिल वार्ष्णेय, संजय प्रिंटिंग प्रेस, नीरज वार्ष्णेय प्लाईवुड, अभय वार्ष्णेय टेस्टी, सुनीत वार्ष्णेय भोला, सभासद विवेक वार्ष्णेय, अरुण कुमार डिंपल , आकाश वार्ष्णेय, शिवम वार्ष्णेय, हर्षित भोला आदि रहे।

### शोभायात्रा के दौरान निर्धारित आवाज में बजाएं डीजे



**चंदौसी, अमृत विचार :** कोतवाली में शनिवार को आंबेडकर जयंती पर निकाले जाने वाली शोभायात्रा के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी से डीजे निर्धारित आवाज में बजाए जाने के निर्देश दिए गए। कोतवाली में आयोजित बैठक में प्रभारी निरीक्षक अनुज तोमर ने कहा कि आंबेडकर जयंती पर शहर व देहात में शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में सभी तय मानक के अनुसार ही डीजे बजाएं। क्योंकि तेज आवाज से वृद्धजनों व अन्य लोगों को परेशानी होती है। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे माहौल खराब हो। बैठक में तेजपाल, उमेश कुमार, विमल कुमार, पिंटू, रविंद्र कुमार, कौशल कुमार, हुकुम सिंह, जीतू सिंह आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पारकर क्रिकेट अकादमी ने 29 रन से जीता मुकाबला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पारकर इंटर कॉलेज के मैदान में शनिवार को पारकर क्रिकेट अकादमी और सीएसएस क्रिकेट अकादमी के बीच मैच खेला गया। पारकर क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 187 रन बनाए। पारकर की ओर से जेम्स रॉय ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 53 रन बनाए। उनके अलावा चांद अंसारी ने 40 रन, काव्यांश सिसोदिया ने 30 रन और धीरज ने 18 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसएस क्रिकेट अकादमी की टीम निर्धारित 26 ओवर में 158 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से हसन शेख ने संघर्षपूर्ण पारी खेलते हुए सर्वाधिक 51 रन बनाए। मन्नान उमर ने 25 रन, शुएब खान ने 22 रन और मोहम्मद शारिक ने 13 रन का योगदान दिया, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। इस तरह पारकर क्रिकेट अकादमी ने 29 रन से मुकाबला अपने नाम कर शानदार जीत दर्ज की।

### युवराज सिंह गुर्जर बने सीजीएसटी इंस्पेक्टर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** युवराज सिंह गुर्जर ने एसएससी, सीजीएल परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनका चयन वित्त मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड में सीजीएसटी इंस्पेक्टर के पद पर हुआ है। उनके घर और गांव में खुशी का माहौल है। युवराज सिंह गुर्जर बिजनौर के शादीपुर गांव के रहने वाले हैं। उनके पिता वीरेन्द्र सिंह गुर्जर उत्तर प्रदेश पुलिस में 23 वीं वाहिनी पीएसी में एचसीएमटी के पद पर तैनात हैं। उन्होंने इंटरमीडिएट की शिक्षा मुरादाबाद से पूरी की है। दिल्ली विश्वविद्यालय से कला स्नातक (बीए) की डिग्री हासिल की। वर्ष 2024 में उन्होंने एसएससी सीजीएल परीक्षा की तैयारी शुरू की। इसमें उन्होंने अखिल भारतीय रैंक 842 प्राप्त करते हुए सफलता हासिल की।

### साईं मंदिर के पास बिजली के खंभे पर तारों में लगी आग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कांठ रोड पर स्थित दीनदयाल नगर में साईं मंदिर के लगे बिजली के खंभे पर शनिवार को तारों के मकड़जाल में अचानक आग लग गई। तारों में आग की ऊंची लपटें उठने से राहगीरों में अफरा तफरी मच गई। सड़क से गुजरने वाले बाइक व कार सवार व पैदल चलने रुक गए। आसपास के दुकानदार मिट्टी डालकर बुझाने का प्रयास करते रहे। स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग को आग लगने की जानकारी दी, लेकिन घंटों तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं पहुंची। बिजली विभाग की लापरवाही से कोई बड़ा हादसा होने की स्थानीय लोगों में चर्चा रही।

# नौजवानों की नौकरी पर किसी को डकैती नहीं डालने देंगे : योगी

## सीएम योगी ने पलियाकलां में 817 करोड़ रुपये से 314 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

- **कहा : अब आप पर कोई अत्याचार नहीं कर पाएगा, डबल इंजन सरकार आपके साथ खड़ी**

संवाददाता, पलिया कलां (खीरी)



चंदनचौकी की जनसभा में मुख्यमंत्री को सुनने के लिए मौजूद भीड़। ● अमृत विचार



चंदनचौकी में ग्रामीण को भूमि अधिकार प्रमाण पत्र देते मुख्यमंत्री एवं विधायक रोमी।

**अमित विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को ज्योतिबा फुले के जन्मदिवस व महाराणा सांगा के जन्मदिवस के एक दिन पूर्व यहां आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हर जनपद में माफिया पालने वाली पेशेवर अपराधियों की सरकार महाराणा प्रताप व महाराणा सांगा के वंशजों पर अत्याचार और झूठे मुकदमे दर्ज करती थी। संघर्ष करने वाले थारू समाज के जिन लोगों पर सपा सरकार ने मुकदमे दर्ज किए थे, हमारी सरकार उन सारे मुकदमों को वापस लेगी। अब आप पर कोई अत्याचार नहीं कर पाएगा, क्योंकि डबल इंजन सरकार साथ खड़ी है और आपके संघर्ष को सम्मान दे रही है। सीएम ने साफ तौर पर फिर चेताया कि कोई माफिया बनने का प्रयास किया तो मिट्टी में मिलने की तैयारी भी कर ले। किसी माफिया को पनपने, गरीबों का हक छीनने और नौजवान की नौकरी पर डकैती नहीं डालने देंगे।

मुख्यमंत्री ने चंदन चौकी (पलिया) में आयोजित कार्यक्रम में नदियों द्वारा भूमि क्षरण से प्रभावित पूर्वी उत्तर प्रदेश के 2350 परिवारों व थारू जनजाति के 4356 परिवारों को भौमिक पट्टों का आवंटन किया और 817 करोड़ रुपये से पलिया, श्रीनगर, निघासन व गोला गोकर्णनाथ विधानसभा क्षेत्र की 314 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। सीएम ने थारू जनजाति के कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति और अपनी संस्कृति को बचाकर रखने के लिए उनकी सराहना भी की।



मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में अपनी संस्कृति के नृत्य को प्रस्तुत करतीं थारू बालिकाएं।

### हमें जनता ने अधिकार दिया, हम जनता को अधिकार पत्र दे रहे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सच्चा शासन वही है, जहां प्रजा सुखी हो। जनता के कल्याण में शासन का कल्याण है। शासन की खुशी का आधार व्यक्तिगत अभिलाषा का पूर्ण होना नहीं, बल्कि जनता-जनार्दन की खुशी है। यह कार्य तभी होता है, जब शासन सत्ता में संवेदना होती है और सेवा के माध्यम से यह जनता-जनार्दन तक पहुंचती है। यह कार्यक्रम अधिकार से आत्मनिर्भरता, आत्मनिर्भरता से आत्मसम्मान की ऐतिहासिक यात्रा भी है, क्योंकि आज अधिकार के साथ आत्मसम्मान व आत्मनिर्भरता की गारंटी भी मिल रही है। जनता ने हमें अधिकार दिया तो हम अधिकार पत्र दे रहे हैं।

### हमारी सरकार ने लखीमपुर खीरी का किया सर्वांगीण विकास

सीएम योगी ने कहा कि सरकार ने हर विधानसभा क्षेत्र से आए प्रस्तावों को बढ़ाया है। छोटी काशी के रूप में विख्यात गोला गोकर्णनाथ कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। देश का पहला पीएलए प्लांट गोला विधानसभा क्षेत्र में स्थापित हो रहा है। वहां प्लास्टिक पार्क की भी योजना हैं। यहां के हजारों नौजवानों को नौकरियां मिलेंगी। श्रीनगर में मेडिकल कॉलेज बन गया। शारदा नदी की ड्रेजिंग कराई गई, जिससे जमीन भी बची और बाढ़ से भी मुक्ति मिली। सीएम ने एयरकनेक्टिविटी की समृद्धि का भी जिक्र किया।

## 4356 थारू परिवारों को 5338 हेक्टेयर भूमि और 2350 परिवारों को 4251 हेक्टेयर भूमि का मिल रहा भौमिक अधिकार

**पलिया कलां।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई दशकों से इन लोगों की सुनवाई न होने पर पिछली सरकारों को भी खरी-खरी सुनाई, कहा कि पिछली सरकारों में संवेदना का अभाव था। यह लोग परिवारवाद से ऊपर उठते तो थारू व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों के बारे में सोच पाते, लेकिन समाज को बांटने व संसाधनों पर डकैती डालने वालों से अधिकार दिलाने की उम्मीद करना बेमानी है। उन्होंने कर्फ्यू, माफिया, गुंडा पाले और नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया, लेकिन जिस जमीन पर आप खेती करते हैं, आपकी फसल लहलहाती है। जिस जमीन पर आपने सपने बोए थे, उसे आकार देने के लिए डबल इंजन सरकार खड़ी है।

### विधायक से कहा-चंदन चौकी में भी कीजिए व्यवसाय

सीएम ने विधायक रोमी साहनी की मांगों को शासन में लिखित में भेजने को कहा। सीएम ने उनसे कहा कि बेकरी के व्यवसाय को चंदन चौकी और आसपास भी कीजिए, जिससे थारू समाज द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूह को जोड़कर तराई क्षेत्र के साथ आपकी बेकरी के प्रोडक्ट को उत्तराखंड में भी भेज सकें। यहां 300 से अधिक महिला स्वयंसेवी समूह कार्य कर रही हैं। डबल इंजन सरकार ने हर समूह को 30 हजार रुपये का रिवाल्विंग फंड व डेढ़ लाख रुपये का कम्युनिटी इनवेस्टमेंट फंड उपलब्ध कराया है।

### बेमौसम बरसात से पीड़ित किसानों के साथ खड़ी है सरकार

सीएम योगी ने कहा कि ओलावृष्टि व अतिवृष्टि के कारण किसानों को भारी क्षति हुई है। हमने जल्द ही सर्वे रिपोर्ट मांगी है। पीड़ित किसानों को फसल बीमा योजना, आपदा राहत कोष से पैसा उपलब्ध कराएंगे। जनहानि, पशुहानि होने पर 24 घंटे में सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया गया है। अग्निकांड में फसल नुकसान होने पर मंडी समिति द्वारा तत्काल मुआवजा, घर जलने या आंधी-तूफान से नष्ट होने पर मुख्यमंत्री आवास योजना से आवास दिलाने को कहा गया है।

4356 थारू परिवारों को 5338 हेक्टेयर भूमि का अधिकार पत्र सौंपा गया है। 1955 में पूर्वी उत्तर प्रदेश से आए लोगों को तत्कालीन सरकार पैतृक संपत्ति नहीं दे पाई, लेकिन ऐसे 2350 परिवारों को 4251 हेक्टेयर भूमि का भौमिक अधिकार मिल रहा है। जो कभी नहीं हुआ, वह कार्य डबल इंजन सरकार कर रही है। इसके पीछे शासन की सुनवाई, आपके विधायक का संघर्ष, अन्य विधायकों का सहयोग, प्रभारी मंत्री की पैरवी है, जिसकी बदौलत सभी के सपनों को पंख लगे हैं।

**समारोह में ये रहे मौजूद :** समारोह में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, वन व पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, विधायक हरविंदर साहनी रोमी, मंजू त्यागी, अमन गिरि, शशांक वर्मा, पालिकाध्यक्ष पलिया लक्ष्मी देवी गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मुरादाबाद आरपीएफ ने जीता खिताब

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




रेलवे स्टेडियम में ट्राफी के साथ मुरादाबाद आरपीएफ की टीम। ● अमृत विचार

- **दूधिया रोशनी में खेला गया आरपीएफ अंतर मंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल**

**अमृत विचार :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा आयोजित अंतर मंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शनिवार रात दूधिया रोशनी में रेलवे स्टेडियम में खेला गया। रोमांचक मुकाबले में मुरादाबाद आरपीएफ ने जम्मू की टीम को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।

मुरादाबाद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। जम्मू की टीम ने निर्धारित ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 168 रन बनाए और मुरादाबाद को जीत के लिए 169 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुरादाबाद की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 16 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की ओर से प्रदीप ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 44 गेंदों में 83 रन बनाए। इसके साथ ही उन्होंने गेंदबाजी में भी दो विकेट झटककर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट के अन्य पुरस्कारों में जम्मू के अजीत जांगिड को बेस्ट बॉलर, दिल्ली के विजय रंगी को बेस्ट बैट्समैन और मुरादाबाद के प्रदीप को मैन ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

## बालाजी महोत्सव के तीसरे दिन निकाली शोभायात्रा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रामपुर रोड स्थित डियर पार्क के पास रफातपुर गांव स्थित श्री मेहंदीपुर बालाजी धाम में आयोजित चार दिवसीय श्री बालाजी महोत्सव के तीसरे दिन शनिवार को महंत राजू महाराज द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण कर सवामणि शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा श्री माता मंदिर से शुरू होकर रामपुर रोड होते हुए बालाजी धाम पहुंची।

शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और भजनों की धुन पर झूमते-नाचते आगे बढ़ते रहे। मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज, प्रेतराज सरकार और भैरव बाबा के दर्शन कर पूजन किया।

## न्यूज डायरी



### हाईवे पर झुका पेड़ दे रहा हादसे को न्योता

**कांठ, अमृत विचार :** पुरानी तहसील के समीप कांठ हरिद्वार मार्ग पर झुका हुआ पेड़ हाईवे पर दुर्घटनाओं को दावत दे रहा है। व्यस्ततम मार्ग पर कोई भी बड़ी दुर्घटना किसी भी समय हो सकती है। गत वर्ष आंधी तूफान से हुई भारी तबाही के दौरान पुरानी तहसील के समीप कांठ हरिद्वार मार्ग पर एक शीशम का पेड़ जड़ से आधा उखड़ कर झुक गया है। इस वृक्ष की विशाल शाखा रोड के मध्य तक काफी नीचे झुकी हुई है। यह पेड़ किसी भी समय किसी भी राहगीर एवं राहगीरों के वाहन पर गिर सकता है। पेड़ की शाखा के झुकाव के कारण वाहन चालकों को सामने से आ रहा वाहन एवं आगे का मार्ग दोनों ओर से दिखाई नहीं देता है। इस मार्ग पर तहसील एवं जनपद के अफसरों का आवागमन प्रतिदिन लगा रहता है। आमने-सामने से आवागमन करने वाले वाहन चालकों को अपने सामने से आ रहा वाहन पेड़ के झुकाव के कारण दिखाई नहीं दे पाता है।



### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विद्यार्थियों को दी विदाई

**रामपुर, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय लालपुर कलां, सैदनगर में कक्षा-4 के छात्रों ने कक्षा-5 के विद्यार्थियों के सम्मान में एक गरिमामय एवं आकर्षक विदाई समारोह हुआ। समारोह की मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापिका शबनम आरा रहीं। उन्होंने कक्षा-5 के सभी विद्यार्थियों को उपहार भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं की। इस दौरान कुमारी अक्सा को 'मिस लालपुर' का खिताब देकर सम्मानित किया गया। कक्षा-5 के विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान प्रकट करते हुए भावपूर्ण कविताओं के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां गीत, नृत्य और लघु नाटिकाएं प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। पूरे समारोह में उत्साह और आनंद का वातावरण बना रहा। अंत में कुमारी रीना, निदा खान, नंदकिशोर ,बुशरा फिरदौस आराधना सक्सेना आदि शिक्षकों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### जीआरपी की सतर्कता से युवक की जान बची

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर आत्महत्या के इरादे से पहुंचे एक युवक की जान जीआरपी की तत्परता से बच गई। पुलिस ने समय रहते युवक को समझाकर रेलवे ट्रैक से हटाया और सुरक्षित थाने ले आई। जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार वशिष्ठ ने बताया कि 10 अप्रैल की रात ग्राम बहादुरगंज, थाना डिलारी निवासी आसिफ पुत्र निसार अहमद पारिवारिक विवाद के चलते घर से नाराज होकर रेलवे ट्रैक पर पहुंचा था। उसने ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने का मन बना लिया था। इसी बीच जीआरपी कंट्रोल रूम को व्हाट्सएप के माध्यम से आत्महत्या से पहले का एक वीडियो प्राप्त हुआ। सूचना मिलते ही रात्रि अधिकारी संजीव कुमार ने पुलिस टीम के साथ तत्काल स्टेशन परिसर में युवक की तलाश शुरू कर दी। प्लेटफार्म नंबर पांच के अंतिम छोर पर, बरेली की ओर जाने वाले रेलवे ट्रैक पर युवक बैठा मिला। पुलिस ने उसे समझाकर सुरक्षित ट्रैक से हटाया और थाना जीआरपी ले आई। थाने में पूछताछ के बाद आसिफ के परिवार वालों को सूचना देकर बुलाया गया। परिजनों की ओर से लिखित तहरीर के आधार पर युवक को उसके भाई इसार अहमद के सुपुर्द कर दिया गया।



### समाज और राष्ट्र की प्रगति में बाधक है नशा: डॉ. गिरि

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय रजा नगर में शनिवार को नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत ज्ञानवर्धक संगोष्ठी हुई। प्राचार्य डॉ. आरएस गिरि ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के जीवन को प्रभावित करता है, बल्कि यह परिवार, समाज एवं राष्ट्र की प्रगति में भी बाधक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। विद्यार्थियों ने नशे से होने वाले सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक दुष्परिणामों को समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बताया। इस अवसर पर प्रो. कैलाश चंद्र, डॉ. जोगेंद्र कुमार, डॉ. अनुपम मित्र, डॉ. बाल मुकुंद वर्मा ने नशे के विभिन्न प्रकारों, उनके दुष्प्रभावों तथा रोकथाम के उपायों से रूबरू कराया। संचालन डॉ. कपिल देव ने किया।

### कांठ के घोसीपुरा में सैनियों वाली गली में सफाई व्यवस्था बदहाल



**कांठ, अमृत विचार :** घोसीपुरा क्षेत्र की सैनियों वाली गली में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि सफाई कर्मी नियमित रूप से गली में सफाई करने नहीं आता, जिसके कारण गंदगी का अंबार लग गया है। नालियां जाम हैं और जगह-जगह कूड़ा फैला हुआ है, जिससे लोगों को दुर्गंध और बीमारियों का खतरा बना हुआ है। गली के निवासियों ने बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि चेयरमैन और सभासद इस गली की सुध केवल चुनाव के समय ही लेते हैं, जबकि बाकी समय उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर दिया जाता है। स्थानीय नागरिकों में इस लापरवाही को लेकर काफी रोष है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और नियमित सफाई सुनिश्चित करने की मांग की है। अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो लोग विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दे रहे हैं।

# देवताओं को भी दुर्लभ हैं भगवान श्रीराम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** खुशहालपुर के छोटा मन्दिर वसुंधरा गार्डन में आयोजित सुन्दर काण्ड में शनिवार को कथा व्यास वैष्णवाचार्य धीरशान्त अर्द्धमौनी ने कहा कि बुद्धिमान जानते हैं कि भगवान राम का सेवक बनकर, सदैव उनकी भक्ति करने से मुक्ति अवश्य मिलेगी। आलस्य मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। मनुष्य का सबसे बड़ा मित्र उसका परिश्रमी होना है जो सदैव उसके साथ रहता है, इसलिए परिश्रमी व्यक्ति कभी भी दुखी नहीं रहता है।

कथावाचक ने कहा कि भगवान की सेवा एवं आध्यात्मिक आनन्द ही अपना है, बाकी सब कुछ यहीं छोड़ जाना है, इसलिए ऐसा धन मत कमाओ जिसमें गरीब तबाह होते हों, उनके मुंह का रूखा-सूखा टुकड़ा छिनता हो, उनके बाल-बच्चों का जीवन बिगड़ता हो, उनका भविष्य अन्धकारमय बन जाता हो। धन तो चला ही जाएगा, गरीबों का दारुण दुःख, उनका आर्तनाद, उनकी सन्ताप-ज्वाला प्रलयाग्नि बनकर तुम्हारे सुख के नगर को भस्मीभूत कर डालेगी।

## एनएस क्रिकेट अकादमी ने 53 रन से दर्ज की जीत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रुक्मणी क्रिकेट अकादमी के मैदान में शनिवार को एनएस क्रिकेट अकादमी और द आर्यंस क्रिकेट अकादमी के बीच खेले गए मुकाबले में एनएस क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 53 रन से जीत दर्ज की।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एनएस क्रिकेट अकादमी की टीम ने निर्धारित ओवरों में आठ विकेट खोकर 223 रन बनाए। मुकीम पाशा ने 79 रन बनाए। इंसाफ अली ने 44 और कलीम ने 40 रनों का योगदान दिया।

## हिंदू नववर्ष और बैसाखी उत्सव में पंजाबी गीतों की रही धूम

**रामपुर, अमृत विचार :** रामपुर वैश्य समाज महिला संगठन यूथ क्लब के तत्वावधान में हिंदू नववर्ष और बैसाखी उत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार की शाम राहे मुर्तजा स्थित एक होटल में पारंपरिक गिद्दा, भांगड़ा और पंजाबी गीतों की धूम रही।

संगठन की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रीति गुप्ता ने कहा कि हिंदू नववर्ष एवं बैसाखी का त्योहार बेहद खास महत्व रखता है। बैसाखी पर नई फसल की कटाई होती है। इससे पहले जिला संरक्षक ऋचा अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी महिला सदस्यों द्वारा रंग बिरंगा पंजाबी पहनावा पहना गया और पंजाबी गीतों पर नृत्य किया। अक्षिव अग्रवाल, वंदना अग्रवाल ने गीत प्रस्तुत किया। जिला सांस्कृतिक सचिव प्रीति अग्रवाल एवं जिला संगठन मंत्री शालिनी अग्रवाल ने तंबोला, सरप्राइज डांस प्रतियोगिता कराई। अर्चना अग्रवाल, नीतू गुप्ता, शालिनी अग्रवाल, ईना गुप्ता, रुचि अग्रवाल, वंदना गुप्ता, करिश्मा गुप्ता, सुभागी अग्रवाल ने पंजाबी नृत्य पेश किए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनुश्री अग्रवाल, डॉ. रजनी रानी अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, नेहा गर्ग, संगीता अग्रवाल, वर्षा वार्ष्णेय, कुसुम जिन्दल, रेणु सक्सेना, सुनयना गुप्ता, भारती गुप्ता, दीपिका मौजूद रहीं।

## होम्योपैथी के प्रचार-प्रसार का लिया संकल्प

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमैन के 271वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया मुरादाबाद शाखा द्वारा दिल्ली रोड स्थित होटल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजकीय केजीके होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मुकेश गौतम रहे। सभी ने होम्योपैथी के प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया।

उन्होंने डॉ. हैनीमैन द्वारा चिकित्सा जगत को दी गई क्रांतिकारी होम्योपैथिक पद्धति की विशेषताओं पर प्रकाश डाला।

# जयंती : ज्योतिबा फुले का योगदान याद किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में चित्र पर किए पुष्प अर्पित**




सपा कार्यालय पर ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण करते जिला अध्यक्ष।

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर शनिवार को पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई। उनके सामाजिक न्याय, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में योगदान को याद किया गया।

जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके विचारों को अपनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि ज्योतिबा फुले ने दलित, शोषित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए संघर्ष किया तथा रूढ़िवादी परंपराओं, पाखंड और भेदभाव के खिलाफ आवाज बुलंद की।वक्ताओं ने बताया कि उनका जन्म 11 अप्रैल 1827 को हुआ था। वे भारत के अग्रणी समाज सुधारक, शिक्षक और विचारक थे, जिन्होंने 19वीं सदी में जाति व्यवस्था, महिला अधिकारों और शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कार्य किए। उनके विचारों का प्रभाव पर भी पड़ा।

जिला महासचिव फुरकान अली ने कहा कि महात्मा फुले के विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष अतहर हुसैन अंसारी, वेद प्रकाश सैनी, संजीव चौधरी, विक्रम सिंह, सुरेंद्र शर्मा, जयपाल सैनी, तुषार रस्तोगी, प्रदीप यादव, प्रेमबाबू बाल्मीकि, योगेंद्र यादव, वाहन सिंह यादव,प्रमोद कौशिक, भूरे सिंह, मोहन सिंह, रजत सैनी, प्रवीण सैनी, विनोद विकल, अंकुश पाल, जाकिर अली, मोहित कुमार आदि मौजूद रहे।



तुलसी मीठे बचन ते, सुख उपजत चहुं ओर।
बसीकरन इक मंत्र है, परिहरू बचन कठोर।।

संत तुलसीदास कहते हैं, मीठे वचन से हम सब ओर सुख फैला सकते हैं। किसी को भी वश में करने के लिए मिठास भरे शब्द एक मंत्र की तरह होते हैं, इसलिए इंसान को चाहिए कि कठोर वचन छोड़कर मीठा बोलने का प्रयास करें और अनजानों को भी अपना बना ले।

# 'तुम बहुत बोल चुके... अब मैं बोलूंगी'

> भारत में नारी की स्थिति सभी कालों में सम्माननीय रही है। पूर्वजों ने स्त्री को समाज का संरक्षक माना है। वैदिक काल में महिलाएं मंत्रदृष्टा ऋषि भी थीं। बृहदारण्यक उपनिषद के अनुसार राजा जनक ने विद्वानों की सभा बुलाई थी। अनेक विद्वान इस गोष्ठी में सम्मिलित थे। विद्वानों की सभा में गार्गी ने याज्ञवल्क्य से सीधे सवाल पूछे थे। पूछा था, 'यह संपूर्ण अस्तित्व किस तत्व पर टिका हुआ है?', 'सृष्टि किस आधार पर खड़ी है।' याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया, 'जल पर।'

बहुप्रतीक्षित महिला आरक्षण आ गया है। केंद्रीय मंत्रीपरिषद ने इसे पारित कर दिया है। महिला आरक्षण सामाजिक समता का ऐतिहासिक दस्तावेज है। इससे अथर्ववेद के एक मंत्र की ध्वनि सुनाई पड़ रही है। इस मंत्र में एक स्त्री कहती है, 'तुम बहुत बोल चुके। अब मैं बोलूंगी।' भारत में प्राचीन काल से ही स्त्री सम्मान रहा है। महिलाओं की खराब स्थिति का प्रचार करने वाले मिथ्या आरोप लगाते रहे हैं।

भारतीय समाज में स्त्रियां पुरुष के बराबर सम्मानीय रही हैं। वैदिक काल में भी स्त्री सम्मान था। वैदिक काल की एक प्रतिष्ठित महिला मुदग्लानी रथ पर चढ़कर युद्ध में हिस्सा लेती थीं। युद्ध में उनके वस्त्रों का संचालन वायु देव ने किया था। ऋग्वेद के अनुसार युद्ध में विपशला का पैर कट गया। अश्वनी देवों ने उसे धातु का पैर लगा दिया था।

पति और पत्नी को मिलाकर दंपति बनता है। दंपति में नारी की प्रतिष्ठा है। ऋग्वेद में अनेक सूक्तों में स्त्री सम्मान के तत्व हैं। सृष्टि की उत्पत्ति जल से होने का तथ्य चार्ल्स डार्विन ने भी स्वीकार किया है। जल माता का विचार डारविन के बहुत पहले वैदिक काल में ही पुष्ट हो चुका था। ऋग्वेद में 'आपः मातरम'- जलमाताओं को नमस्कार किया गया है।

ऋग्वेद में अदिति नाम की एक महादेवी हैं। कहा गया है, 'इस अस्तित्व के सभी तत्व अदिति हैं। अब तक जो कुछ हो गया है और जो कुछ भविष्य में होगा वह सब अदिति है।'

ऋग्वेद का सूक्त पठनीय है। अदितिः द्यौः अदितिः अन्तरिक्षं अदितिः माता सः पिता सः पुत्रः अदितिः विश्वेदेवाः अदितिः पंचजनाः अदितिः जातम जनित्वम-द्युलोक अदिति है, अंतरिक्ष भी अदिति है, माता-पिता-पुत्र सब अदिति हैं, सारे देव अदिति हैं, जो पंचजन सप्तसिंधु में निवास करते हैं, वह सब अदिति हैं। जो कुछ उत्पन्न हुआ है और जो कुछ आगे उत्पन्न होगा, वह सब अदिति है। (ऋग्वेद 1.89.10) यूनानी देवतंत्र में अदिति के समान गूढ़ दार्शनिक अर्थ रखने वाली कोई देवी नहीं है।

विवाहित होना सम्मानीय था। स्मृतियों में दीर्घकाल तक अविवाहित बने रहने की आलोचना की गई है। विवाह नाम की संस्था का विकास धीरे-धीरे हुआ है। ऋग्वेद के रचनाकाल तक विवाह संस्था का समुचित विकास हो रहा था। स्त्री दासी नहीं है। ऋग्वेद के एक सुंदर मंत्र में नववधू को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया है कि 'यह नववधू दीर्घकाल तक जिए। दीर्घकाल तक काम करे। ससुर और सभी परिजनों पर शासन करे।' यह भारतीय संस्कृति का प्राचीन तत्व है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

भारत में नारी की स्थिति सभी कालों में सम्माननीय रही है। पूर्वजों ने स्त्री को समाज का संरक्षक माना है। वैदिक काल में महिलाएं मंत्रदृष्टा ऋषि भी थीं। बृहदारण्यक उपनिषद के अनुसार राजा जनक ने विद्वानों की सभा बुलाई थी। अनेक विद्वान इस गोष्ठी में सम्मिलित थे।

विद्वानों की सभा में गार्गी ने याज्ञवल्क्य से सीधे सवाल पूछे थे। पूछा था, 'यह संपूर्ण अस्तित्व किस तत्व पर टिका हुआ है?', 'सृष्टि किस आधार पर खड़ी है।' याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया, 'जल पर।' गार्गी ने उत्तर के बाद पूछा, 'जल किसमें आधारित हैं?' फिर पूछा गया, 'इस अस्तित्व को कौन देवता आधार देते हैं?' गार्गी ने पूछा, 'इस विराट अस्तित्व का आधार क्या है?' याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया ब्रह्म ही सबको धारण करता है। ब्रह्म ही सर्वोच्च हैं। गार्गी ने अगला प्रश्न पूछा, 'ब्रह्म किस पर आधारित हैं। याज्ञवल्क्य ने कहा, 'ब्रह्म सर्वोच्च हैं। ब्रह्म ही भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट होते हैं। ब्रह्म का कारण ब्रह्म हैं। ब्रह्म असीम हैं। अनंत हैं।

गार्गी की प्रतिभा अद्भुत थी। राम-सीता की जोड़ी में सीता और राम दोनों की विशिष्टता देखी जाती है। कोई बड़ा नहीं। कोई छोटा नहीं। सीता जैसा चरित्र दुनिया के किसी भी देश में नहीं मिलता। शिव-पार्वती में पार्वती प्रथमा हैं और वह सभी अवसरों पर शंकर जी से विभिन्न विषयों पर गहन प्रश्न पूछा करती हैं। कैकई और दशरथ के कथानक में कैकई विचारणीय हैं। भारतीय परंपरा व साहित्य में सर्वत्र स्त्री सम्मान की गूंज है। यत्र नारी अस्तु पूजते रमंते ततदेवता- जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता रहते हैं।

नारी माता हैं।

अनेक प्रतीकों में स्त्री को मां कहा गया है। माता से बढ़कर दूसरा कोई प्रतीक नहीं है। यहां भारत को भी भारत माता कहा गया है। अथर्ववेद के भूमि सूक्त में पृथ्वी को मां बताया गया है। अधिकांश नदियों को भी हम माता ही कहते हैं। वैदिक काल में यज्ञ की अतिरिक्त प्रतिष्ठा रही है। यज्ञ विधान के अनुसार पूजा में पत्नी की उपस्थिति अनिवार्य है। अथर्ववेद के एक सुंदर मंत्र में ऋषि पत्नी से कहते हैं, 'तुम ऋक्‌ हो। मैं साम (गान) हूं। मैं अंतरिक्ष हूं। तुम पृथ्वी हो।'

दुनिया की प्रत्येक सभ्यता में देवतंत्र है। देवता हैं, देवियां हैं। सामाजिक विकास के क्रम में मिस्र ने प्रकृति की शक्तियों को देवता जाना और माना था। जिस समाज में देवियां होंगी उस समाज में स्त्रियों का सम्मान होगा। देवतंत्र मनुष्य के सपनों का ही विस्तार है। देवियों का आदर स्त्रियों का आदर है, इसी तरह स्त्रियों का आदर देवियों का आदर है। भारत में वैदिक काल का देवतंत्र ध्यान देने योग्य है। भारत में अनेक देवियां हैं। ऋग्वेद में वाणी की अराधना की गई है। देवियों की उपासना करने वाले समाज में स्त्री सम्मान होगा ही। इसी तरह का एक शब्द है रोदसी। रोदसी में माता पृथ्वी और पिता आकाश को संयुक्त रूप में याद किया गया है। (ऋग्वेद 2.11.15) चाहे सोम रस की बात हो या अन्य सभी अनुशासनों में। माता-पिता की जोड़ी में मां प्रथमा हैं।

वैदिक काल में अनेक स्त्रियां वेद मंत्रों की रचयिता या दृष्टा ऋषि भी रही हैं। इनमें लोमसा, लोपामुद्रा, यमी, श्रद्धा, ब्रह्मवादिनी जुहू, सूर्या, इंद्राणी, कच्छीवान की पुत्री घोषा आदि स्त्रियों की प्रतिष्ठा किसी भी विद्वान से कम नहीं थी। पूर्वजों ने मातृ शक्ति को पुरुष जैसा सम्मान दिया है। ऋग्वेद के एक सूक्त में पौलोमी सची द्वारा व्यक्त उद्‌गार देखने योग्य हैं। वे कहती हैं, 'मैं ज्ञानवती हूं। मैं मूर्धन्य हूं। मैं तेजस्वी वक्ता हूं। मैं शत्रुओं का विनाश करती हूं। पति मेरे अनुकूल व्यवहार करते हैं।

ऐतरेय ब्राह्मण में गंधर्व ग्रहीता कुमारी का विवरण है। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार मैत्रेयी ऋषि याज्ञवल्क्य की पत्नी थीं। उनकी रुचि ब्रह्म विद्या में थी। याज्ञवल्क्य ने सन्यासी होने का निर्णय लिया। दोनों पत्नियों को बुलाया और बताया कि हमारी संपदा दोनों पत्नियां मिलकर बांट लो। इस पर मैत्रेयी ने कहा, 'मुझे धन संपदा नहीं चाहिए। आपको जो ज्ञान प्राप्त हो वही मुझे दीजिए।' कृतार्षिनी ने मीमांसा दर्शन पर ग्रंथ लिखा था।

वैदिक काल में शिक्षा की उत्तम व्यवस्था थी। इनमें तमाम महिलाएं आचार्य थीं। बच्चों को पढ़ाती थीं। पाणिनी की व्याकरण के अनुसार उपाध्याय की पत्नी को उपाध्यायानी कहा गया है और जो स्त्री स्वयं अध्ययन का कार्य करे उसके लिए उपाध्याय शब्द ठीक होगा। वैदिक काल में संपत्ति पर स्त्रियों का भी अधिकार था। महिलाएं घर की प्रधान थीं।

# नेपाल में दिखने लगा है बालेन सरकार का असर

नेपाल में बालेन सरकार के करीब एक पखवारे ही हुए, इस बीच उनके कार्यशैली को देखें तो कह सकते हैं कि आने वाले दिनों में निश्चित ही ढेर सारे ऐसे निर्णय लिए जा सकते हैं जो परिवर्तन का संदेश देते हों। वे चाहे शिक्षा से जुड़े हुए फैसले हों, महिला अधिकार की हो या पलायन, रोजगार और विदेश नीति से जुड़े हुए फैसले हों। एक पखवाड़े के भीतर ही अपने मंत्रिमंडल के एक सहयोगी को रुखसत कर उन्होंने अन्य मंत्रियों को सख्त संदेश भी दे दिया है।

बालेन सरकार ने जवाबदेही और जिम्मेदारी की एक स्पष्ट मिसाल पेश करते हुए श्रम, रोजगार तथा सामाजिक सुरक्षा मंत्री दीपक कुमार साह को उनके पद से बर्खास्त कर दिया है, जबकि स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्री निशा मेहता को कड़ी चेतावनी दी गई है। सत्ता रूढ़ दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामि छाने की लिखित सिफारिश में श्रम मंत्री पर पद के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया गया था।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

खबर के अनुसार दीपक कुमार साह ने अपनी पत्नी को लंबे समय से निष्क्रिय पड़े स्वास्थ्य बीमा बोर्ड में सदस्य के रूप में सक्रिय कराकर अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया। मंत्री बनने के महज 15 दिन के भीतर ही साह को पद से हटाया जाना इस बात का संकेत है कि सरकार और पार्टी नेतृत्व भ्रष्टाचार या पद के दुरुपयोग पर किसी भी प्रकार की नरमी बरतने के पक्ष में नहीं है। अपने मंत्रालय के प्रति अपेक्षित गंभीरता न दिखाने पर स्वास्थ्य मंत्री निशा मेहता को भी औपचारिक रूप से चेतावनी दी गई है, जिसे सरकारी हलकों में एक स्पष्ट संदेश के रूप में देखा जा रहा है कि अनुशासन और पारदर्शिता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

> दूसरे देशों में राजदूतों की नियुक्तियां प्राय: सत्ता दल की मर्जी पर ही होते हैं। इनमें ज्यादातर नियुक्तियां राजनीतिक होती हैं और कुछ ब्यूरोक्रेट्स आधारित। राजदूतों की नियुक्ति में यही प्रक्रिया नेपाल की भी है, लेकिन क्या नए राजदूत भी जेन जी श्रेणी के होंगे?

बालेन शाह की विदेश नीति पर दुनिया के करीब 182 देशों की नजर है, जहां से नेपाल के राजनयिक संबंध हैं। इसी के साथ इस बात को लेकर भी उत्सुकता है कि बालेन शाह बतौर नेपाली पीएम अपनी पहली विदेश यात्रा में किस देश को तरजीह देते हैं। पूर्व की सरकारों के प्रधानमंत्री अमूमन चीन अथवा भारत को अपनी प्राथमिकता में रखते थे।

बालेन सरकार की अभी तक जो कार्यशैली दिख रही है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि वे अपनी विदेश नीति को लेकर काफी गंभीर है। संभवतः इसी उद्देश्य से हाल में उन्होंने सिंह दरबार में विदेशों में तैनात अपने राजदूतों की मीटिंग ली है। आम तौर पर ऐसा नहीं होता रहा है। बालेन सरकार ने अभी भारत सहित छः देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का फरमान जारी किया है। अभी जिन देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का फरमान जारी हुआ है उसमें भारत, चीन, अमेरिका, जापान,यूके,और आस्ट्रेलिया शामिल हैं। इन देशों के राजदूतों को एक महीने के भीतर नेपाल वापस आना होगा। इसके पहले ऐसी ही नियुक्ति वाले 11 देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का आदेश कार्की सरकार ने जारी किया था। आने वाले कुछ दिनों में अन्य देशों के राजदूतों में बदलाव संभव है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नागरिक शिष्टाचार भी संविधान का अंग

किसी भी राष्ट्र की पहचान केवल उसके संविधान, कानूनों या लोकतांत्रिक संस्थाओं से नहीं होती, बल्कि उस देश के नागरिकों के व्यवहार, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी से भी होती है। भारत का संविधान हमें अनेक मौलिक अधिकार प्रदान करता है, लेकिन साथ ही वह नागरिकों पर कुछ मौलिक कर्तव्यों का भी दायित्व डालता है। इन्हीं कर्तव्यों में नागरिक शिष्टाचार (Civic Sense) एक महत्वपूर्ण तत्व के रूप में सामने आता है।

आज भारत तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है, लेकिन नागरिक शिष्टाचार की कमी अक्सर इस विकास को बाधित करती दिखाई देती है। सड़क पर कचरा फेंकना, यातायात नियमों का पालन न करना, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, सरकारी संस्थाओं में अनुशासनहीनता— ये सभी व्यवहार केवल सामाजिक समस्या नहीं हैं, बल्कि संविधान की भावना के भी विरुद्ध हैं।

संविधान के अनुच्छेद 51(क) में नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों का उल्लेख किया गया है। इसमें सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना, देश की एकता और अखंडता बनाए रखना, पर्यावरण संरक्षण करना तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना जैसे कर्तव्य शामिल हैं। ये सभी कर्तव्य सीधे तौर पर नागरिक शिष्टाचार से जुड़े हुए हैं। यदि कोई व्यक्ति सड़क पर कचरा फेंकता है, तो वह केवल गंदगी नहीं फैला रहा होता, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन भी कर रहा होता है। इसी प्रकार, सार्वजनिक संपत्ति जैसे बस, ट्रेन, सरकारी भवनों को नुकसान पहुंचाना संविधान की भावना के विपरीत है।



आकाश सपेलकर
वकील, सुप्रीम कोर्ट

विकसित देशों की प्रगति का एक बड़ा कारण वहां के नागरिकों का अनुशासित व्यवहार और मजबूत नागरिक शिष्टाचार है। वहां लोग नियमों का पालन कानून के डर से नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में करते हैं। भारत में भी यदि नागरिक शिष्टाचार को मजबूत किया जाए, तो अनेक समस्याओं का समाधान स्वतः हो सकता है— जैसे ट्रैफिक जाम, गंदगी, प्रदूषण और सार्वजनिक संसाधनों का दुरुपयोग। नागरिक शिष्टाचार का विकास केवल कानून बनाकर नहीं किया जा सकता। इसके लिए शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक संस्कार आवश्यक हैं। स्कूलों और कॉलेजों में नागरिक शिष्टाचार को शिक्षा का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाना चाहिए। परिवार भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जहां बच्चों को बचपन से ही अनुशासन और जिम्मेदारी की शिक्षा दी जा सकती है।

सरकार की भी जिम्मेदारी है कि वे नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाएं। 'स्वच्छ भारत अभियान' जैसे प्रयासों ने यह दिखाया है कि यदि नागरिकों को प्रेरित किया जाए, तो वे सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। अंततः, नागरिक शिष्टाचार केवल सामाजिक आवश्यकता नहीं बल्कि संवैधानिक जिम्मेदारी भी है। यदि हर नागरिक अपने कर्तव्यों का पालन करे, तो भारत आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी मजबूत राष्ट्र बन सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# रेवड़ियों की राजनीति व बढ़ता आर्थिक संकट

> भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में नीतियों का फोकस तेजी से फ्रीबीज यानी मुफ्त योजनाओं की ओर हुआ है, लेकिन इस मॉडल की कीमत क्या है? क्या यह वास्तव में गरीबों के सशक्तिकरण का रास्ता है या फिर अर्थव्यवस्था को कमजोर करने वाला एक दीर्घकालिक जोखिम?

भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में पिछले एक दशक में एक बड़ा बदलाव आया है। नीतियों का फोकस तेजी से फ्रीबीज यानी मुफ्त योजनाओं की ओर हुआ है। कभी सामाजिक सुरक्षा के औजार के रूप में देखी जाने वाली ये योजनाएं अब चुनावी रणनीति का केंद्र बन चुकी हैं। नकद हस्तांतरण, मुफ्त राशन, महिलाओं के लिए मासिक सहायता, बिजली-पानी सब्सिडी-इन सबने मिलकर एक ऐसा मॉडल तैयार किया है, जिसमें चुनाव जीतने का गणित सीधे 'सीधे लाभ' से जुड़ गया है, लेकिन इस मॉडल की कीमत क्या है? क्या यह वास्तव में गरीबों के सशक्तिकरण का रास्ता है या फिर अर्थव्यवस्था को कमजोर करने वाला एक दीर्घकालिक जोखिम? यही इस पूरे विमर्श का मूल प्रश्न है।

फ्रीबीज की राजनीति का सबसे बड़ा उभार 2020 के बाद देखने को मिला, जब विभिन्न राज्यों में चुनावी घोषणाओं में नकद सहायता और मुफ्त सेवाओं का अनुपात तेजी से बढ़ा। पश्चिम बंगाल की 'लक्ष्मीर भंडार' योजना, मध्य प्रदेश की 'लाडली बहना', तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में महिलाओं के खातों में सीधे पैसे भेजने की योजनाएं- इन सबने एक नया ट्रेंड सेट किया। अब स्थिति यह है कि चुनावी घोषणापत्र 'विकास के वादों' से ज्यादा 'सीधे पैसे और सुविधाओं' के इर्द-गिर्द घूमने लगे हैं। राजनीतिक दलों के बीच एक तरह की प्रतिस्पर्धा बन गई है कि कौन ज्यादा देगा, कौन ज्यादा तेज़ी से देगा और किस वर्ग को सीधे लाभ पहुंचाएगा। इस प्रतिस्पर्धा ने लोकतांत्रिक राजनीति को 'नीतिगत बहस' से हटाकर 'आर्थिक ऑफर' की दिशा में मोड़ दिया है। फ्रीबीज की राजनीति का सबसे अहम पहलू है- महिला मतदाताओं को केंद्र में रखना। लगभग हर राज्य में महिलाओं के लिए अलग योजनाएं बनाई जा रही हैं, जिनमें हर महीने 1000 से 2500 रुपये तक की नकद सहायता दी जा रही है। इस रणनीति के पीछे स्पष्ट गणित है। कई राज्यों में महिला वोटरों की संख्या पुरुषों के बराबर या उससे अधिक हो चुकी है। तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में महिलाओं का वोट प्रतिशत 50 प्रतिशत से ज्यादा है। ऐसे में यह वर्ग चुनावी नतीजों को निर्णायक रूप से प्रभावित कर सकता है।

इन योजनाओं का सामाजिक असर भी दिखा है। कई गरीब परिवारों में महिलाओं के हाथ में पहली बार नियमित नकदी आई है, जिससे उनका घरेलू निर्णयों में प्रभाव बढ़ा है, लेकिन इसके साथ ही यह सवाल भी उठता है कि क्या यह वास्तविक सशक्तिकरण है या सिर्फ आर्थिक निर्भरता का नया रूप? फ्रीबीज की सबसे बड़ी आलोचना इसके आर्थिक प्रभाव को लेकर है। आंकड़े बताते हैं कि कई राज्यों में इन योजनाओं का खर्च कुल राजस्व का 30 से 40 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसका सीधा मतलब है कि सरकारों के पास विकास कार्यों के लिए पैसा कम बच रहा है।



राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

मध्य प्रदेश में लाडली बहना और अन्य सब्सिडी योजनाओं पर सालाना करीब 50 हजार करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। तेलंगाना में चुनावी वादों को पूरा करने के लिए हर साल लगभग एक लाख करोड़ रुपये की जरूरत है। पंजाब में स्थिति और गंभीर है, जहां आय और खर्च के बीच बड़ा अंतर है और बजट संतुलन बिगड़ चुका है। इसका असर यह हो रहा है कि सरकारें लगातार कर्ज ले रही हैं। कर्ज-से-जीएसडीपी अनुपात बढ़ रहा है, जिससे भविष्य में वित्तीय संकट का खतरा बढ़ जाता है। छोटे राज्यों में तो स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि वेतन और पेंशन देने में भी दिक्कत आने लगी है। जब बजट का बड़ा हिस्सा फ्रीबीज पर खर्च होता है, तो सबसे पहले असर विकास परियोजनाओं पर पड़ता है। सड़क, पुल, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य- ये सभी क्षेत्र धीरे-धीरे फंड की कमी से प्रभावित होते हैं। राजस्थान जैसे राज्यों में सड़क और पानी परियोजनाओं का बजट कम करना पड़ा। महाराष्ट्र में कुछ पारंपरिक योजनाएं बंद करनी पड़ीं। इसका मतलब यह है कि तत्काल राजनीतिक लाभ के लिए दी जा रही राहत, दीर्घकालिक विकास को कमजोर कर रही है। यह स्थिति एक 'ट्रेड-ऑफ' पैदा करती है- क्या सरकारें आज राहत दें या भविष्य के लिए निवेश करें? अगर यह संतुलन बिगड़ता है, तो आने वाले वर्षों में रोजगार, औद्योगिक विकास और आर्थिक वृद्धि पर गंभीर असर पड़ सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# पाप के अंत के लिए विधि को करनी पड़ती है व्यवस्था

रातों-रात धनी बनने एवं रौबदार जीवन जीने के लिए हमेशा झूठ बोलना, दूसरों को धोखा देना, चुगली-निंदा में लगे रहना तथा किसी से कुछ लेकर उसे वापस न करना, यह सब निंदनीय कार्य है। ऐसे कार्यों में लगे रहने वाला यदि धन कमा भी लेता है तो भी लोग उसे बुरी नजर से ही देखते है। उसकी बहुत जल्द बदनामी भी होने लगती है, लेकिन अपने रुआब में वह किसी की बात की परवाह नहीं करता है। प्रायः ऐसे लोग एक जबरदस्त गिरोह बना लेते हैं। लोगबाग गिरोह से मुकाबला न करने की स्थिति में चुप रहना ही उचित समझते हैं, लेकिन किसी न किसी दिन कोई ऐसा प्रकट हो जाता है जो ऐसे गिरोह को नेस्तनाबूद कर देता है। आए दिन समाज में देखने को मिलता है कि जिसके नाम से लोग थर्राते थे, उसका अंत अत्यंत बुरे ढंग से होता है। ऐसी स्थिति में इन कथित रुआबदारों का कोई साथ नहीं देता।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

उदाहरण के रूप में लिया जाए तो द्वापर युग में कृष्ण का मामा कंस था। वह अन्यायी था। जब भविष्यवाणी हुई कि उसकी बहन देवकी का आठवां पुत्र उसका विनाश करेगा, तब वह कांपने लगा। उसकी भरसक कोशिश यही थी कि देवकी के पुत्रों को वह मार डाले। उसने ऐसा जघन्य कार्य किया भी, लेकिन पाप का चूंकि अंत होना था, तो विधि ने ऐसी व्यवस्था की कि कृष्ण रातोंरात नन्द के घर चले गए और उनकी जगह योगमाया आ गई, जिसको जब कंस ने मारना चाहा तो योगमाया उसके हाथों से छूट कर आकाश मार्ग की ओर चली गई तथा कंस को चेतावनी देते हुए कहा, 'रे कंस, तुझे मारने वाला पैदा हो गया है।' योगमाया की इस ध्वनि को कंस ने 'काल-ध्वनि' के रूप में लिया और हर संभव कोशिश करने लगा कि कृष्ण को मार डाला जाए।

धार्मिक उद्धरणों की तरह समाज में पनपने वाले कंस सरीखे लोगों का भी यही हश्र होता है। कोई न कोई ऐसा प्रकट हो जाता है, जिसके हाथों ऐसे लोगों को सबक सिखाने का मौका मिल जाता है। अतः इंसान को चाहिए कि वह बुरी लतों से दूर रहे। वरना किसी न किसी दिन दंड मिलकर रहता है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# डीपफेक: फिलहाल जागरूरता ही है बचाव का उपाय

डिजिटल युग में तो हम रमते जा रहे हैं, अब इस युग के आर्टिफिशियल इंटलिजेंस कल्चर से भी अछूते नहीं रहे। इसी कल्चर का एक हिस्सा अगर हमें प्रगति करने को स्मार्ट बना रहा है तो वहीं, दूसरा डीपफेक हमारी सिरदर्दी का बड़ा कारण बन चुका है। इस डीपफेक संस्कृति ने मानो कटाक्ष में अनैतिकता को देखकर कहे जाने वाले 'घोर कलयुग' की शब्दावली को वाकई परिभाषित कर दिया हो।



वास्तव में डीपफेक ने सत्य को ही संदेहास्पद बना दिया। अब आंखों देखी और कानो सुनी भी सत्य नहीं रहा। वीडियो, फोटो में हूबहू जिस शख्स को हम देखते हैं, विश्वास नहीं कर सकते कि वही हो। ऐसा ही आवाज के साथ है, किसी अपने की ही चिरपरिचित कॉल धोखा दे सकती है। पुरानी कहावत है, देखकर और कानो से सुनकर ही विश्वास करो। कैसे करें?

दरअसल, डीपफेक केवल मनोरंजन या चेहरे बदलने की तकनीक नहीं है। इसके खतरे विध्वंसकारी हैं। किसी लोकप्रिय नेता का भ्रामक डीपफेक बयान सामाजिक हिंसा की वजह बन सकता है। वहीं, निजी स्तर पर स्त्रियों के खिलाफ बढ़ते 'डिजिटल क्राइम' और 'वॉयस क्लोनिंग' के जरिए फाइनेंशियल-फ्रॉड ने समाज में एक अविश्वास का माहौल फैला रखा है। हकीकत यह है कि ऐसी तकनीक व्यक्ति की पहचान को ही हथियार बना रही है। हद तो यह है कि ईश्वरीय स्वरूप तक से छेड़छाड़ की जा रही है।



अजय दयाल
हल्द्वानी

याद कीजिए भारतीय परिवेश में हम 'सत्यम शिवम सुंदरम' की संस्कृति को जेहन में रखकर पले-बढ़े हैं। यह वाक्यांश भारतीय दर्शन में ईश्वर के शाश्वत स्वरूप को दर्शाता है, जहां सत्य यानी अविनाशी, शिव यानी कल्याणकारी और सुंदरम् यानी सौंदर्य को एक ही परम् तत्व ब्रह्म के तीन पहलू समझा गया है। सही मायनों में सत्यम यानी सत्य का अर्थ है जो कभी न बदले, जो त्रिकालाबाधित अर्थात अतीत, वर्तमान और भविष्य में एक समान रहे। शिवम् यानि शुभ या कल्याणकारी शिव का आशय उस तत्व से है, जो सर्वोच्च शुभ है और जिसमें पूरा ब्रह्मांड समाया हुआ है। इसी तरह सुंदरम् यानी सुंदर या सौंदर्य का आशय शारीरिक सुंदरता से नहीं बल्कि परम् सत्य के साथ सामंजस्य में होने वाली सुंदरता से है। भारतीय दर्शन कहता है कि किसी भी कार्य, नीति या वस्तु की तभी स्वीकार्यता है, जब उसमें तीनों गुण- सत्य, कल्याण और सुंदरता विद्यमान हों। अब ऐसे में मौजूदा डीपफेक कल्चर, क्या हमारी पुरातन अथवा सनातनी संस्कृति के साथ घृणित मजाक नहीं?

लगता है 21वीं सदी में सत्य की परिभाषा ही बदल गई है। जिस एआई तकनीक ने हमें भविष्य के सपने दिखाए थे, उसी का एक भाग डीपफेक अब हमारे वर्तमान के लिए सिरदर्द बना हुआ है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बनाए गए सच दिखने वाले फेक वीडियो और ऑडियो ने दिग्भ्रमित कर रखा है। यहां सवाल केवल तकनीक के दुरुपयोग का नहीं, बल्कि हमारी डिजिटल सुरक्षा और लोकतांत्रिक व निजी मूल्यों के अस्तित्व के साथ हनन का भी है।

राहत की बात यह है कि इस संकट से निपटने के लिए दुनिया अब सतर्क-सचेत हो रही है। भारत सरकार ने इस दिशा में सख्त कदम उठाए हैं। आईटी नियमों (2021) के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही तय हो गई है। ऐसे में 24 घंटे के भीतर आपत्तिजनक सामग्री हटानी होगी। इतना ही नहीं, इंटेल और माइक्रोसॉफ्ट जैसे डिजिटल दुनिया के दिग्गज अब ऐसे डिटेक्शन टूल्स (जैसे फेक कैचर) विकसित कर रहे हैं, जो हयूमन बॉडी के सूक्ष्म जैविक संकेतों (जैसे ब्लड फ्लो) के आधार पर असली और नकली का अंतर साफ कर सकते हैं। वहीं, 'डिजिटल वॉटरमार्किंग' जैसे प्रयोग भविष्य में कंटेंट की प्रामाणिकता को प्रमाणित करने के लिए एक डिजिटल पासपोर्ट का काम करेंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## बिजली कंपनियां ने किया एचईआरसी का रुख

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा की बिजली वितरण कंपनियों ने ईंधन अधिभार की वसूली से जुड़े नियमों में राहत देने की मांग करते हुए हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) का रुख किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अमृत विचार
मुरादाबाद, रविवार,12 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### मारुति सुजुकी 2031 तक चार नए इलेक्ट्रिक वाहन पेश करेगी

**हैदराबाद।** देश की प्रमुख कार विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड वर्ष 2031 तक चार नए इलेक्ट्रिक वाहन पेश करेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में एक अहम उपलब्धि हासिल करते हुए आयोजित एक कार्यक्रम में एक ही दिन में ई-विटारा की 108 इकाइयां ग्राहकों को सौंपी। मारुति सुजुकी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी ( विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा कि यह ग्राहकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाता है, क्योंकि कंपनी स्वच्छ परिवहन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है।

### डिजिटल निवेश मंच 5पैसा कैपिटल के इश्यू को 1.24 गुना अभिदान

**नई दिल्ली।** डिजिटल निवेश मंच 5पैसा कैपिटल ने 468.8 करोड़ रुपये का अपना राइट इश्यू सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जिसे 1.24 गुना अभिदान मिला। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, यह इश्यू 27 मार्च को खुला था और शुक्रवार को बंद हुआ। इसमें 1.56 करोड़ शेयरों के मुकाबले करीब 1.93 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। राइट इश्यू का मूल्य 300 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था। पात्र शेयरधारकों को हर दो शेयर पर एक राइट शेयर खरीदने का अधिकार दिया गया था। शेयरों के आवंटन की निर्धारित तिथि 15 अप्रैल 2026 है। इसके बाद उसी दिन शेयर निवेशकों के डिमैट खातों में जमा किए जाने की उम्मीद है और 16 अप्रैल 2026 को ये एनएसई और बीएसई पर सूचीबद्ध हो जाएंगे।

### भूटान की जलविद्युत परियोजना पर 7 साल बाद काम फिर शुरू

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भूटान की 1,200 मेगावाट की पुनात्सांगछू-1 जलविद्युत परियोजना पर सात साल के निलंबन के बाद काम फिर से शुरू हो गया है। भारत के ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने बांध निर्माण की शुरुआत के प्रतीक के रूप में आयोजित एक महत्वपूर्ण समारोह में शिरकत की। भूगर्भीय चुनौतियों के कारण 2019 से रुकी हुई इस परियोजना का पुनरुद्धार द्विपक्षीय ऊर्जा सहयोग में एक बड़ा मील का पत्थर माना जा रहा है। इसके अगले पांच वर्षों के भीतर पूरा होने की उम्मीद है। इसका वित्तपोषित भारत ने किया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मनोहर लाल ने भूटान यात्रा के दौरान परियोजना स्थल का दौरा किया। यह दोनों देशों के बीच सबसे बड़ा संयुक्त जलविद्युत उपक्रम है। इसके पूरा होने पर भूटान की जलविद्युत क्षमता में काफी वृद्धि होगी। मंत्री ने पुनात्सांगछू-1 में समारोह में भाग लेकर बांध निर्माण का संकेत दिया।

# अब डीजल पर 55.5, एटीएफ पर 42 रुपये प्रति लीटर निर्यात शुल्क

## अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू कीमतों के अंतर का अनुचित लाभ उठाने से रोकना उद्देश्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**



**निर्यातकों पर पिछली बार 26 मार्च को डीजल पर 21.50 रुपये और एटीएफ पर 29.5 रुपये प्रति लीटर निर्यात शुल्क लगाया था**

सरकार ने शनिवार को डीजल के निर्यात शुल्क या अप्रत्याशित लाभ कर को बढ़ाकर 55.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया है। विमान ईंधन (एटीएफ) के लिए यह दर अब 42 रुपये प्रति लीटर होगी। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि शुल्क में यह बढ़ोतरी तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

इससे पहले 26 मार्च को सरकार ने डीजल पर 21.50 रुपये प्रति लीटर और एटीएफ पर 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया था। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच घरेलू बाजार में ईंधन की उपलब्धता बढ़ाने के लिए ये शुल्क लगाए गए थे। इन शुल्कों का उद्देश्य निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय और घरेलू कीमतों के अंतर का अनुचित लाभ उठाने से रोकना है, क्योंकि युद्ध शुरू होने के बाद से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है।

उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के खिलाफ सैन्य हमले शुरू करने के बाद तेहरान की ओर से व्यापक जवाबी कार्रवाई की गई थी।

हालांकि, आठ अप्रैल को ईरान, अमेरिका और इजरायल दो सप्ताह के संघर्ष विराम पर सहमत हुए, जिससे पूरे पश्चिम एशिया और वैश्विक ऊर्जा बाजार में पैदा हुआ व्यवधान फिलहाल थमा है। पेट्रोल पर निर्यात शुल्क इस समय शून्य बना हुआ है।

## दिल्ली में 'डिलीवरी' बेड़े में पेट्रोल-डीजल वाहनों पर लगेगी रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी में ऐप आधारित सामान तथा भोजन आपूर्ति एवं यात्रा की सुविधा मुहैया कराने वाली कंपनियों (एग्रीगेटर) के इस वर्ष से अपने बेड़े में पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहन शामिल करने पर रोक लगेगी जबकि 2027 से केवल इलेक्ट्रिक ऑटो-रिक्शा को ही नए पंजीकरण की अनुमति दी जाएगी। यह मंशा दिल्ली सरकार द्वारा जारी ईवी नीति के मसौदे में व्यक्त की गई है।

दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2026-2030 के मसौदे में प्रस्ताव किया गया कि इस वर्ष एक जनवरी से एग्रीगेटर और डिलीवरी सेवा प्रदाताओं द्वारा संचालित दोपहिया वाहनों और हल्के मालवाहक वाहनों के मौजूदा बेड़े में पूरी तरह से पेट्रोल या डीजल पर चलने वाले किसी भी पारंपरिक आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) वाहन को शामिल नहीं किया जाएगा। हालांकि, एग्रीगेटर को बेड़े में बीएस-6 उत्सर्जन मानक वाले दोपहिया वाहनों को शामिल करने की अनुमति 31 दिसंबर, 2026 तक होगी, जिसके बाद उन्हें अपने बेड़े को पूरी तरह से इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलना अनिवार्य होगा। इस नीति में ऑटो-रिक्शा सहित यात्री इलेक्ट्रिक तीन पहिया वाहनों के लिए प्रोत्साहन राशि का भी प्रस्ताव किया गया है। इसमें कहा गया कि नई नीति की अधिसूचना की तारीख से पहले वर्ष में 50,000 रुपये, दूसरे वर्ष में 40,000 रुपये और तीसरे वर्ष में 30,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, ताकि इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को बढ़ावा दिया जा सके। यह प्रोत्साहन राशि पुराने सीएनजी ऑटो-रिक्शा को बदलने के साथ-साथ दिल्ली में पंजीकृत नए ऑटो-रिक्शा पर भी लागू होगी।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति शृंखला बनाये रखने पर जोर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सऊदी अरब के वाणिज्य मंत्री माजिद बिन अब्दुल्ला अल कासबी के साथ वर्चुअल माध्यम से बात की। इस दौरान उन्होंने पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति शृंखला बनाये रखने की जरूरत पर बल दिया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि दोनों पक्षों ने संघर्ष के कारण क्षेत्रीय आपूर्ति शृंखलाओं पर दबाव को स्वीकार किया और व्यापार में सुचारू प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर प्रयास करते हुए जल्द सुधार की आवश्यकता पर बल दिया।

- **केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सऊदी अरब के वाणिज्य मंत्री से की बात**

श्री गोयल ने सऊदी अरब और खाड़ी क्षेत्र में निर्यात को समर्थन देने के लिए भारत द्वारा उठाये गये कदमों का उल्लेख किया।

दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी और भारत-जीसीसी मुक्त व्यापार समझौता वार्ता में शीघ्र प्रगति की आशा व्यक्त की। श्री गोयल ने उम्मीद जतायी कि हाल ही में घोषित युद्धविराम से क्षेत्र में स्थायी शांति और सुरक्षा का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने हालिया संघर्ष के दौरान सऊदी अरब में हुए हमलों की निंदा की और भारतीय समुदाय की सुरक्षा के लिए वहां की सरकार के प्रयासों की प्रशंसा की। इस बैठक में भारत-सऊदी अरब आर्थिक साझेदारी को और अधिक मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। इससे पहले श्री गोयल ने खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के महासचिव और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कुवैत तथा बहरीन के अपने समकक्षों के साथ भी वर्चुअल माध्यम से अलग-अलग बात की थी। इन सभी बैठकों में उन्होंने पश्चिम एशिया में जल्द स्थायी शांति बहाली की कामना की, आपूर्ति शृंखला संबंधी बाधाओं को दूर करने में सहयोग का आश्वासन दिया गया।

## बढ़ता जा रहा है अमीर और गरीब देशों के बीच का अंतर

-संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी




- **वाशिंगटन में आईएमएफ और विश्व बैंक की बैठकों से ठीक पहले जारी की गई रिपोर्ट**
- **ईरान युद्ध से विश्व अर्थव्यवस्था के भविष्य पर छाए अनिश्चितता के गहरे बादल**

अमीर-गरीब देशों के बीच बढ़ती खाई को कम करने के लिए वैश्विक वित्तीय संस्थानों में बड़े सुधार समेत जिन ऐतिहासिक फैसलों पर पिछले साल सहमति बनी थी, उनके पूरा नहीं होने से जहां समृद्ध राष्ट्र और मजबूत होते जा रहे हैं। वहीं गरीब देश विकास की दौड़ में पीछे छूटते जा रहे हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में दी गई है।

स्पेन के सेविले में पिछले साल जून में अपनाए गए खाके का आकलन करती यह रिपोर्ट अगले हफ्ते वाशिंगटन में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की अहम बैठकों से ठीक पहले जारी की गई है। पिछले साल जून में अपनाई गई इस रूपरेखा का उद्देश्य अमीर-गरीब देशों के बीच की खाई को पाटना और 2030 तक संयुक्त राष्ट्र के विकास लक्ष्यों को हासिल करना है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि वैश्विक विकास को गति देने की पूरी तैयारी थी, लेकिन ईरान युद्ध के कारण अब विश्व अर्थव्यवस्था के भविष्य पर अनिश्चितता के गहरे बादल छा गए हैं। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में आर्थिक और सामाजिक मामलों के अवर महासचिव ली जुनहुआ ने चेताया कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव विकासशील देशों की चुनौतियों को और गंभीर बना रहे हैं, जिससे उनके लिए वित्तीय संसाधन जुटाना पहले से कहीं अधिक कठिन होता जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए यह समय बेहद जोखिमभरा बनता जा रहा है, क्योंकि भू-राजनीतिक हित अब तेजी से आर्थिक संबंधों और वित्तीय नीतियों की दिशा तय करने लगे हैं।

रिपोर्ट में यह भी रेखांकित किया गया है कि बढ़ती व्यापारिक बाधाएं और एक के बाद एक आ रही जलवायु संबंधी आपदाएं भी इस बढ़ती खाई को और चौड़ा कर रही हैं। पिछले वर्ष सेविले में आयोजित सम्मेलन में अमेरिका को छोड़कर कई देशों के नेताओं ने सर्वसम्मति से सेविले प्रतिबद्धता को अपनाया था, जिसका उद्देश्य विकास के लिए हर साल मौजूद चार हजार अरब डॉलर की वित्तीय कमी को पाटना था।

# परीक्षण के लिए एक साल में तैयार होगा वंदे भारत स्लीपर का प्रारूप

**नयी दिल्ली, एजेंसी**





- **आरवीएनएल के 21वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए सीईओ सतीश कुमार ने दी जानकारी**

रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सतीश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के नेतृत्व वाले संयुक्त उपक्रम द्वारा बनाई जा रही वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का प्रारूप एक वर्ष के भीतर परीक्षण के लिए तैयार हो जाएगा।

आरवीएनएल के 21वें स्थापना दिवस समारोह में अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वंदे भारत स्लीपर कंपनी की प्रमुख परियोजनाओं में से एक है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि इसका प्रारूप एक वर्ष के भीतर परीक्षण के लिए पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद कंपनी को 120 ट्रेन की आपूर्ति करनी होगी। हालांकि सतीश कुमार ने कोई निश्चित समय नहीं बताया, लेकिन आरवीएनएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सलीम अहमद ने हाल ही में कहा था कि यह प्रारूप जून 2026 में पेश किया जा सकता है।

अधिकारियों के अनुसार, काम तेज गति से जारी है, लेकिन जून 2026 तक परीक्षण संभव नहीं लग रहा है और इसमें अगले वर्ष तक देरी हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 जनवरी को देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की जोड़ी को कामाख्या और हावड़ा के बीच हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। अन्य वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के संचालन को लेकर कई तरह की अटकलें हैं, लेकिन इस संबंध में रेल मंत्रालय ने अभी तक कोई स्पष्ट घोषणा नहीं की है।

## स्टार्टअप की दुनिया

### ज्यादा संघर्ष लेकिन अपार सफलता




यह शब्द सुनने में जितनी ग्लैमरस लगता है, असल में यह उससे कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण और रणनीतिक होता है। एक स्टार्टअप सिर्फ एक नया बिजनेस नहीं है, बल्कि यह एक अनोखे आइडिया के साथ तेजी से स्केल करने की कोशिश है। एक बिजनेस और स्टार्ट अप में कई बुनियादी अंतर होते हैं। मसलन, बिजनेस का मुख्य उद्देश्य कम या मध्यम जोखिम के साथ लाभ कमाना होता है जबकि स्टार्टअप उच्च जोखिम के साथ तेजी से विकास पर केंद्रित होता है और वैश्विक स्तर पर विस्तार की क्षमता रखता है।

### शुरुआत की बड़ी चुनौतियां

- आइडिया नहीं समस्या खोजें, क्योंकि ज्यादातर लोग ऐसा प्रोडक्ट बनाने के कारण फेल होते हैं जिसकी किसी को जरूरत नहीं होती।
- शुरू में करोड़ों खर्च कर परफेक्ट प्रोडक्ट बनाने की कोशिश गलती है, अपने आइडिया का बेसिक मॉडल बनाएं और उसे टेस्ट करें।
- आपको ऐसे पार्टनर्स चाहिए जिनकी स्किल्स आपसे अलग हों। अगर आप तकनीकी काम में अच्छे हैं तो पार्टनर सेल्स में माहिर हो।
- स्टार्टअप की दुनिया में कैश इज किंग कहा जाता है। हिसाब रखें कि आपके पास कितना पैसा है और वह कितने महीनों तक चलेगा।

### यूनिकॉर्न और डेकाकॉर्न

- यूनिकॉर्न उस स्टार्टअप को कहते हैं जिसकी वैल्यूएशन 1 बिलियन डॉलर यानी लगभग 8,300 करोड़ रुपये पहुंच जाती है।
- दिलचस्प तथ्य यह है कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और यहां 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न्स हैं।
- डेकाकॉर्न उस स्टार्टअप को कहते हैं जिसकी वैल्यू 10 बिलियन डॉलर से ऊपर होती है, स्विगी इसी श्रेणी का स्टार्टअप है।

- **भारत में 1 बिलियन डॉलर से ज्यादा वैल्यू वाली 125 कंपनी**

### क्या होते हैं रास्ते

- बूटस्ट्रैप्ड : जब फाउंडर अपने खुद के पैसे या मुनाफे से बिजनेस बढ़ाता है।
- फंडेड : जब बाहरी इन्वेस्टर्स पैसा लगाते हैं ताकि कंपनी तेजी से बढ़ सके।

### क्यों फेल होते हैं स्टार्टअप

- आंकड़े बताते हैं कि 90% स्टार्टअप पहले 5 सालों में बंद हो जाते हैं।
- इनमें से 42% ऐसा प्रोडक्ट बनाया जिसकी बाजार में मांग नहीं थी।
- लगभग 29% स्टार्टअप फंड खत्म हो जाने की वजह से बंद हो गए।
- फाउंडर्स में तालमेल की कमी और गलत टीम का चुनाव भी कारण।

### भारत में स्टार्ट अप

- भारत में अब 2,00,000 से ज्यादा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स हैं। यह 2016 में शुरुआत के बाद एक बहुत बड़ी छलांग है।
- अब स्टार्टअप सिर्फ बेंगलुरु-दिल्ली तक सीमित नहीं हैं। 50% स्टार्टअप्स दूसरे व तीसरे दर्जे के शहरों से निकल रहे हैं।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# भाजपा यूसीसी लागू करेगी, बंगाल में बंगालियों को अल्पसंख्यक नहीं बनने देगी

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-समाप्त की जाएगी तुष्टीकरण की राजनीति

**जंगीपुर (प. बंगाल), एजेंसी**



पश्चिम बंगाल के जंगीपुर में जनसभा में अभिवादन करते प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में घुसपैठ के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने शनिवार को एक जनसभा के दौरान तुष्टीकरण की राजनीति को समाप्त करने के लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का वादा किया। साथ ही कहा कि भाजपा बंगालियों को राज्य में अल्पसंख्यक नहीं बनने देगी।

मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले के जंगीपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए, मोदी ने आगामी विधानसभा चुनावों को पश्चिम बंगाल की पहचान और भविष्य की रक्षा की लड़ाई के रूप में पेश किया, जबकि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने और घुसपैठियों के समर्थन का आरोप लगाया।

मोदी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पार्टी का घोषणापत्र जारी करने के एक दिन बाद कहा कि देश की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। भाजपा का संकल्प है कि पश्चिम बंगाल में तुष्टीकरण की राजनीति को हमेशा के लिए समाप्त करने के वास्ते यूसीसी लागू किया जाये। मोदी ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने अपना पुराना नारा मां-माटी-मानुष त्याग दिया है और अब सत्ता बरकरार रखने के लिए घुसपैठियों और वोट बैंक की राजनीति पर निर्भर है। पश्चिम बंगाल अब तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति बर्दाश्त नहीं करेगा। हम बंगालियों को राज्य में अल्पसंख्यक नहीं बनने देंगे।

मोदी ने कहा कि यह चुनाव पश्चिम बंगाल की पहचान को बचाने के लिए है। मोदी ने कहा कि बंगाल का इतिहास गवाह है कि जब वह बदलाव का संकल्प लेता है, तो दुनिया की कोई भी ताकत उसे रोक नहीं सकती। जिसने भी बंगाल को चुनौती दी, उसका अहंकार चकनाचूर हो गया, अंग्रेजों से लेकर कांग्रेस और वामपंथियों तक... अब तृणमूल कांग्रेस की बारी है। मोदी ने आरोप लगाया कि सत्ता में आने के बाद तृणमूल कांग्रेस वाममोर्चा की कार्बन कॉपी बन गई है।

## पश्चिम बंगाल से तृणमूल का सिंडिकेट राज खत्म करेंगे : अमित शाह

**ओंडा/छतना (पश्चिम बंगाल), एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल में सत्ता में आती है, तो वह तृणमूल कांग्रेस के सिंडिकेट राज को समाप्त कर देगी। शाह ने यह भी कहा कि राज्य में महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। बांकुड़ा जिले के छतना में भाजपा की रैली को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहानुभूति बटोरने के लिए खुद को पीड़ित के रूप में पेश कर रही हैं। शाह ने कहा कि ममता बनर्जी पीड़ित कार्ड खेलती हैं। कभी-कभी वह सहानुभूति पाने के लिए अपने पैर या सिर पर पट्टी बांध लेती हैं। ममता दीदी, इस चुनाव में आप चाहे अपने पैर, सिर या हाथ पर पट्टी बांध लें, बंगाल की जनता आपको वोट नहीं देगी। आरोप लगाया कि बंगाल में गुंडे और घुसपैठिए राज करते हैं। बांकुड़ा जिले के ओंडा में एक चुनावी रैली में शाह ने आलू किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी उपज को देशभर में भेजा जाएगा, ताकि उन्हें उचित मूल्य मिल सके।

## तमिलनाडु: चुनाव के लिए मैदान में उतरे 4,023 उम्मीदवार

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों में कुल 4,023 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। उम्मीदवारों की संख्या तय होने के साथ ही 234 सदस्यों वाली विधानसभा को चुनने के लिए होने वाले इन बेहद रोमांचक चुनावों की बिसात साफ तौर पर बिछ गई है, जिसमें कई पार्टियों के बीच कड़ा मुकाबला नजर आ रहा है। सीटों के बंटवारे, निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान, उम्मीदवारों के नाम तय करने, नामांकन दाखिल करने, उनकी जांच और नाम वापस लेने की चुनाव-पूर्व प्रक्रिया समाप्त हो गई, अब एक जोरदार चौतरफा मुकाबले के लिए मंच तैयार है। इसे बुद्धिमत्ता की लड़ाई और चुनावी मैदान में बिना किसी रोक-टोक के होने वाला मुकाबला' कहा जा रहा है। राज्य में 09अप्रैल को नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख खत्म हो गयी है।

## फर्जी वोट डाला, गिरफ्तार

**पुडुचेरी, एजेंसी।** पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों के लिए 9 अप्रैल को हुए मतदान के दौरान मन्नादिपेट निर्वाचन क्षेत्र में फर्जी वोट डालने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। वह व्यक्ति जवाहरलाल नेहरू सामुदायिक केंद्र स्थित मतदान केंद्र पर अपना वोट डालने आया था।

# भाजपा ने भवानीपुर में मेरी उम्मीदवारी रद्द कराने की कोशिश की: ममता बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी**




कोशियारी में चुनावी रैली को संबाधित करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उनके खिलाफ दो झूठे मामले दर्ज कराने की कोशिश कर निर्वाचन आयोग की मदद से दक्षिण कोलकाता की भवानीपुर सीट से उनकी उम्मीदवारी रद्द कराने का प्रयास किया लेकिन तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने उसकी यह कोशिश विफल कर दी।

बनर्जी ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के केशियारी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भाजपा पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची से 90 लाख मतदाताओं के नाम जबरन हटवाने का आरोप भी लगाया। बनर्जी के सामने अपनी भवानीपुर सीट बरकरार रखने के लिए विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की चुनौती है। बनर्जी ने अधिक ब्योरा दिए बिना कहा कि भाजपा ने निर्वाचन आयोग की मदद से मेरे खिलाफ झूठे मामले दर्ज कराने की कोशिश कर भवानीपुर से मेरी उम्मीदवारी रद्द कराने का प्रयास किया लेकिन हमने उसकी साजिश नाकाम कर दी। उन्होंने कहा कि भाजपा में लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लड़ने और जीतने का साहस नहीं है, इसलिए वह फर्जी तरीकों से जबरन वोट कब्जाने की साजिश रच रही है।

## महिला सशक्तिकरण और बाल कल्याण, मेरे दिल के करीब : स्टालिन

**चेन्नई, एजेंसी**



द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने कहा है कि उनकी सरकार द्वारा शुरू की गई कई कल्याणकारी पहलों में से दो योजना (महिलाओं को मासिक राशि प्रदान करने से जुड़ी योजना और 'मुख्यमंत्री नाश्ता योजना) उनके दिल के बेहद करीब हैं।

मुख्यमंत्री ने एक साक्षात्कार में बताया कि जहां महिला सशक्तीकरण योजना, जिसे देश के अन्य राज्यों में भी अपनाया जा रहा है, इतिहास में एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम के रूप में दर्ज होगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू की गई नाश्ता योजना के अनगिनत लाभ हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे अपनी सरकार द्वारा लागू किए जा रहे कई कल्याणकारी कार्यक्रमों में से उन योजनाओं का नाम बता सकते हैं जिनसे उन्हें अपार संतुष्टि मिली है। इसके जवाब में उन्होंने कहा-द्रविड़ मॉडल शासन में हमने जितनी भी योजनाएं लागू की हैं, वे सभी बहुत महत्वपूर्ण पहल हैं। हालांकि, मैं यह कहना चाहूंगा कि हमने कई योजनाएं लागू की हैं, लेकिन उनमें से दो योजनाएं मेरे दिल के बेहद करीब हैं। ये दो योजनाए हैं कलैगनार मगलिर उरिमाई थोगाई योजनाऔर मुख्यमंत्री नाश्ता योजना। कहा-कलैगनार मगलिर उरिमाई थोगाई योजना' के तहत परिवार की महिला मुखिया को प्रति माह 1,000 रुपये दिए जाते हैं। आज यह भारत में सबसे सफल ढंग से लागू की गई योजना है। उन्होंने कहा-जिन्होंने तब इसकी आलोचना की थी, वही लोग आज अपनी-अपनी पार्टियों द्वारा शासित राज्यों में इस योजना को लागू कर रहे हैं। अब हम इस राशि को बढ़ाकर 2,000 रुपये करने जा रहे हैं।

यह योजना इतिहास में एक बहुत ही महत्वपूर्ण योजना के रूप में दर्ज होगी। उन्होंने कहा-हमने स्कूलों में नाश्ता कार्यक्रम शुरू किया ताकि कोई भी बच्चा भूखा स्कूल न जाए। बाद में, हमने इसे सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों तक विस्तारित किया। हम अगली सरकार में इसे कक्षा आठ तक विस्तारित करेंगे।

## महात्मा फूले को नमन



संसद परिसर में महात्मा ज्योतिबा फुले के 20वें जन्मदिन समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आदि ने उन्हें नमन किया।

# सुलह की प्रक्रिया आधुनिक न्याय प्रणाली का अभिन्न अंग

● मध्यस्थता सम्मेलन में बोलीं न्यायमूर्ति नागरत्ना

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना ने शनिवार को कहा कि मध्यस्थता और सुलह आधुनिक और उत्तरदायी न्याय प्रणाली के अभिन्न अंग हैं और इन्हें केवल पारंपरिक मुकदमा प्रक्रिया के विकल्प के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने दिल्ली में भारतीय मध्यस्थता परिषद द्वारा 'वैश्वीकरण के युग में मध्यस्थता' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए तेजी से जटिल और वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था में वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) तंत्र के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि विवाद केवल कानूनी प्रश्न ही नहीं होते, बल्कि सामाजिक, व्यावसायिक और आपसी संबंधों से जुड़े प्रश्न भी होते हैं, जिनके समाधान के लिए अदालती फैसले की बजाय स्वैच्छिक समाधान की आवश्यकता हो सकती है। इसलिए, मध्यस्थता और सुलह केवल मुकदमेबाजी के विकल्प नहीं हैं, बल्कि एक आधुनिक और उत्तरदायी न्याय प्रणाली के अभिन्न अंग हैं। शीर्ष अदालत की न्यायाधीश ने कहा कि विवाद समाधान के पारंपरिक तरीके से मध्यस्थता और सुलह जैसे विवाद समाधान तंत्रों की ओर एक स्पष्ट बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि तटस्थ मंच, प्रक्रियात्मक लचीलापन, गोपनीयता और पक्षकारों की स्वायत्तता जैसे फायदों के कारण सीमा पार वाणिज्यिक विवादों को सुलझाने के लिए मध्यस्थता सबसे पसंदीदा विधि के रूप में उभरी है।

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि इसके फायदे, जैसे कि तटस्थ मंच, प्रक्रियात्मक लचीलापन, गोपनीयता, पक्षकारों की स्वायत्तता और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के तहत निर्णयों की प्रवर्तनीयता ने इसे वैश्विक वाणिज्य में पक्षकारों के लिए अपरिहार्य बना दिया है। उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क संधि द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता की प्रभावशीलता को मजबूती मिली है, जिसने मध्यस्थता निर्णयों को 170 से अधिक न्यायक्षेत्रों में मान्यता देने और लागू करने की अनुमति दी है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने अपने संबोधन में द्विपक्षीय निवेश संधियों के तहत निवेश मध्यस्थता का भी उल्लेख किया।

### मामलों के लंबित रहने के लिए केवल न्यायाधीशों को दोष न दें

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने शनिवार को कहा कि भारत में लंबित मामलों की बढ़ती संख्या के लिए केवल न्यायाधीशों को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। न्याय में देरी अक्सर वकीलों की बहस और कानूनी प्रक्रिया के तरीके से प्रभावित होती है। न्यायमूर्ति अमानुल्लाह ने कहा कि न्यायाधीश और मामले के निपटारे की दर के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। यह वकीलों पर निर्भर करता है कि वे कितनी देर तक बहस करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था में देरी के लिए वकीलों और कानूनी पेशे से जुड़े लोगों को भी आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लंबी-लंबी बहसें करना और बार-बार तारीख लेना जैसी आदतें मामलों के निपटारे में देरी का कारण बनती हैं, इसलिए इन पर विचार कर सुधार करना जरूरी है। न्यायमूर्ति अमानुल्लाह वैश्वीकरण के युग में मध्यस्थता विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को अपने ग्राहकों के बैंक दस्तावेजों में जालसाजी करने के आरोप में सात सप्ताह की जेल की सजा सुनाई गई। आरोपी ऐसा इसलिए कर रहा था ताकि वह उन्हें जो बीमा पॉलिसियां बेच रहा था, वे प्रभावी हो सकें। विजेंद्रन तानापाल (38) ने यहां एक बैंक में संपत्ति नियोजन प्रबंधक के रूप में काम करते हुए दो जापानी ग्राहकों से जुड़े जालसाजी के दो आरोपों में संलिप्तता की बात स्वीकार की। तानापाल को बृहस्पतिवार को सजा सुनाते समय उसके अन्य जापानी ग्राहकों से जुड़े ऐसे कई अन्य आरोपों पर भी विचार किया गया।

### पांच दिनी यात्रा पर चीन जाएंगे स्पेन के पीएम

**बीजिंग।** स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग के निमंत्रण पर शनिवार से पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां आयेंगे। अपनी यात्रा के दौरान सांचेज चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, प्रधानमंत्री ली और राष्ट्रीय जन कांग्रेस की स्थायी समिति के अध्यक्ष झाओ लेजी से मुलाकात करेंगे। सांचेज की बीजिंग की यह चौथी आधिकारिक यात्रा है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि चीन प्रधानमंत्री सांचेज़ की यात्रा के माध्यम से स्पेन के साथ रणनीतिक विश्वास को गहरा करने, सहयोग तेज करने, द्विपक्षीय संबंधों को उन्नत करने को तैयार है।

### लेबनान में तीन दिन में 357 लोगों की मौत

**बेरूत।** लेबनान में पिछले तीन दिनों के दौरान इज़राइली हमलों में 357 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 1,223 अन्य घायल हुए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हमलों से व्यापक जनहानि हुई है और मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को ईरान के खिलाफ दो सप्ताह का विराम घोषित किया था। ईरान द्वारा प्रस्तुत 10 सूत्रीय प्रस्ताव, जिसे ट्रंप ने वार्ता के लिए कारगर आधार बताया है।

### इराक में निजार अमीदी चुने गए राष्ट्रपति

**बगदाद।** इराक की संसद ने शनिवार को देश की दो प्रमुख कुर्द पार्टियों में से एक के राजनीतिक अधिकारी निजार अमीदी को राष्ट्रपति के रूप में चुना। यह चुनाव पांच महीने पहले हुए संसदीय चुनाव के बाद हुआ है, जिसमें किसी भी पार्टी को निर्णायक बहुमत नहीं मिला था। उनका चुनाव ऐसे समय में हुआ है जब इराक अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए युद्ध के दुष्परिणामों से जूझ रहा है। इराक में ईरान समर्थित लड़ाकों ने अमेरिकी ठिकानों और राजनयिक सुविधाओं, महत्वपूर्ण ऊर्जा अवसंरचनाओं पर हमले किए। वहीं, अमेरिका-इजराइल ने ईरान समर्थित लड़ाकों पर हवाई हमले किए।

# भारत-अमेरिका परमाणु ऊर्जा और एलपीजी निर्यात में सहयोग बढ़ाएंगे

## विदेश सचिव विक्रम मिसरी की अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट से की बातचीत

वाशिंगटन, एजेंसी

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट के साथ अपनी बैठक में परमाणु ऊर्जा और कोयला गैसीकरण (ठोस कोयले को रासायनिक प्रक्रिया के जरिए गैस में बदलना) व एलपीजी निर्यात जैसे नए क्षेत्रों में ऊर्जा सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की।

अमेरिका में भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मिसरी और राइट के बीच हुई चर्चा का मुख्य विषय ऊर्जा सुरक्षा को आगे बढ़ाना, द्विपक्षीय ऊर्जा व्यापार को गहरा करना और भारत-अमेरिका ऊर्जा साझेदारी को मजबूत करने के नए रास्ते तलाशनाथा।

बैठक में मौजूद भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि अमेरिका, असैन्य परमाणु सहयोग के साथ-साथ कोयला गैसीकरण और अमेरिकी एलपीजी निर्यात जैसे क्षेत्रों में भारत के साथ सहयोग के लिए तैयार है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि शुक्रवार को ऊर्जा मंत्री राइट और विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ अमेरिका-भारत ऊर्जा सहयोग के भविष्य पर चर्चा करना अच्छा रहा। भारत द्वारा शांति विधेयक पारित किए जाने के बाद हम असैन्य परमाणु क्षेत्र के साथ-साथ कोयला गैसीकरण और अमेरिकी एलपीजी निर्यात जैसे क्षेत्रों में सहयोग के लिए तैयार हैं। सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी एक्ट' (शांति अधिनियम) को भारत के असैन्य परमाणु क्षेत्र में सबसे बड़ा सुधार माना जा रहा है। यह कानून गत दिसंबर से लागू हुआ, जिसने इस क्षेत्र को निजी भागीदारी के लिए खोल दिया है। इसके साथ ही 1962 का परमाणु ऊर्जा अधिनियम और 2010 का परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम निरस्त कर दिए गए। शुक्रवार देर रात गोर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मार-ए-लागो स्थित रिसॉर्ट में मिसरी की मेजबानी की।



### वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों से की मुलाकात

मिसरी मंगलवार देर रात तीन दिवसीय यात्रा पर अमेरिका पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने रक्षा, वाणिज्य और विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। मिसरी ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से भी मुलाकात की। इस दौरान भारतीय वायुसेना के प्रमुख ए पी सिंह भी अमेरिका यात्रा पर थे और वह बुधवार को कोलोराडो स्प्रिंग्स स्थित पीटरसन स्पेस फोर्स बेस गए। भारतीय वायुसेना ने एक्सपर कहा कि उन्होंने ग्रेगरी एम गिलोट (अमेरिकी उत्तरी कमान के कमांडर) के साथ अभियान संबंधी जटिल पहलुओं पर सार्थक विचार-विमर्श किया, जो बढ़ती साझेदारी की मजबूती को दर्शाता है। गोर ने अमेरिकी उप रक्षा मंत्री स्टीव फाइनबर्ग और सेना सचिव डैन ड्रिस्कॉल के साथ भी चर्चा की।

### पश्चिम एशिया संकट के बीच फ्रांस, जर्मनी की यात्रा पर जाएंगे मिसरी

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ऊर्जा, व्यापार और रक्षा से जुड़ी उच्च स्तरीय वार्ताओं के लिए रविवार से पेरिस और बर्लिन की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। यह यात्रा पश्चिम एशिया में जारी संकट की पृष्ठभूमि में हो रही है। ये ऐसे क्षेत्र हैं जो वर्तमान में बदलते और जटिल होते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच और अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं। फ्रांस और जर्मनी की यह यात्रा उनकी अमेरिका यात्रा के बाद हो रही है, जहां उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के अलावा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की थी। पश्चिम एशिया संकट और उसका ऊर्जा सुरक्षा पर प्रभाव पेरिस और बर्लिन में होने वाली वार्ताओं में प्रमुख मुद्दा रहेगा। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि पेरिस में विदेश सचिव फ्रांस के विदेश मंत्रालय के महासचिव मार्टिन ब्रिएंस के साथ भारत-फ्रांस विदेश कार्यालय परामर्श की सह-अध्यक्षता करेंगे। उसने बताया कि दोनों नेता रक्षा, असैन्य परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष, साइबर और डिजिटल क्षेत्र, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

## आतंकी संगठन से संबंध के संदेह में युवक गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** दिल्ली पुलिस ने एक आतंकवादी संगठन से संबंध होने के संदेह में भुवनेश्वर निवासी 22 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया है। शनिवार को आधिकारिक बयान में कहा गया कि आरोपी की पहचान गंगा नगर के यूनिट-6 क्षेत्र निवासी शेख इमरान के रूप में हुई है। इसमें बताया गया कि ओडिशा और दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम ने युवक को राष्ट्रविरोधी गतिविधियों संबंधी आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार किया। राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ द्वारा एक सप्ताह पहले कुछ युवकों को पकड़े जाने और उनके सोशल मीडिया पोस्ट का विश्लेषण किए जाने के बाद इमरान पुलिस की जांच के दायरे में आया।

युवकों से पूछताछ और उनके सोशल मीडिया पोस्ट के विश्लेषण के आधार पर ओडिशा संपर्क का पता चला, जिसके बाद शेख इमरान को पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि बेरोजगार युवक इमरान कट्टरपंथी समूह का सक्रिय सदस्य है। इमरान सोशल मीडिया पर एक ग्रुप के संपर्क में आया था जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा के विरुद्ध हानिकारक कट्टर धार्मिक सामग्री साझा की जा रही थी। उसे भुवनेश्वर के उपमंडलीय न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया जहां से उसे राष्ट्रीय राजधानी ले जाने के लिए ट्रांजिट रिमांड पर लिया गया।

## भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक की चंद्र मिशन में बड़ी भूमिका

● नासा में सर्वोच्च रैंक वाले सिविल सेवक हैं अमित क्षत्रिय

वाशिंगटन, एजेंसी



ह्यूस्टन में बचपन में रॉकेट प्रक्षेपण देखकर प्रेरित होने वाले और बाद में राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन (नासा) में अभियानों की कमान संभालने वाले भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक अमित क्षत्रिय ने उस अंतरिक्ष एजेंसी में अहम भूमिका निभाई है, जो अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने के मिशन पर काम कर रही है।

विस्कॉन्सिन में जन्मे क्षत्रिय नासा के सह प्रशासन के रूप में एजेंसी में सर्वोच्च रैंक वाले सिविल सेवक हैं और प्रशासक जैरेड इसाकमैन के वरिष्ठ सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। क्षत्रिय एजेंसी के 10 केंद्र निदेशकों के साथ-साथ वाशिंगटन स्थित नासा मुख्यालय में मिशन निदेशालयों के सह प्रशासकों का नेतृत्व करते हैं। वह एजेंसी के मुख्य संचालन अधिकारी की भूमिका भी निभाते हैं। क्षत्रिय के माता-पिता भारतीय मूल के हैं। क्षत्रिय ने कैलिफोर्निया के पासाडेना स्थित 'कैलिफोर्निया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी' से गणित में बीएससी और ऑस्टिन स्थित टेक्सास विश्वविद्यालय से गणित में स्नातोकत्तर की डिग्री हासिल की है। उनका जन्म विस्कॉन्सिन के ब्रुकफील्ड में हुआ था, लेकिन वह टेक्सास के ह्यूस्टन के उपनगर केटी को अपना गृह नगर मानते हैं। अंतरिक्ष के प्रति क्षत्रिय की रुचि तब जगी, जब उन्होंने ह्यूस्टन में अंतरिक्ष प्रक्षेपण देखे। ह्यूस्टन में जॉनसन अंतरिक्ष केंद्र में नासा का मिशन नियंत्रण केंद्र स्थित है।

पढ़ाई पूरी करने के बाद तेल एवं गैस उद्योग और चिकित्सा क्षेत्र में कुछ समय काम करने के बाद वह 2003 में 'यूनाइटेड स्पेस अलायंस' से जुड़े। क्षत्रिय सॉफ्टवेयर इंजीनियर, रोबोटिक्स इंजीनियर और अंतरिक्ष यान ऑपरेटर के रूप में काम कर चुके हैं। उन्होंने मुख्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के रोबोटिक संयोजन पर ध्यान केंद्रित किया। वह 2014 से 2017 तक अंतरिक्ष स्टेशन के उड़ान निदेशक रहे और 2017 से 2021 तक वह आईएसएस यान कार्यालय के उप प्रबंधक और फिर कार्यवाहक प्रबंधक बने।

# वायुसेना प्रमुख ने कीअमेरिकी समकक्ष से रक्षा संबंधों पर बात

वाशिंगटन, एजेंसी

● दोनों देशों की साझा रक्षा प्राथमिकताओं पर की चर्चा

भारतीय वायु सेना के अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों को प्रगाढ़ करने की साझा प्राथमिकताओं पर अमेरिकी समकक्ष चीफ ऑफ स्टाफ जनरल केन विल्सबैक के साथ यहां चर्चा की। सिंह का आठ अप्रैल को यहां जॉइंट बेस एनाकोस्टिया-बोलिंग में पूरे सैन्य सम्मान के साथ स्वागत किया गया।

भारतीय वायुसेनाध्यक्ष ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान पेंटागन में वायु सेना मामलों के मंत्री ट्रॉय मींक और विल्सबैक से मुलाकात की। अधिकारियों ने बताया कि वाशिंगटन में अपनी व्यस्तताओं के अलावा, सिंह ने कोलोराडो में पीटरसन स्पेस फोर्स बेस का दौरा किया, जहां उन्हें उत्तरी अमेरिका के लिए हवाई आक्रमण चेतावनी प्रणाली, हवाई क्षेत्र नियंत्रण और समुद्री चेतावनी के द्विपक्षीय उत्तरी



अमेरिकी हवाई रक्षा कमान मिशन पर केंद्रित जानकारी दी गई।

अमेरिकी वायु सेना के अनुसार, भारतीय वायु सेना प्रमुख ने नेवादा स्थित नेलिस वायु सेना अड्डे का भी दौरा किया। सिंह को अमेरिकी वायु सेना युद्ध केंद्र में संबंधित जानकारी दी गई और एफ-15ईएक्स ईगल-2 की उड़ान से परिचित कराया गया। सिंह ने कहा कि ऐसे अवसर हमारी संयुक्त अंतरसंचालनीयता को विकसित करने और वायु सेनाओं के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## वांछित गैंगस्टर को थाईलैंड से वापस ले आई सीबीआई

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित कुख्यात गैंगस्टर साहिल चौहान को थाईलैंड से सफलतापूर्वक प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया है। चौहान के खिलाफ इंटरपोल का रेड नोटिस जारी था। सीबीआई के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि एजेंसी ने इंटरपोल के माध्यम से पता लगाया कि चौहान बैंकॉक में है और शुक्रवार को उसे इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वापस लाया गया, जहां पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। सीबीआई ने कहा कि विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सहयोग से सीबीआई ने 10 अप्रैल को वांछित भगोड़े साहिल चौहान को थाईलैंड से वापस लाने में कामयाबी हासिल की है। चौहान हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती और अवैध आग्नेयास्त्रों के इस्तेमाल से जुड़े कई आपराधिक मामलों में आरोपी था।

# लद्दाख को मिली आधार के रिकॉर्ड में अलग पहचान

लेह, एजेंसी

● रिकॉर्ड से जम्मू-कश्मीर को हटाकर किया गया लद्दाख

जम्मू कश्मीर के पूर्ववर्ती राज्य से 2019 में पृथक केंद्र शासित प्रदेश के तौर पर सृजन के लगभग सात साल बाद लद्दाख ने आखिरकार आधार रिकॉर्ड में अपनी एक अलग पहचान हासिल कर ली है। आधार में जम्मू कश्मीर को हटाकर लद्दाख कर दिया गया है।

लोक भवन के प्रवक्ता ने बताया कि जनता की लंबे समय से चली आ रही इस मांग को लद्दाख के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना के हस्तक्षेप के बाद पूरा किया गया। लद्दाख को 2019 में केंद्र शासित प्रदेश के रूप में गठित किए जाने के बावजूद यहां के लोगों के आधार कार्ड के 'राज्य' वाले हिस्से में पहले के जम्मू कश्मीर राज्य का नाम ही दर्ज रहा - जिससे व्यापक परेशानी हुई और विभिन्न पक्षों से शिकायतें मिलीं। प्रवक्ता ने बताया कि उपराज्यपाल ने इस मामले के लंबे समय से लंबित रहने का संज्ञान लिया और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन को इस मुद्दे को जल्द से जल्द हल करने का निर्देश दिया। इसके बाद प्रशासन ने इस मामले को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के समक्ष उठाया।

उन्होंने बताया कि लंबे समय से प्रतीक्षित सुधार को अब सफलतापूर्वक लागू कर दिया गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो गया है कि आधार कार्ड में लद्दाख की विशिष्ट क्षेत्रीय पहचान का सही प्रतिनिधित्व हो। उपराज्यपाल ने कहा कि इस बदलाव से प्रक्रियात्मक बाधाओं को दूर करके और सेवाओं तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करके लद्दाख के निवासियों को काफी लाभ होगा।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आपको कार्यक्षेत्र में सहयोग प्राप्त होगा। योजनाएं धीरे-धीरे सफल होती दिखेंगी। आवश्यक व्यय पर नियंत्रण रखें।

**तुला** – आज आपको संचार कौशल से लाभ होगा। साझेदारी या समूह कार्यों में आपके विचारों को सराहा जाएगा। संबंधों में संतुलन बना रहेगा।

**वृष** – आज का दिन आपके लिए अनुकूल प्रभाव रखता है। धन प्राप्ति के योग हैं। सामाजिक कार्यों में भागीदारी से सम्मान मिलेगा।

**वृश्चिक** – आज आपकी इच्छाशक्ति और लक्ष्य-प्राप्ति की क्षमता मजबूत रहेगी। पुरानी नकारात्मक स्थितियों से छुटकारा मिलेगा।

**मिथुन** – आज आपका संवाद कौशल प्रभावशाली रहेगा। संचार और बातचीत से लाभ होगा। कोई पुराना निवेश लाभदायक सिद्ध हो सकता है।

**धनु** – आज का दिन आपके लिए प्रगतिशील रहेगा। कार्यक्षेत्र में सम्मान और सहयोग मिलेगा। मन में उत्साह बना रहेगा।

**कर्क** – आज मन में भावनात्मक स्थिरता बनाए रखें। खर्चों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। किसी निर्णय के प्रति दुविधा हो सकती है।

**मकर** – आज आप अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीरता व अनुशासन दिखाएंगे। कार्य सिद्धि के संकेत हैं। सामाजिक सम्मान में वृद्धि होगी।

**सिंह** – आज आपकी मेहनत का परिणाम मिलेगा। वरिष्ठों से सहायता मिलने की संभावना है। किसी नए प्रोजेक्ट में भाग लेने के योग हैं।

**कुंभ** – आज आपके विचार अभिनव और रचनात्मक रहेंगे। प्रतियोगिता या परीक्षा से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा। धनलाभ के संकेत हैं।

**कन्या** – आज अनुशासन और योजनाबद्ध कार्यों का लाभ मिलेगा। वित्तीय मामलों में आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**मीन** – आज आपको शुभ समाचार मिलेगा। व्यापार में नई शुरुआत करने के अच्छी संभावना बन रही है। स्वास्थ्य में सुधार के संकेत हैं।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 12 अप्रैल, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, दशमी 13 अप्रैल 01.16 तक तत्पश्चात एकादशी।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-श्रवण 15.14 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

### सुडोकू - 116 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 8 |
| 5 | 2 | 9 | 8 | 4 | 1 | 3 | 7 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 6 | 8 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 |
| 2 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 7 | 2 | 9 | 3 | 4 | 8 | 5 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 |

### सुडोकू -117

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 2 | 6 | | 4 | | |
| 9 | | | | | | 5 | | |
| | | | 4 | | | | 1 | 7 |
| | 3 | | | | 8 | | | 4 |
| | | 6 | | | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | | | 9 | |
| | 4 | | | | 3 | | | 8 |
| | | 2 | | | 4 | | | 6 |
| | | 5 | | 7 | | | 4 | |

## निदान

### पार्किंसंस रोगियों के इलाज में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सा विशेषज्ञों की सलाह

# डीबीएस रेफरल में देरी से सीमित हो जाते हैं उपचार के नतीजे

नई दिल्ली, एजेंसी

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के विशेषज्ञों ने कहा है कि स्पष्ट नैदानिक दिशा-निर्देशों के बावजूद, भार त में पार्किंसंस रोग के कई रोगियों को डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) के लिए बहुत देर से रेफर किया जाता है, जिससे इस प्रक्रिया के संभावित लाभ सीमित हो जाते हैं।

डीबीएस पार्किंसंस की बीमारी के इलाज के लिए एक सुस्थापित शल्य चिकित्सा पद्धति है। इसकी सिफारिश सावधानीपूर्वक चयनित उन रोगियों के लिए की जाती है जो लेवोडोपा, जो इस बीमारी के प्रबंधन के लिए सबसे प्रभावी दवा है, के प्रति खराब प्रतिक्रिया देते हैं। अनुकूलित चिकित्सा उपचार के बावजूद उतार-चढ़ाव और डिस्किनेसिया जैसी अक्षम करने वाली मोटर जटिलताएं विकसित होती हैं और साथ ही अप्रत्याशित ऑन-ऑफ अवधि संबंधी विकार पैदा होते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक ऑन अवधि वह समय है जब दवा से पार्किंसंस के लक्षण अच्छी तरह से नियंत्रित होते हैं, जबकि ऑफ अवधि वह समय है जब दवा का असर खत्म हो जाता है और लक्षण (जैसे अकड़न, कंपन और सुस्ती) फिर से प्रकट हो जाते हैं। दिल्ली स्थित एम्स में न्यूरोसर्जरी और गामा नाइफ विभाग के अध्यक्ष डॉ. पी. शरत चंद्र ने विश्व पार्किंसंस दिवस पर बताया कि डीबीएस से दवा की खुराक कम हो जाती है और डिस्किनेसिया (दवा के कारण शरीर में होने वाली असामान्य हरकतें), मतिभ्रम, मतली और निम्न रक्तचाप जैसी जटिलताओं से बचाव होता है। इससे कई दवाओं की खुराक कम करने में भी मदद मिलती है। उन्होंने कहा लेकिन वास्तविकता यह है कि रेफरल करने की परिपाटी असंगत बनी हुई है।



### मरीजों को बीमारी के लक्षण विकसित होने के पूर्व करें रेफर

डॉ. शरत चंद्र ने कहा कि भारत में कई मरीजों को बीमारी के लक्षण विकसित होने के बाद रेफर किया जाता है, खासतौर पर जब चलने में अकड़न और शारीरिक अस्थिरता जैसे अक्षीय लक्षण पहले ही प्रकट हो चुके होते हैं, जो कि डीबीएस के प्रति खराब प्रतिक्रिया देने वाले लक्षण माने जाते हैं। इस देरी का एक प्रमुख कारण डीबीएस को अंतिम उपाय चिकित्सा के रूप में व्यापक रूप से देखा जाना है, न कि एक ऐसे हस्तक्षेप के रूप में जिसे मोटर संबंधी जटिलताएं शुरू होने के दौरान लेकिन अपरिवर्तनीय दिव्यांगता होने से पहले शुरू करना सबसे अच्छा होता है।

## बांग्लादेश में खसरे से अब तक 145 बच्चों की गई जान

**सिलहट।** बांग्लादेश में खसरे के बढ़ते प्रकोप के बीच पिछले 24 घंटों के भीतर ढाका और सिलहट में दो और बच्चों की मौत हो गई है, जिससे हताहतों की संख्या में और वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के आंकड़ों के अनुसार, 15 मार्च से अब तक खसरे जैसे लक्षणों के कारण कुल 145 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें से 24 मौतों की पुष्टि आधिकारिक तौर पर खसरे से होने के रूप में हुई है। पिछले 24 घंटों के दौरान अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या में भारी उछाल देखा गया है।



> तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी महज एक नंबर है और वह किसी भी क्रम पर उतरने के लिये तैयार हैं। मैं पिछले साल पांचवें छठे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहा था। आखिर में तो लक्ष्य मैच जीतना होता है। प्रबंधन ने मुझ पर भरोसा करके ऊपर भेजा है।
>
> -ध्रुव जुरेल


# स्टेडियम

मुरादाबाद, रविवार, 12 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

## आज के मुकाबले

लखनऊ सुपर जाएंट्स
बनाम
गुजरात टाइटंस

समय - दोपहर 3:30 बजे

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
बनाम
मुंबई इंडियंस

समय - शाम 7:30 बजे

# अय्यर के धमाल से पंजाब किंग्स ने सनराइजर्स को छह विकेट से हराया

## आईपीएल-2026 : अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड की शतकीय भागीदारी गई बेकार



शॉट लगाते पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर। एजेंसी

मुल्लांपुर, एजेंसी

पंजाब किंग्स ने कप्तान श्रेयस अय्यर की 33 गेंद में 69 रन की नाबाद पारी से शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को छह विकेट से हराकर अपनी तीसरी जीत दर्ज की।

सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य (57 रन) और प्रभसिमरन सिंह (51 रन) की पारियों के बाद 'प्लेयर ऑफ द मैच' अय्यर ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम को दबाव में नहीं आने दिया। उनकी पारी में पांच छक्के और इतने ही चौके जड़े थे। इससे टीम ने 18.5 ओवर में चार विकेट पर 223 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

सनराइजर्स हैदराबाद ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (74 रन) के अर्धशतक और ट्रेविस हेड के साथ पहले विकेट के लिए 50 गेंद में 120 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 219 रन का स्कोर खड़ा किया।

सनराइजर्स हैदराबाद के बाएं हाथ के कलाई स्पिनर शिवांग कुमार ने पंजाब किंग्स के शुरूआती तीनों विकेट अपनी झोली में डाले लेकिन पंजाब किंग्स को जीत दर्ज करने से नहीं रोक सके। यह हैदराबाद की लगातार दूसरी हार है। प्रियांश (पांच चौके, पांच छक्के) और प्रभसिमरन (चार चौके, चार छक्के) ने मिलकर पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 93 रन जोड़े। सातवें ओवर में प्रियांश की पारी खत्म हुई। प्रियांश ने शिवांग की पहली ही गेंद पर डीप मिड विकेट के ऊपर से स्वीप शॉट लगाते हुए छक्का जड़ा, लेकिन जब उन्होंने लगातार दूसरी गेंद पर भी ऐसा ही करने की कोशिश की, तो गेंद सीधे क्षेत्ररक्षक के हाथों में समां गई। इस तरह दोनों के बीच 6.2 ओवर में पहले विकेट के लिए 99 रन की भागीदारी का अंत भी हुआ। प्रभसिमरन ने फिर नौंवे ओवर में शिवांग की गेंद पर चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। पर अगली ही गेंद पर शिवांग की गुगली पर हेनरिक क्लासेन को कैच दे बैठे। ऑफ स्टंप के बाहर फुल लेंथ गेंद को प्रभसिमरन ने आगे बढ़कर हवा में खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद बल्ले के निचले हिस्से पर लगी और लांग ऑफ पर क्लासेन ने आगे की ओर डाइव लगाते हुए एक बेहतरीन कैच लपक लिया।

शिवांग (33 रन देकर तीन विकेट) के दो झटकों से सनराइजर्स हैदराबाद को वापसी की उम्मीद जगी। फिर इसी गेंदबाज ने 11वें ओवर में कूपर कोनोली (11 रन) की पारी का अंत किया। कोनोली ने पहली गेंद पर डीप मिडविकेट पर चौका लगाया लेकिन अगली ही गेंद को मिसटाइम करके आउट हो गए जिससे स्कोर तीन विकेट पर 128 रन था। इसके बाद कप्तान अय्यर ने कमाल की पारी खेली, उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर 24 गेंद में अर्धशतक जड़ा और यही दबदबा जारी रखा। 15 ओवर में पंजाब का स्कोर तीन विकेट पर 179 रन था और उसे जीत के लिए 30 गेंद में 41 रन बनाने थे। अय्यर ने 16वें ओवर में ईशान मलिंगा पर डीप कवर पर एक चौका तथा काउ कॉर्नर और डीप मिडविकेट पर दो छक्के जड़ दिए।

**सनराइजर्स हैदराबाद**

**219/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा का अर्शदीप बो शशांक | 74 |
| ट्रेविस हेड का बार्टलेट बो शशांक | 38 |
| ईशान किशन का यानसेन बो अर्शदीप | 27 |
| हेनरिक क्लासेन का कोनोली बो बार्टलेट | 39 |
| अनिकेत वर्मा रन आउट | 18 |
| सलिल अरोड़ा का बार्टलेट बो अर्शदीप | 09 |
| नीतिश कुमार रेड्डी नाबाद | 00 |
| हर्ष दुबे नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : 13, **गेंदबाजी** : अर्शदीप 4-0-50-2, बार्टलेट 4-0-42-1, यानसेन 4-0-40-0, विशाक 2-0-33-0, शशांक 3-0-20-2, चहल 3-0-33-0

**पंजाब किंग्स**

**223/4** (18.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का रेड्डी बो शिवांग | 57 |
| प्रभसिमरन सिंह का क्लासेन बो शिवांग | 51 |
| कूपर कोनोली का वर्मा बो शिवांग | 11 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 69 |
| नेहाल वढेरा बो हर्ष दुबे | 14 |
| शशांक सिंह नाबाद | 16 |

**अतिरिक्त** : 05, **गेंदबाजी** : हर्ष दुबे 4-0-38-1, उनादकट 3-0-40-0, मलिंगा 3-0-46-0, हर्षल पटेल 2-0-39-0, शिवांग कुमार 4-0-33-3, नीतिश कुमार रेड्डी 2-0-20-0, अभिषेक शर्मा 0.5-0-7-0

## अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 4 | 4 | 0 | 0 | 8 | 2.055 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 4 | 3 | 0 | 1 | 7 | 0.720 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 1.231 |
| 4. | दिल्ली कैपिटल्स | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 0.811 |
| 5. | लखनऊ सुपर जाइटंस | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | -0.359 |
| 6. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -0.024 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.270 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.715 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 4 | 0 | 3 | 1 | 1 | -1.315 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -2.517 |

### ऑरेंज कैप



वैभव सूर्यवंशी
राजस्थान - 200 रन
हेनरिक क्लासेन
हैदराबाद- 184 रन
यशस्वी जायसवाल
राजस्थान-183 रन

### पर्पल कैप



रवि बिश्नोई
राजस्थान- 9 विकेट
प्रसिद्ध कृष्णा
गुजरात - 6 विकेट
राशिद खान
गुजरात- 5 विकेट

## वैभव सूर्यवंशी पंद्रह बरस की उम्र में काफी परिपक्व हैं : भुवनेश्वर

गुवाहाटी, एजेंसी : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि वैभव सूर्यवंशी की उम्र भले ही 15 साल हो लेकिन वह काफी परिपक्वता और स्पष्टता के साथ बल्लेबाजी करते हैं। सूर्यवंशी ने आरसीबी के खिलाफ 26 गेंद में 78 रन बनाकर राजस्थान रॉयल्स को छह विकेट से जीत दिलाई। भुवनेश्वर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा जिस तरह से वह शॉट्स खेलता है, वह बाकायदा क्रिकेट शॉट होते हैं। 15 वर्ष की उम्र में वह काफी परिपक्व है। जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहा है, हमें उसे इसका श्रेय देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आरसीबी कभी भी पूरी तरह से दबाव में नहीं थी। उन्होंने कहा यह टी20 मैच है। वह युवा है और अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है। वह परिपक्वता से बल्लेबाजी कर रहा है लेकिन हमें कभी भी यह नहीं लगा कि हम पर पूरी तरह से दबाव बन गया है।

### विराट कोहली का संदेश- प्रिय वैभव बेहतरीन प्रदर्शन

गुवाहाटी। एक युवा क्रिकेटर के लि, सुपरस्टार विराट कोहली से मिली प्रशंसा किसी वरदान से कम नहीं है और आईपीएल में एक और शानदार प्रदर्शन करने वाले वैभव सूर्यवंशी को यह मौका मिला। पंद्रह वर्ष के सूर्यवंशी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ 26 गेंद में 78 रन बनाकर राजस्थान रॉयल्स को छह विकेट से जीत दिलाई। मैच के बाद कोहली ने वैभव की कैप पर हस्ताक्षर करके खास संदेश लिखा प्रिय वैभव, शानदार प्रदर्शन। इस पारी से सूर्यवंशी आरेंज कैप भी पहन चुके हैं।

## हाईलाइट

### निशानेबाज सैन्यम का विश्व कप में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

नई दिल्ली। भारतीय निशानेबाज सैन्यम ने आईएसएसएफ विश्व कप के एक चरण में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्पेन के ग्रेनाडा में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में पांचवां स्थान हासिल किया। जूनियर विश्व और एशियन चैंपियन रह चुकी सैन्यम ने फाइनल में 178.9 का स्कोर किया। एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक भी फाइनल में पहुंचीं और सातवें स्थान पर रहीं। 24 शॉट के फाइनल में 14वें शॉट के बाद 137.9 के स्कोर के साथ वह प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। चीन की शेन यियाओ ने 244.2 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। सैन्यम ने क्वालीफिकेशन दौर में 582 का स्कोर किया और 83 निशानेबाजों के बीच तीसरा स्थान हासिल किया।

### एशियाई युवा टेबल टेनिस में भारतीयों ने जीते 13 स्वर्ण पदक

शिमला। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने शनिवार को यहां दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अलग-अलग वर्ग में 13 स्वर्ण पदक जीतकर अपना क्षेत्रीय दबदबा साबित कर दिया। यह टूर्नामेंट एशियाई युवा चैंपियनशिप के लिए क्वालीफायर भी है। भारत के प्रियनुज भट्टाचार्य ने अंडर-19 लड़कों के एकल फाइनल में हमवतन पुनीत बिस्वास को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। युगल में एमआर बालमुरुगन और मेहान सेंथिल ने पहले गेम में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बांग्लादेश के अबुल हसीब और नफीज इकबाल को हराकर खिताब अपने नाम किया। अंडर-15 लड़कों के वर्ग में आदित्य दास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में हमवतन खिलाड़ी अक्षय किरिकारा को हराया।

### एफआईए इंटरनेशनल कार्ट महिला रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची अतिका

लोनाटो (इटली)। भारतीय रेसिंग की युवा सनसनी अतिका मीर एफआईए इंटरनेशनल कार्ट रैंकिंग में महिला वर्ग में अपनी श्रेणी में शीर्ष पर पहुंच गई हैं। अतिका मोटरस्पोर्ट की विश्व संस्था एफआईए की विश्व रैंकिंग में महिला रेसर में पहले स्थान पर हैं। यह 11 वर्षीय खिलाड़ी इंटरनेशनल ओके-एनजे वर्ग (12-14 वर्ष आयु वर्ग) में पुरुष और महिला दोनों वर्ग को मिलाकर कुल सातवें स्थान पर है।

# लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए घरेलू रिकॉर्ड चिंता का विषय

- गुजरात के खिलाफ लय पाने की करेगा कोशिश
- मुकुल चौधरी की बल्लेबाजी पर रहेगी नजर

लखनऊ, एजेंसी

लखनऊ सुपर जाएंट्स को मुकुल चौधरी के रूप में एक नया स्टार मिल गया है, लेकिन आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को होने वाले मुकाबले से पहले उसके लिए घरेलू मैदान पर खराब रिकॉर्ड बड़ी चिंता का विषय बना हुआ है।

एलएसजी और गुजरात टाइटंस ने अपने पिछले दोनों मैच जीते हैं, जिससे उनका मनोबल बढ़ा होगा। गुजरात ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ एक रन की रोमांचक जीत दर्ज की थी जिससे उसने अपना खाता भी खोला। एलएसजी ने सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उनके मैदानों पर प्रभावशाली जीत दर्ज की। हालांकि एलएसजी एकाना में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया है। उसे अगर इसे अपना मजबूत गढ़ बनाना है तो खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

## अपने गढ़ में आरसीबी के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेगी मुंबई



मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या (बाएं) और कोच महेला जयवर्धने।

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग में अपने अभियान की धीमी शुरुआत के बाद मुंबई इंडियंस रविवार को वानखेड़े स्टेडियम पर गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से खेलेगी तो उसका लक्ष्य अपने गढ़ में जीत की राह पर लौटने का होगा। तेरह सत्र में पहली बार मुंबई ने आईपीएल में जीत के साथ शुरुआत करते हुए दो सप्ताह पहले यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को छह विकेट से हराया। पांच बार की चैम्पियन टीम हालांकि उसके बाद लय कायम नहीं रख सके और दूसरे मैदान पर दोनों मैच बड़े अंतर से हारने के बाद अब खराब रन रेट (माइनस 0 .715) के साथ आठवें स्थान पर है।

# सैमसन के नाम आईपीएल सत्र का पहला शतक

- चेन्नई ने दिल्ली कैपिटल्स को दिया 213 रनों का लक्ष्य

चेन्नई, एजेंसी

विश्व कप स्टार संजू सैमसन (नाबाद 115) के आतिशी शतक से चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शनिवार को आईपीएल मुकाबले में दो विकेट पर 212 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। सैमसन ने 56 गेंदों की अपनी शतकीय पारी में 15 चौके और चार छक्के मारे।

यह आईपीएल में इस सत्र का पहला और संजू का कुल चौथा शतक है। उन्होंने आयुष म्हात्रे के साथ दूसरे विकेट के लिए 68 गेंदों में 113 रन की साझेदारी की। म्हात्रे 36 गेंदों में 50 रन बनाकर रिटायर्ड आउट हुए। म्हात्रे ने अपनी पारी में तीन चौके और चार छक्के लगाए। शिवम दुबे 10 गेंदों में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 20 रन बनाकर नाबाद रहे।कप्तान रुतुराज गायकवाड़ 15 रन बनाकर आउट हुए। चेन्नई के बहुत से लोग दो चीज़ों के दीवाने हो जाते हैं - सीएसके और रजनीकांत। तो, कोई गलती न करें, संजू सैमसन ने आज बहुत सारे नए फ़ैन कमाए होंगे। सिर्फ़ अपनी सेंचुरी के लिए ही नहीं, बल्कि लैंडमार्क तक पहुँचने के बाद पदयप्पा सैल्यूट सेलिब्रेशन के लिए भी।

बैटिंग के लिए बुलाई गई सीएसके के ओपनर्स ने पावरप्ले में टिके रहे और 61 रन बनाए, जिसमें सैमसन ने ज़्यादातर रन बनाए। जहाँ रुतुराज गायकवाड़ पावरप्ले के बाद पहले ओवर में 18 गेंदों में 15 रन बनाकर आउट हो गए, वहीं सैमसन और आयुष म्हात्रे ने अच्छी पेस से बैटिंग की। युवा म्हात्रे को कुछ लाइफ़ रिप्रिव मिले और सैमसन का भी 52 रन पर कैच छूट गया। यह महंगा साबित हुआ क्योंकि दोनों ने 113 रन की पार्टनरशिप की। लुंगी एनगिडी ने शानदार 17वां ओवर फेंका और फिर नटराजन ने अगले ओवर में यॉर्कर डालना शुरू कर दिया। तभी सीएसके ने आयुष को 59 रन पर रिटायर करने का फ़ैसला किया और दुबे को अंदर बुलाया। सैमसन ने 52 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया और फिर दुबे ने जब भी गेंद उनके स्लॉट में आई, कुछ बाउंड्री लगाईं।



शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते संजू सैमसन। एजेंसी

**चेन्नई सुपरकिंग्स**

**212/2** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन नाबाद | 115 |
| रुतुराज का निसंका बो अक्षर | 15 |
| आयुष म्हात्रे रिटायर्ड आउट | 59 |
| शिवम दुबे नाबाद | 20 |

**अतिरिक्त** : 03, **गेंदबाजी** : नबी 2-0-17-0, मुकेश 4-0-37-0, अक्षर 4-0-39-1, नटराजन 4-0-54-0, एनगिड़ी 4-0-41-0, कुलदीप 2-0-24-0

**बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप**

**विश्व नंबर एक व गत चैंपियन कुनलावत वितिदसर्न को तीन गेमों में दी शिकस्त**

# एक और उलटफेर के सहारे आयुष शेट्टी फाइनल में

निंगबो, एजेंसी

भारत के आयुष शेट्टी ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और गत चैंपियन कुनलावत वितिदसर्न को शनिवार को तीन गेम के मुकाबले में हराकर बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी आयुष ने पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता और 2023 विश्व चैंपियन वितिदसर्न पर 10-21, 21-19, 21-17 से जीत दर्ज की।

वह दिनेश खन्ना के बाद इस टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए। खन्ना ने 1965 में पुरुष एकल स्वर्ण जीता था। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने 2023 में खिताब जीता था। अमेरिकी ओपन सुपर 300 चैंपियन आयुष का सामना अब दूसरी वरीयता प्राप्त चीन के शि यू की से होगा।

भारत के पूर्व मुख्य कोच और 'सेंटर फॉर बैडमिंटन एक्सीलेंस' के निदेशक विमल कुमार ने पीटीआई को बताया, ''आयुष ने स्थिति को अच्छी तरह से संभाला। ऐसा लगा कि उन्होंने अपनी आक्रामक शैली से कुनलावत के दिमाग पर दबाव बनाया और इसका चतुराई से फायदा उठाया। उन्होंने कहा, ''दूसरा गेम जीतना बहुत अहम था। 20-14 के स्कोर पर आयुष शेट्टी पूरी तरह से नियंत्रण में लग रहे थे, लेकिन जब वितिदसर्न ने वापसी करते हुए स्कोर 20-19 कर दिया, तो वह थोड़े चिंतित हो गए। ठीक उसी समय उन्होंने कुछ विशेष किया, जिससे वह गेम अपने नाम करने में कामयाब रहे। कुमार ने कहा'पूरे हफ्ते उन्होंने मुश्किल पलों में सही रणनीति अपनाते हुए और अपने स्मैश का समझदारी से इस्तेमाल करते हुए शानदार वापसी करने की अपनी काबिलियत दिखाई है। उनका यही अनुशासन उन्हें सफलता दिलाने में मददगार साबित हुआ।भारतीय खिलाड़ी ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर कई बड़े नामों को हराया है, जिनमें पेरिस कांस्य पदक विजेता ली ज़ी जिया, पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू और ब्रायन यांग शामिल हैं। इस सप्ताह आयुष ने विश्व नंबर सात ली शी फेंग और विश्व नंबर चार जोनाथन क्रिस्टी को हराने के बाद वितिदसर्न को मात दी।



### सेमीफाइनल तक एक भी गेम नहीं गंवाया था शेट्टी ने

आयुष ने सेमीफाइनल तक के सफर में एक भी गेम नहीं गंवाया था, जबकि वितिदसर्न ने उन्हें आर्कटिक ओपन में पिछले साल सीधे गेम में हराया था। वितिदसर्न ने शुरुआत में 4-0 की बढ़त बना ली। ब्रेक के समय स्कोर 11-5 था और पहला गेम उन्होंने आसानी से जीत लिया। दूसरे गेम में आयुष ने दमदार वापसी की और कूदकर स्मैश लगाते हुए 3-1 की बढ़त बनाई। यह जल्दी ही 7-1 की हो गई, क्योंकि वितिदसर्न ने कई सहज गलतियां कीं। ब्रेक के समय स्कोर 11-4 था। आयुष ने बीच में कुछ गलतियां कीं, जिससे वितिदसर्न ने 13-11 से वापसी की।

# अंकिता की हार से भारत की विश्व ग्रुप प्लेऑफ की उम्मीदें खत्म

**बिली जीन किंग कप**

नई दिल्ली, एजेंसी

अंकिता रैना की शनिवार को यहां दक्षिण कोरिया की डेयोन बैक के हाथों सीधे सेटों में हार के साथ ही भारत की बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के विश्व ग्रुप के प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें खत्म हो गई।

भारतीय टीम दिन की शुरुआत में तालिका में चौथे स्थान पर थी और उसे शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए कोरिया पर 3-0 से जीत की जरूरत थी। कप्तान विशाल उप्पल ने इस महत्वपूर्ण मुकाबले की शुरुआत के लिए सबसे अनुभवी खिलाड़ी अंकिता को चुना, लेकिन डेयोन बैक ने यह मुकाबला जीत कर भारत की उम्मीद पर पानी फेर दिया। विश्व में 581वीं रैंकिंग की खिलाड़ी 33 वर्षीय अंकिता ने 343वीं रैंकिंग वाली कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ पहला सेट आसानी से गंवा दिया लेकिन दूसरे सेट में उन्होंने कड़ी चुनौती पेश की। आखिर में हालांकि उन्हें एक घंटे 55 मिनट तक चले मैच में 1-6, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। अंकिता ने इस टूर्नामेंट में इससे पहले कोई एकल मैच नहीं खेला था। वह केवल युगल में ही प्रतिस्पर्धा कर रही थीं। भारत अब शेष दो मैच जीतने का प्रयास करेगा।



दक्षिण कोरिया की डेयोन बैक को बधाई देतीं भारत की अंकिता रैना। एजेंसी